# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com सोमवार, 4 अगस्त 2025






INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply

आधार कार्ड पर$ लोन और कैश EMI

Get instant discount up to 10,000# on your credit card EMI HDFC BANK & on select cards#. Powered by pine labs #T&C apply

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or visit us on **www.HeroMotoCorp.com**. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs. Available at select dealerships.T&C apply.

टोल फ्री 1800 266 0018

**अधिकृत डीलर:** भोपाल: साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), बैतूल: खण्डेलवाल हीरो9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, **एसोशिएट डीलर:** आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, 7428492559, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी : गंगोत्री मोटर्स 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साई मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली: श्री वल्लभ मोटर्स 9893501517, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साई मोटर्स 8962460729, 8889415553, जौरा: विजयानंद मोटर्स 9754451762, साजन नगर: न्यू गीतांजलि मोटर्स, 9039593901, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650,51,52,53, **Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler)** गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड : शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

VML.5827.2025HIN

# कलचुरि महासभा के 90वें स्थापना दिवस समारोह में उमड़ा जनसैलाब

- जनप्रतिनिधियों ने कलचुरि समाज की एकता की सराहना की
- 'एक कलार सबके लिए, सब कलार एक के लिए' का गूंजा उद्घोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा के 90वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन रविवार को खुला मंच कार्यशाला व सामाजिक संवाद हुआ। प्रदेश प्रचार सचिव राजेश राय ने बताया कि कार्यक्रम में समाज की एकता और सामूहिक चेतना का भव्य प्रदर्शन देखने को मिला। इस विशेष अवसर पर बड़ी संख्या में समाजबंधु, युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन उपस्थित रहे। समारोह भगवान श्री सहस्त्रबाहु की विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ शुरु हुआ मंच पर कलाकारो द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि कलचुरी समाज



ने सदैव राष्ट्र निर्माण, सेवा, शिक्षा और सामाजिक मूल्यों की रक्षा में अग्रणी भूमिका निभाई है। आज की यह एकता समाज को नई दिशा देगी।

वहीं पूर्व प्रोटेम स्पीकर व हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि कलचुरी समाज संगठित हो रहा है, यह सामाजिक सशक्तिकरण की ओर संकेत है। हमें अपनी संस्कृति और परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना होगा। भाजपा विधायक भगवानदास सबनानी ने कि समाज का यह उत्सव प्रेरणादायक है।

### बैठक में पास हुए दो प्रस्ताव, जनप्रतिनिधियों को सौंपा ज्ञापन

*खुला मंच कार्यशाला में राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में पास हुए दो प्रस्ताव जिसमें जातिगत जनगणना के दौरान जाति कॉलम में कलार, कलाल, कलवार, अहलुवालिया, गौड, नाडार, इंडिगा, इजावा, भंडारी जाति के अंतर्गत आने वाले उपवर्ग जायसवाल, चौकसे, राय, शिवहरे, मालवीय, गुप्ता, महाजन, कटकवार, चौधरी, जैसवाल, टोक, सुहालका, वर्मा, राउत, जैसे करीब 1 हजार उपनाम शामिल है उन्हें जातिगत जनगणना के दौरान उपवर्गों से पूर्व कलचुरि शब्द लिखने व उन सभी को एक कलचुरि समाज के अंतर्गत गणना की जाने व मध्यप्रदेश के प्राचीन धार्मिक नगर महेश्वर को "राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु धाम" घोषित कराने संबंधी प्रस्ताव से संबंधित मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी को सौंपा गया। बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. अनुपम चौकसे, राष्ट्रीय सलाहकार शंकरलाल राय, महासचिव एडवोकेट एमएल राय, प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौकसे, संगठन महासचिव ओपी चौकसे, कार्यालय महासचिव वीरेंद्र 'पप्पू' राय, प्रचार महासचिव हरिराम राय, प्रदेश प्रचार सचिव राजेश राय सहित देशभर से आए प्रतिनिधि उपस्थित थे।*

### चौरसिया समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह



*चौरसिया समाज राम मंदिर समिति ने रविवार को मानस भवन में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर विशेषकर उन सभी युवाओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर समाज का नाम रोशन किया। पहली कक्षा के बच्चों से लेकर वरिष्ठ जनों तक लगभग 1000 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ा दिया। मुख्य अतिथि के रूप मेंसांसद आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय, एवं भाजपा प्रवक्ता नेहा बग्गा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्णकांत चौरसिया ने की, साथ ही समाज के अध्यक्ष रमेश चौरसिया एवं आरके चौरसिया सहित अन्य गणमान्य अतिथि मंच पर उपस्थित रहे।*

# भोपाल जाटव समाज संभागीय समिति की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल जाटव समाज संभागीय समिति मप्र की बैठक रविवार को एक मैरिज गार्डन संपन्न हुई। इसमें मुख्य रूप से समाज के विकास और कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की योजना पर सहमति बनी।

इस दौरान भोपाल संभाग की कार्यकारिणी घोषित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष विकास वीरानी, संभागीय अध्यक्ष नवीन जाटव संभागीय प्रभारी डॉ. संतोष जाटव के नेतृत्व में कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें सीहोर, भोपाल, विदिशा, रायसेन, राजगढ़ से सैकड़ों कि संख्या में लोगों मौजूद थे। इस दौरान महिलाओं को भी आगे लाने का प्रयास करते हुए संभाग को जवाबदारी सौंपी गई, सभी जिलों में समिति बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में समाज सुधार के मुद्दों पर चर्चा करते हुए समाज के लोगों को अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने की बात कही गई।

# मप्र प्रांतीय कुशवाहा समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पेश किया आय-व्यय का ब्यौरा, समाज के चुनाव नवंबर में कराने पर बनी सहमति

**समाज विरोधी कार्य करने वालों का निष्कासन करने का प्रस्ताव किया पास**



**भोपाल।** मप्र प्रांतीय कुशवाहा समाज की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक रविवार को अंजलि कॉम्प्लेक्स स्थित कुशवाह भवन में आयोजित की गई। प्रदेश अध्यक्ष योगेश मान सिंह कुशवाहा ने संगठन द्वारा किए गए कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। प्रांतीय कुशवाहा समाज के संरक्षक नारायण सिंह कुशवाहा ने संगठन द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। कुशवाहा ने बताया कि कि नवंबर में संगठन के चुनाव कराए जाएंगे, इसके लिए चुनाव अधिकारी का चयन किया जाएगा। इसके साथ ही कुशवाहा भवन के मामले में समाज विरोधी कार्य करने वालों का निष्कासन करने का प्रस्ताव पास किया गया। अध्यक्ष योगेश मानसिंह कुशवाहा ने कहा कि जल्द ही कुशवाहा भवन में छात्रों के लिए हॉस्टल की सुविधा शुरू की जाएगी। प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील कुशवाहा ने संगठन के आय-व्यय का लेखा जोखा सामने रखा। प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह कुशवाहा ने बताया कि संगठन के चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके लिए सदस्यता अभियान शुरू किया गया है।

## खबर संक्षेप

### जयप्रकाश अस्पताल में कर्मचारियों ने किया पौधरोपण का आयोजन



**भोपाल।** रविवार को जेपी अस्पताल में मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एसबी सिंह के नेतृत्व में सघ के पदाधिकारियों और कमचारियों ने पौधरोपण कर अस्पताल को हरा भरा करने का संकलप लिया। एसबी सिंह ने बताया कि राजधानी के मॉडल अस्पताल जेपी में चारों ओर हरियाली होने के साथ पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन के उद्देयश्य से प्रतिवर्ष संघ द्वारा पौधारोपण किया जाता है। अस्पताल में पर्यावरण बढ़ने से मरीजों के स्वास्थ्य में जल्दी सुधार होगा। सिंह ने बताया कि संघ के पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश के सभी अस्पतालों में पौधारोपण किया जा रहा है।

### स्कॉलरशिप के लिए 31 अक्टूबर तक कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**भोपाल।** सेंट्रल सेक्टर स्कॉलरशिप के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 अक्टूबर कर दी गई है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं माध्यमिक शिक्षा मंडल, मप्र भोपाल के माध्यम से महाविद्यालयीन एवं विश्वविद्यालयीन विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम ऑफ स्कॉलरशिप फॉर कॉलेज एंड यूनिवर्सिटीज स्टूडेंट की नवीन एवं नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया 2 जून से शुरू हो गई है। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल की हायर सेकेंडरी परीक्षा वर्ष 2025 में 80 प्रतिशत से अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी नई छात्रवृत्ति एवं वर्ष 2021 से 2024 तक के चयनित विद्यार्थी नवीनीकरण छात्रवृत्ति के लिए नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## विशेष संयोग के कारण बढ़ा आज के दिन का महत्व, शिवालयों में दिन भर गूंजेंगे ऊं नम: शिवाय के मंत्र, भक्तों की उमड़ेगी भीड़

# सावन का अंतिम सोमवार आज: ब्रह्म योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, इंद्र योग और रवि योग का रहेगा शुभ महासंयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सावन के चौथे और आखिरी सोमवार पर विशेष योग बन रहा है। जिसकी वजह से सोमवार का महत्व बढ़ गया है। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि सावन के आखिरी सोमवार पर ब्रह्म योग, इंद्र योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग देखने को मिल रहा है। इसमें सर्वार्थ सिद्धि योग सुबह में 05:44 से सुबह 09:12 तक रहेगा, वहीं रवि योग पूरे दिन रहेगा। ब्रह्म योग प्रातःकाल से लेकर सुबह 07:05 तक रहेगा, उसके बाद से इंद्र योग बनेगा, जो पूरे दिन रहेगा। इसके अलावा अनुराधा नक्षत्र प्रातःकाल से लेकर सुबह 09:12 तक है, उसके बाद से ज्येष्ठा नक्षत्र लग जाएगा। तो वहीं सावन शुक्ल दशमी तिथि सुबह 11:41 तक रहेगी, उसके बाद से एकादशी तिथि लग जाएगी। वहीं, इस तिथि का समापन 5 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 12 मिनट पर होगा। उदयातिथि के चलते पुत्रदा एकादशी व्रत 5 अगस्त को किया जाएगा।

### शिव और गौरा के लिए हिंडोलना भी डाले जा रहे

*इस अवसर पर शिवालयों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। कई मंदिरों में भगवान शिव और गौरा के लिए हिंडोलना भी डाले जा रहे हैं। भगवान शिव और मां पार्वती युगल स्वरूप में विराजमान होकर श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। वहीं शिवालयों में भोलेनाथ का पंचामृत के साथ रुद्राभिषेक होगा। भोजपुर, गुफा, नेवरी और बिड़ला मंदिर में मेले सा नजारा रहेगा। महादेव मंदिर में कांवड़ियों द्वारा नर्मदा जल से अभिषेक किया जाएगा।*





### गर्भगृह में बने नील सरोवर में नौका विहार करेंगे बटेश्वर

*श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण मास के चौथे व अंतिम सोमवार के अवसर पर हरित श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान फूल- पत्तियों का बगीचा बनाकर बाबा बटेश्वर को नील सरोवर में नौका-विहार कराया जाएगा। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रातःकाल नियमित एवं श्रावण मास में संकल्पित श्रद्धालुओं द्वारा रुद्राभिषेक, विभिन्न प्रकार की जड़ी बूटी एवं अन्य द्रव्यों से बाबा बटेश्वर का अभिषेक के बाद पूजा आरती होगी। सांयकाल पूरे मंदिर को फूल-पत्तियों से बगीचे के रूप में सजाया जाएगा। गर्भगृह को नीलसरोवर का स्वरूप देकर माता गोरा एवं बाबा बटेश्वर को नाव में विराजमान कर नौका विहार कराया जाएगा। तो वहीं रात 9 बजे महाआरती, दर्शन एवं भजन संध्या का कार्यक्रम होगा।*

### शीतला माता मंदिर में तीन दिनों में बने सवा लाख पार्थिव शिवलिंग दूध, दही, शहद से किया अभिषेक



शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर प्रांगण टीला जमालपुरा पर तीन दिवसीय सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक किया गया। पंडित श्रीहरि जोशी ने बताया कि समापन अवसर पर वैदिक विधि अनुसार पूजन, अभिषेक व आरती कराई गई। रविवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए महिलाओं की भागीदारी ज्यादा रही। ऊं नमः शिवाय मंत्रोच्चार के साथ दूध व दही से अभिषेक किया गया। इस दौरान रुद्राक्ष वितरण, शिव चालीसा का वितरण कर महा प्रसादी वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद आलोक शर्मा व कार्यक्रम के संयोजक पार्षद मनोज राठौर सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

### बाबा मुक्तेश्वर महाकाल के दूल्हे स्वरूप का दिव्य श्रृंगार

*छोला विश्राम घाट स्थित मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में श्रावण सोमवार महोत्सव के उपलक्ष्य में बाबा मुक्तेश्वर महाकाल का दूल्हा स्वरूप दिव्य श्रृंगार किया जायेगा। शिव श्रृंगार उत्सव समिति के संयोजक आशुतोष पुरोहित ने बताया कि शाम पांच बजे राजाधिराज मुक्तेश्वर महाकाल की सवारी निकलेगी।*

### राष्ट्र हित में सामूहिक रुद्राभिषेक किया जाएगा

*दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर भोपाल में सावन मास के अंतिम सोमवार को प्रदोष काल में सांय 5 बजे से सामूहिक रुद्राभिषेक आयोजन सभी के मंगल कामना राष्ट्र हित में किया जाएगा।*

### ऐसे करें भगवान शंकर की विशेष पूजा

*पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि सावन के अंतिम सोमवार को शिवालय में जल चढ़ाकर, पूजा-पाठ, रुद्राभिषेक होगा। चंदन, फूल, धतूरा बेलपत्र, कपूर, शुद्ध घी का दीपक के साथ भोलेनाथ की पूजा एवं दान-पुण्य भक्तों द्वारा होगा। ऊं नमः शिवाय का जाप दिनभर चलेगा। शिवालयों में प्रातःकाल से लेकर मध्य रात्रि तक भक्तों की भीड़ उमड़ेगी, जगह-जगह मेले लगेंगे। भगवान भोलेनाथ सभी की मनोकामना पूर्ण करेंगे।*

### महाकाल की तर्ज पर मणिमहेश रूप में निकाली शाही सवारी



मां अंबे सरकार जनता कॉलोनी में रविवार को विशाल पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया गया। कथावाचक शशांक शेखर महाराज ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण के प्रताप का वर्णन किया। इस मौके पर महाकाल रूपी शिवलिंग का षोडशोपचार विधि से पूजन के बाद महाआरती की गई। इसके बाद बाबा महाकाल की तर्ज पर मणिमहेश रूप में पालकी पर सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले। समिति के डमरू दल ने बाबा के मनमोहक सवारी को और भी आकर्षक बना दिया।



## अपने भक्तों के प्रति सर्वाधिक दयालु हैं भगवान शिव: आशीष महाराज

**हवन-पूजन और भंडारा के साथ हुआ श्रीशिव महापुराण कथा का समापन**



भगवान शिव अपने भक्तों के प्रति सर्वाधिक दयालु हैं। वे भक्तों की सभी मुरादे पूरी करते है। उनकी कृपा सभी लोगों पर रहती है। भगवान शिव सृष्टि के संतुलन को बनाए रखने का कार्य करते हैं, लेकिन अपने भक्तों के लिए उनके हृदय में हमेशा वत्सल प्रेम रहता है। यह प्रवचन रविवार को आईटी पार्क जेल रोड में आयोजित श्रीशिव महापुराण कथा के समापन अवसर पर श्री धाम वृदांवन से पधारे आचार्य आशीष महाराज ने व्यक्त किए। आशीष महाराज ने शिव महिमा का महत्व बताते हुए कहा कि बाबा भालेनाथ अपने भक्तों के सभी कष्ट हरने के साथ उनकी हर मनोकामनाएं पूर्ण करते है। आईटी पार्क में आठ दिवसीय श्रीशिव महापुराण महाकथा का रविवार को पूणार्हुति के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर हवन पूजन के बाद भंडारा आयोजित कर श्रद्धालुओं में महाप्रसाद वितरित किया गया।

### शिव महिमा का श्रवण करने भक्तों की रही भीड़

*कथा के मुख्य यजमान पूरन चौरसिया ने बताया कि सावन माह के अवसर पर कलश यात्रा के साथ शुरू हुई श्रीशिव महापुराण और पार्थिव शिवलिंग निर्माण में भक्तों का अभूतपूर्व उत्साह देखा गया। शिव महिमा का श्रवण करने रोजाना बड़ी संख्या में भीड़ आयोजन स्थल पर उमड़ी। इस दौरान शिव पार्वती विवाह, कार्तिकेय जन्म, तारकासुर वध, श्री गणेश जन्मोत्सव, देव दानव संग्राम, भद्रकाली प्राकट्य, जलंधर उत्पत्ति एवम वध, द्वादिश ज्योतिर्लिंग वर्णन और पंचाक्षर मंत्र का महात्म का बहुत ही सुंदर वर्णन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में चौरसिया समाज के सभी सदस्यों ने अपना पूर्ण सहयोग दिया।*

## स्वदेशी, सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान की जानकारी दी

# स्वदेशी जागरण मंच 8 और 10 अगस्त को जलाएगा विदेशी वस्तुओं की होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच 8 और 10 अगस्त को विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो दिवस मनाएगा। विदेशी वस्तुओं की होली जलेगी। इसके साथ ही देश में उद्यमिता को प्रोत्साहन देने 21 सितंबर (विश्व उद्यमिता दिवस) से 21 अक्टूबर तक उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन आयोजित करेगा। यह जानकारी स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय संघठक कश्मीरीलाल ने दी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा की स्वदेशी ही भारत की आर्थिक समृद्धि का एकमात्र उपाय है। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, प्रोत्साहन एवं उनको

**भारतीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा**



बढ़ावा देने से स्थानीय एवं भारत की कंपनियां बढ़ेंगी, रोजगार बढ़ेगा एवं अमेरिका, चाइना, तुर्की जैसे देशों की दादागिरी भी कम होगी।

### स्वदेशी और स्वावलंबन ही उपाय

*कश्मीरीलाल ने कहा कि वर्तमान आर्थिक परिदृश्य में जहां संपूर्ण विश्व के देश अपने-अपने व्यापारिक हितों को साधने में लगे हैं, वहां भारत की समृद्धि के लिए स्वदेशी और स्वावलंबन ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने स्वदेशी जागरण मंच द्वारा चलाए जा रहे स्वदेशी, सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान की भी जानकारी दी। इस दौरान प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधोलिया, क्षेत्रीय संयोजक सुधीर दाते, क्षेत्रीय संघठक केशव दुबोलिया, जितेन्द्र गुप्त आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।*

# हरियाली उत्सव में ली पर्यावरण संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल




मां नर्मदा मंदिर तुलसी नगर के सांस्कृतिक भवन में हरियाली उत्सव धूमधाम से मनाया गया। हरियाली उत्सव में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री पीसी शर्मा के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। अध्यक्ष सुशील बिल्लौरे ने बताया हरियाली उत्सव में सभी बहनों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। सावन मेला, झूले, सेल्फी प्वाइंट, रील प्वाइंट का आनंद लिया। इस अवसर पर श्रीमती हरियाली का चुनाव हुआ। श्रीमती हरियाली हिमानी गार्गव चुनी गई। दीपाली भारद्वाज द्वितीय, नेहा उपरीत तृतीय विजेता है। दर्शकों द्वारा चयनित विशेष हरियाली रही विभा पाराशर। कार्यक्रम की सरिता पारे, संगीता पाराशर द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन ममता जोशी ने किया।

भोपाल
सोमवार, 4 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष–10
वर्ष : 12, अंक : 125
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

**मौसम**
अधि. 29
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

जन धन योजना ने रचा इतिहास

## गरीबों के बैंक खाते 55 करोड़ के पार



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत गरीबों के बैंक खातों की संख्या 55 करोड़ के आंकड़े को पार कर गई है, जिनमें से अधिकतर ऐसे लोगों के हैं, जो कभी बैंक के दरवाजे तक भी नहीं गए। एक्स पर एक पोस्ट में, वित्त मंत्री ने कहा कि इस योजना के 10 साल पूरे होने और इन खातों के लिए केवाईसी अनिवार्य होने के साथ, मैंने बैंकों से आग्रह किया है कि वे सक्रिय रूप से शेष पेज 4 पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस और रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में उज्जैन से वर्चुअली शामिल

# जबलपुर-रायपुर और रीवा-पुणे ट्रेन शुरू होने से मप्र के पर्यटन और अर्थव्यवस्था को मिलेगा बल

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नया भारत विश्व में अपनी अलग पहचान बना रहा है। भावनगर से अयोध्या नई एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत अत्यंत सुखद है। इससे भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के साथ संबंध का स्मरण भी हो रहा है। प्रभु श्रीराम और श्रीकृष्ण से ही दुनियाभर में भारत की पहचान बनी हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में रेलवे नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर-रायपुर शेष पेज 4 पर

भारतीय रेलवे गढ़ रहा नए-नए कीर्तिमान



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मुख्यमंत्री के सहयोग के लिए माना आभार

**2 लाख 65 हजार करोड़ के बजट का प्रावधान**

*डॉ. यादव ने कहा कि 2025-26 में 2 लाख 65 हजार करोड़ के बजट का प्रावधान रखा गया है। जबलपुर-रायपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से पड़ोसी राज्य के साथ कनेक्टिविटी और बढ़ जाएगी। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री का रेलवे के साथ भावनात्मक जुड़ाव है। यह देश के गरीब और मध्यम वर्ग के लिए आवागमन का प्रमुख साधन है। केंद्र सरकार ने 10-11 वर्ष में रेलवे को आधुनिक* शेष पेज 4 पर

### 34 हजार किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक बनाए

पिछले 11 साल में 34 हजार किमी नए रेलवे ट्रैक बनाए हैं। प्रतिदिन 12 किमी ट्रैक बिछाया जा रहा है और 1300 स्टेशनों का नव निर्माण किया जा रहा है, यह दुनियाभर के विकसित देशों में अपने आप में अलग स्थान रखता है। वंदेभारत जैसी नई ट्रेन चलाई जा रही हैं। देश में 8 अमृत भारत एक्सप्रेस शुरू की जा चुकी हैं, इसमें वंदेभारत जैसी सुविधाएं कम किराए पर दी जा रही है। नमो भारत, आसपास के दो शहरों की कनेक्टिंग ट्रेन हैं। प्रधानमंत्री ने रेलवे की सूरत बदलने का संकल्प लिया है। वैष्णव ने कहा कि पोरबंदर से राजकोट नई ट्रेन जल्द शुरू करेंगे। पढ़ें पेज 02 भी

### रेल नेटवर्क के विस्तार में सहयोग

केंद्रीय रेल मंत्री वैष्णव ने मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार मानते हुए कहा कि उनका सहयोग रेल नेटवर्क के विस्तार में निरंतर प्राप्त हो रहा है। डबल इंजन की सरकार होने से कोई भी प्रकल्प अधिक समय लंबित नहीं रह पाता है। नए रेल संचालन के शुभारंभ कार्यक्रम में अनेक मंत्री, जनप्रतिनिधि और नागरिक प्रत्यक्ष और वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

### बेहतर रेल कनेक्टिविटी स्थापित होगी

शुरू हुई नई रेल सेवाओं से 4 राज्यों मप्र, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात के मध्य बेहतर रेल कनेक्टिविटी स्थापित होगी, जिसका इन चारों राज्यों के नागरिकों को परिवहन और व्यापार-वाणिज्य की दृष्टि से प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। जबलपुर से रायपुर, रीवा से पुणे और भावनगर से अयोध्या के लिए नई एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन प्रारंभ होने से रेल नेटवर्क के विस्तार में नया आयाम जुड़ा है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी 10 को करेंगे बेंगलुरु मेट्रो का उद्घाटन



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 अगस्त को बेंगलुरु को एक बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। पीएम शहर में लंबे समय से प्रतीक्षित यलो लाइन मेट्रो का उद्घाटन करेंगे, इसके साथ ही बेंगलुरु मेट्रो के फेज-3 का शिलान्यास भी करेंगे। भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने इस बात की जानकारी दी। सूर्या ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है।

### गाय को बचाने पलटी बस, 16 यात्री घायल



**राजगढ़।** आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार तड़के एक गाय को बचाने के फेर में ट्रैवलर बस पलटी मार गई। बस में सवार 16 लोग घायल हो गए। मौके पर लोगों सहित पुलिस की मदद से सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए पचोर भिजवाया गया। यहां से सभी को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### 301 शहरों में नीट पीजी परीक्षा का आयोजन



**नई दिल्ली।** नीट-पीजी परीक्षा में इस साल 2.42 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। यह परीक्षा राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा देशभर के 301 शहरों और 1,052 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। संवेदनशील केंद्रों पर किसी भी प्रकार की नकल को रोकने के लिए लगभग 300 साइबर कमांडो तैनात किए गए थे।

पहलगाम हमले पर कांग्रेस नेता ने दिया विवादित बयान, भाजपा ने भी सुना दी खरी-खोटी

# मणिशंकर बोले- पहलगाम हमले के लिए कोई देश पाकिस्तान को दोषी नहीं मान रहा

**राजनाथ ने कहा- आपको भारतीय सेना के पराक्रम को सलाम करना चाहिए... जनाब**

एजेंसी ›› नई दिल्ली

*कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने पहलगाम हमले में पाकिस्तान की संलिप्तता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अय्यर ने कहा कि अभी तक हमारे पास कोई सबूत नहीं हैं कि यह हमला पाकिस्तान की तरफ से की गई साजिश का नतीजा है*

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान की भूमिका पर सवाल उठाकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ था, इसका कोई सबूत नहीं है। इतना ही नहीं अय्यर ने कहा कि भारत ने जिन 33 देशों में अपने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को भेजा था, उन्होंने भी इस हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार नहीं माना। एक इंटरव्यू के दौरान मणिशंकर अय्यर ने ऑपरेशन सिंदूर पर सरकार का साथ देने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, थरूर और उनकी टीम ने जिन 33 देशों का दौरा किया था, उनमें से किसी ने भी पहलगाम आतंकी हमले के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार नहीं ठहराया है। न ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने और न ही अमेरिका ने पाकिस्तान शेष पेज 4 पर

***कांग्रेस नेता शशि थरूर पर साधा निशाना कहा- उन्हे केंद्र ने डेलिगेशन के लिए क्यों चुना?***

***7 भारतीय डेलिगेशन को 33 देशों में भेजा था, जिसमें थरूर भी शामिल थे***




**भाजपा ने कहा-** शायद कांग्रेस को यह नहीं पता कि आतंकवाद का जन्म पाकिस्तान में हुआ था। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के निगरानी पैनल ने टीआरएफ की भूमिका पर चिंता जताई है

### थरूर पर सवाल उठाए फिर बोले-हां इजराइल ने माना

कांग्रेस नेता ने कहा, हम अकेले कह रहे हैं कि पाकिस्तान इसके पीछे है, लेकिन किसी ने हमारी बात पर भरोसा नहीं किया। हम कोई ऐसा सबूत पेश नहीं कर पाए जिससे दुनिया को यकीन हो। बता दें, शशि थरूर संयुक्त राष्ट्र में वरिष्ठ पदों पर रह चुके हैं और बाद में भारतीय राजनीति में आए थे। लेकिन अय्यर ने सवाल किया कि केंद्र ने कांग्रेस की सिफारिश के बिना ही उन्हें क्यों चुना।थरूर और उनके साथी चाहे जितना भी घूम लें, शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस ने भगवा आतंक की झूठी कहानी गढ़ी थीः रक्षा मंत्री



मणिशंकर अय्यर के बयान के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि विपक्ष को ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने की बजाय सेना के पराक्रम को सलाम करना चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस जब सत्ता में थी तब आतंकवाद पर नरमी बरती और शेष पेज 4 पर पढ़ें पेज 09 भी

### इधर, कुलगाम में 4 आतंकी ढेर



जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में सुरक्षा बलों ने आतंकियों के खिलाफ 'ऑपरेशन अखल' के तहत चार आतंकियों को ढेर कर दिया। सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में यह एनकाउंटर खबर लिखे जाने तक जारी रहा। इस ऑपरेशन में मारे गए आतंकियों में शेष पेज 4 पर

### रिजिजू ने पूछा पाक नेता क्यों कहते हैं हमारे लोग संसद में हैं



केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर के एक बयान को लेकर तीखा हमला बोला है। रिजिजू ने एक्स पर लिखा, एक पाकिस्तानी राजनेता ने क्यों कहा, शेष पेज 4 पर

### भाजपा हुई हमलावर कहा- पाकिस्तान के बचाव में उतरी कांग्रेस

कांग्रेस नेता अय्यर के इस बयान के बाद भाजपा भी भड़क गई है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने अय्यर पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, शायद कांग्रेस पार्टी को यह नहीं पता कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के निगरानी पैनल ने इस हमले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) की एक शाखा, टीआरएफ की भूमिका पर चिंता जताई है। शेष पेज 4 पर

फ्लाइट में एक्स्ट्रा लगेज पर 'बवाल'

## स्पाइसजेट कर्मचारियों ने चार्ज मांगा तो भड़का सेना का अधिकारी 4 लोगों को बुरी तरह पीटा



***किसी की रीढ़ की हड्डी में फ्रैक्चर, तो किसी का जबड़ा टूटा, आरोपी को नो-फ्लाई लिस्ट में डालने की कवायद शुरू***

एजेंसी ›› नई दिल्ली

श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री के स्पाइसजेट के कर्मचारियों पर हमला करने का मामला सामने आया है। 26 जुलाई 2025 को हुई इस घटना में एयरलाइंस के चार कर्मचारियों के घायल होने की खबर है। इस संबंध में स्पाइसजेट के एक प्रवक्ता ने कहा कि 26 जुलाई 2025 को श्रीनगर से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या एसजी-386 के बोर्डिंग गेट पर एक यात्री ने स्पाइसजेट के चार कर्मचारियों पर गंभीर हमला किया। हमारे कर्मचारियों को लात और घूंसे से मारा गया और कतार में खड़ा कर दिया गया, जिससे एक कर्मचारी की रीढ़ की हड्डी शेष पेज 4 पर

### एयरोब्रिज में जबरदस्ती घुसा पैसेंजर

प्रवक्ता ने बताया कि एक यात्री, जो एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी था। वह दो केबिन बैगेज ले जा रहा था जिनका कुल वजन 16 किलोग्राम था, जो अनुमत सीमा 7 किलोग्राम से दोगुना से भी ज्यादा था। जब उसे विनम्रतापूर्वक एक्स्ट्रा सामान के बारे में बताया गया और लागू शुल्क का भुगतान करने के लिए कहा गया, तो यात्री ने इनकार कर दिया और बोर्डिंग प्रक्रिया पूरी किए बिना ही जबरदस्ती एयरोब्रिज में घुस गया- जो विमानन सुरक्षा प्रोटोकॉल का स्पष्ट उल्लंघन था।

जेल में रोते हुए गुजरी पहली रात

## प्रज्वल रेवन्ना बना कैदी नंबर 15528



■ सजा के खिलाफ पहुंचे हाई कोर्ट

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री और जेडी (एस) सुप्रीमो एच. डी. देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना ने कोर्ट के फैसले के बाद शनिवार को अपनी पहली रात जेल में बिताई। कोर्ट ने शनिवार को प्रज्वल रेवन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बताया जा रहा है कि वो जेल में फूट-फूटकर रो रहा था। साथ ही काफी परेशान था। जेल के एक अधिकारी ने बताया कि रेवन्ना को बेंगलुरु के परप्पना अग्रहारा सेंट्रल जेल में कैदी संख्या शेष पेज 4 पर

रेल मंत्री ने दी जानकारी

## अगले महीने से चलेगी स्लीपर वंदे भारत ट्रेन



■ ये अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन का इंतजार लंबे वक्त से हो रहा है। रेलवे का दावा है कि यह नई सेमी-हाई-स्पीड ट्रेन देश में रेल कनेक्टिविटी को और बदल देगी। बीईएमएल द्वारा आईसीएफ तकनीक से निर्मित, यह नए ज़माने की ट्रेन ओवरनाइट जर्नी को यात्रियों के लिए ज्यादा आरामदायक बना देगी। गुजरात के भावनगर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए रेल मंत्री अश्विनी शेष पेज 4 पर

आरोपी को किया गिरफ्तार

## गडकरी के आवास को बम से उड़ाने की धमकी



■ धमकी देने वाले आरोपी से पूछताछ जारी

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नागपुर स्थित आवास को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के तुरंत बाद पुलिस ने एक्शन लिया। इस मामले में धमकी देने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शख्स ने फर्जी कॉल की थी। अधिकारियों ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, आरोपी ने रविवार सुबह पुलिस कंट्रोल के 112 नंबर पर केंद्रीय मंत्री के शेष पेज 4 पर

मरने वालों में 9 लोग एक ही परिवार के

यूपी के गोंडा में बड़ा हादसा

## श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो नहर में गिरी, 11 लोगों की हुई मौत

एजेंसी ›› लखनऊ

उत्तर प्रदेश के गोंडा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा इटियाथोक थाना क्षेत्र में उस समय हुआ जब दर्शन के लिए जा रही बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। बोलेरो में कुल 15 लोग सवार थे, जिनमें से 11 की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी लोग दर्शन के लिए निकले थे, तभी यह घटना घटी। मरने वालों में 3 भाइयों के परिवार के 9 लोग थे, जबकि 2 लोग पड़ोसी परिवार के थे। छोटे भाई का पूरा परिवार खत्म हो गया।



### चार बचे, बच्ची की तलाश जारी

हादसे में ड्राइवर समेत 4 लोग बच गए। 10 साल की बच्ची लापता है। एसडीआरएफ टीम उसकी तलाश में जुटी है। घटना गोंडा जिले के रहरा गांव की है। बोलेरो में सवार सभी लोग दर्शन के लिए जा रहे थे। भारी बारिश के चलते गाड़ी नियंत्रण से बाहर हो गई और नहर में जा गिरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शेष पेज 4 पर

सतना में बेखौफ बदमाशों का आतंक

## व्यापारी के घर पर की फायरिंग जांच के लिए विशेष टीम गठित

परिवार ने पहले भी खतरे की आशंका जताई थी

हरिभूमि न्यूज ›› सतना

जिले में बेखौफ बदमाशों का आतंक देखने को मिला है। शहर के पॉश इलाके के तौर पर पहचाने जाने वाले शुमार चाणक्यपुरी में रविवार सुबह एक व्यापारी के घर पर अचानक बदमाशों ने फायरिंग कर दी। दरअसल, रविवार सुबह व्यापारी भागवत गुप्ता के घर नकाबपोश बदमाशों की फायरिंग के बाद हड़कंप मच गया।

बताया जा रहा है कि घटना के समय घर में व्यापारी और उसका पूरा परिवार मौजूद था। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंची। हालांकि, उस वक्त तक सभी बदमाश फरार हो चुके थे। इस घटना शेष पेज 4 पर



### पुलिस जांच में जुटी

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया है। इसके साथ ही साइबर सेल को भी सक्रिय कर संदिग्ध नंबरों की निगरानी शुरू कर दी गई है। सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में टीआई सुदीप सोनी ने मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया और क्षेत्र के संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

राजधानी में बादल, धूप और बौछारें, बढ़ेगा पारा, कुछ जिलों में बारिश

प्रदेश के उत्तरी हिस्से में 9 घंटे में दो इंच से ज्यादा बारिश

## श्योपुर समेत प्रदेश के 9 जिलों में जमकर हुई बारिश चित्रकूट में उफनी मंदाकिनी, दुकानों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

प्रदेश में बारिश का सिस्टम काफी मजबूत है। हालात ये हैं कि यूपी में यमुना का जलस्तर बढ़ने से चित्रकूट में मंदाकिनी नदी फिर उफान पर है। यहां रामघाट पर मंदिर के अंदर पानी घुसने लगा है। 100 से ज्यादा दुकानों में जलभराव हो गया है। प्रशासन ने नदी किनारे दुकान खाली करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश के उत्तरी हिस्से में रविवार को बारिश का दौर रहा। श्योपुर में 9 घंटे में सबसे ज्यादा 2 इंच बारिश हो गई। सतना में आधा इंच से ज्यादा और सागर में करीब आधा इंच बारिश हुई। इसके अलावा ग्वालियर, शिवपुरी, रतलाम, रीवा, टीकमगढ़, शेष पेज 4 पर

प्रदेश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में तापमान में दो से तीन डिग्री तक हो सकती है बढ़त

भोपाल में भी बढ़ेगी उमस, अभी तीन से चार दिन बारिश के आसार कम, हो सकती है बादलों के साथ बूंदाबांदी



चित्रकूट का रामघाट डूबा

### अभी मिलाजुला मौसम रहेगा

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी मानसून ट्रफ अमृतसर, चंडीगढ़, शामली, शाहजहांपुर, लखनऊ, छपरा, बांकुरा से होकर बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। एक सकुर्लेशन उत्तर-पश्चिमी बिहार और उसके आसपास के उत्तर पूर्व उत्तर प्रदेश पर बना हुआ है। वहीं, एक सकुर्लेशन उत्तरी गुजरात और उससे लगे राजस्थान पर सक्रिय शेष पेज 4 पर

### तापमान में रही घट-बढ़

शनिवार रात पड़ी बौछारों के बाद रविवार को शहर में दिन का पारा दशमलव 9 डिग्री गिरकर 30.4 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक है। यहां रात का पारा 24 डिग्री रहा। ग्वालियर, रतलाम में दो-दो डिग्री की कमी आई। बैतूल, टीकमगढ़, सीधी और मंडला सहित अधिकांश जिलों में पारा एक से डेढ़ डिग्री तक शेष पेज 4 पर

### हरियाणा व छत्तीसगढ़ राज्यों के मुख्य सचिवों की ही तरह मिल सकता है एक्सटेंशन का लाभ

# मुख्य सचिव अनुराग जैन इसी महीने होंगे सेवानिवृत्त, छह महीने के एक्सटेंशन की प्रबल संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मप्र के मुख्य सचिव अनुराग जैन इसी महीने 31 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों की ही तरह उन्हें भी एक्सटेंशन का लाभ मिल सकता है। एक्सटेंशन यानी सेवा विस्तार छह महीने या उससे भी अधिक संभावित है।

उन्हें यह एक्सटेंशन अन्य राज्यों हरियाणा व छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिवों की ही तरह हो सकता है। हालांकि अगले मुख्य सचिव को लेकर जिस तरह से अंदरखाने में कवायद शुरू हुई है, ऐसे में पक्के तौर पर कुछ भी कहना मुश्किल है। मंत्रालय के ज्यादातर आईएएस अफसर मौजूदा मुख्य सचिव जैन के कार्यकाल बढ़ोतरी को लेकर आश्वस्त हैं।

### प्रशासनिक पकड़, अनुभव भी एक वजह

एक्सटेशन का कारण जैन का प्रधानमंत्री कार्यालय का अच्छा खासा अनुभव, उनकी प्रशासनिक पकड़, केंद्रीय प्रशासनिक अधिकारियों में उनकी गहरी पैठ है। दूसरी तरफ 11 महीने पहले जिस तरह से मप्र में उनका पुनर्वास हुआ था, ऐसे में एक्सटेंशन भी पुख्ता माना जा रहा है। किंतु मुख्य सचिव की पदस्थापना व एक्सटेंशन में मुख्यमंत्री की बड़ी भूमिका होती है। मुख्यमंत्री की सहमति पहली प्राथमिकता होती है। वह सहमति किसी भी तरीके से हो सकती है। यह बड़ा मायने रखता है। उधर, उनका कार्यकाल बढ़ाए जाने को लेकर राज्य की नौकरशाही में जमकर चर्चाएं हो रही है। ऐसा इसलिए और है कि केंद्र सरकार ने अभी हाल ही में हरियाणा और छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिवों का कार्यकाल बढ़ाया था। हालांकि उत्तरप्रदेश के मुख्य सचिव को सेवा विस्तार नहीं दिया गया। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार के मुख्य सचिवों के सेवा विस्तार पर अभी फैसला होना बाकी है।

#### मप्र में एक तथ्य यह भी है

मप्र में पिछले कुछ वर्षों में छह पूर्व मुख्य सचिवों में से चार को सेवा विस्तार मिला है। इनमें आर परशुराम, बीपी सिंह, इकबाल सिंह बैंस और वीरा राणा को अलग-अलग कारणों से एक्सटेंशन मिला है। हालांकि, अंटोनी डिसा को कोई एक्सटेंशन नहीं मिला।

### छग के मुख्य सचिव को 30 जून को मिला था एक्सटेंशन

पिछले 30 जून को सेवानिवृत्त हुए हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी को एक साल का सेवा विस्तार दिया गया था। जबकि 30 जून को ही सेवानिवृत्त हुए छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव अमिताभ जैन को भी तीन महीने का सेवा विस्तार दिया गया था। इससे पहले हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होने के बावजूद राज्य सरकार की सिफ़ारिश पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना को तीन महीने का सेवा विस्तार दिया गया। भाजपा के नेतृत्व वाली ओडिशा सरकार के मुख्य सचिव मनोज आहूजा को इस साल जनवरी से एक साल का सेवा विस्तार दिया गया था। बिहार विधानसभा चुनाव के कारण मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा को भी सेवा विस्तार मिलना तय माना जा रहा है।

#### महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को भी एक्सटेंशन मिलना तय

▶▶ बताते हैं कि महाराष्ट्र के मुख्य सचिव राजेश मीणा ने केवल दो महीने ही काम किया है। इसलिए उन्हें भी सेवा विस्तार मिलना तय है। चूंकि मप्र के मुख्य सचिव ने भी महज 11 महीने ही काम किया है, इसलिए जैन को एक्सटेंशन मिलने की संभावना है। उधर, जैन के सेवा विस्तार को लेकर मप्र के नौकरशाही में अलग-अलग राय है। अधिकारियों के एक वर्ग का कहना है कि जैन को सेवा विस्तार मिलना तय है, जबकि कुछ अन्य लोगों का मानना है कि सब कुछ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की इच्छा पर निर्भर करता है। हालांकि जैन को केंद्र सरकार की इच्छा पर मुख्य सचिव नियुक्त किया गया था, इसलिए उनके एक्सटेंशन पर भी केंद्र ही फैसला लेगा।

### प्रदेश में चलेगा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान: डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री ने उज्जैन में 155 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण**

# विकास की राह पर सबको साथ लेकर बढ़ रहे आगे विकास कार्यों से बदलेगी उज्जैन की तस्वीर: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विकास की राह पर हम सबको साथ लेकर बढ़ रहे हैं आगे, विकास कार्यों उज्जैन की तस्वीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि यह तो सिर्फ बानगी है, विकास की पूरी फिल्म अभी बाकी है। प्रदेश में चहुंओर विकास के काम हो रहे हैं। देश के साथ-साथ हमारा अपना मध्यप्रदेश भी बदल रहा है। विकास की बयार से प्रदेश का हर कोना निखर रहा है। उज्जैन जिले में हो रहे विकास कार्यों का विस्तार से जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के नवनिर्माण में हम सबका सहयोग लेकर आगे बढ़ते रहेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को कालीदास अकादमी में उज्जैन शहर में विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्यों के भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने लगभग 155 करोड़ रुपए की लागत वाले 8 नवीन सेतुओं और दो नवीन मार्गों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि विकास का प्रकाश सभी तक पहुंचे, हमारी सरकार इसी मंशा से काम कर रही है। विकास की हर एक बात पर और तरक्की की राह पर हम सबको साथ लेकर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उज्जैन में 155 करोड़ रुपए लागत के विकास कार्यों से शहर की तस्वीर बदलेगी। इन निर्माण कार्यों से शहर की बड़ी आबादी को स्थाई लाभ मिलेगा। इन निर्माण कार्यों से वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ में लाखों श्रद्धालुओं को आवागमन में भी आसानी होगी।

#### खास बातें

- 8 नवीन सेतुओं और दो नवीन मार्गों के निर्माण कार्य का मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण
- निर्माण कार्यों से वर्ष 2028 में सिंहस्थ महाकुंभ में लाखों श्रद्धालुओं को आवागमन में आसानी होगी



#### बहनों का मान-सम्मान बढ़ाने में कोई कमी नहीं रखेगी सरकार

कार्यक्रम में बहनों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विशाल राखी भेंट की। उन्होंने सभी बहनों का आभार जताया और कहा कि हमारी सरकार बहनों का मान-सम्मान बढ़ाने में कोई कमी नहीं रखेगी। बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम नवाचारों के जरिए आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान तिरंगा लहराकर आने वाले स्वतंत्रता दिवस का उल्लास व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी नई पीढ़ी को स्वतंत्रता का महत्व बताने और जन-जन को आजादी पर्व से जोड़ने के लिए केन्द्र सरकार के मार्गदर्शन में मप्र में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान चलाया जाएगा।

#### 2 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा अभियान

*तिरंगा अभियान 2 से 15 अगस्त तक तीन चरणों में चलाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां होंगी। सीएम ने कहा कि स्वतंत्रता के रंग, हम अपने घर, अपने परिवेश की स्वच्छता और शुचिता के संग मनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश को विकास की एक नई ऊर्जा से भर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को पस्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायिका, न्यायपालिका एवं चुनाव आयोग ने गणतांत्रिक राष्ट्र भारत में लोकतंत्र को दिनों-दिन और समृद्ध बनाया है। परंतु कुछ विरोधी लोग सदैव लोकतांत्रिक परम्पराओं और व्यवस्थाओं पर अंगुली उठाते हैं, देश ऐसे विरोधी लोगों को बर्दाश्त नहीं करेगा।*

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश की लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन पर दिया विशेष उपहार

**उज्जैन की बेस्ट लाइफ स्टाइल कम्पनी की बहनों ने बांधी मुख्यमंत्री को राखी**

**250 रुपए की अतिरिक्त राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में दी जाएगी**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा 7 अगस्त को लाड़ली बहनों के खातों में 250 रुपए की अतिरिक्त राशि रक्षाबंधन के शगुन के रूप में दी जाएगी, जो रक्षाबंधन पर भाई की तरफ से छोटा सा उपहार है। यह राशि प्रतिमाह मिलने वाली 1250 रुपए से अतिरिक्त होगी।

#### 7 हजार से अधिक बहनों को रोजगार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव बेस्ट लाइफस्टाइल कंपनी उज्जैन में कार्यशील बहनों के रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर डॉ. यादव को कंपनी की बहनों ने राखी बांधी और तिलक लगाया। मुख्यमंत्री ने बहनों को उपहार प्रदान किए।*

### नानाखेड़ा स्टेडियम में 50 करोड़ की लागत से बनाए जाएंगे एस्ट्रो टर्फ और पवेलियन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन में बैडमिंटन प्रति अच्छा वातावरण बन रहा है। उज्जैन के नानाखेड़ा स्टेडियम का विकास 11:45 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। आने वाले समय में यहां 50 करोड़ रुपए की लागत से एस्ट्रो टर्फ और पेवीलियन बनाए जाने की मंजूरी सरकार की ओर से दी गई है। यहां सिंथेटिक ट्रेक भी बनाया जाएगा। स्टेडियम में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन भी किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को नानाखेड़ा स्टेडियम में आयोजित जीएच रायसोनी मेमोरियल 58वीं मप्र राज्य जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ 2028 महापर्व के तहत विक्रम उद्योगपुरी में 1000 एकड़ जमीन उद्योगों की स्थापना के लिए आवंटित की गई है, आने वाले समय में 1000 एकड़ जमीन और दी जाएगी। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष वैभव यादव ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का शॉल और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया और एसोसिएशन के सदस्यों ने स्मृति-चिन्ह भेंट किया।




#### मुख्यमंत्री ने विजेताओं को दिए पुरस्कार

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैडमिंटन चैंपियनशिप के विजेताओं और उपविजेताओं को पुरस्कार वितरण किए। चैंपियनशिप के फाइनल में जीते खिलाड़ी मिक्स्ड डबल अंडर 17 कन्हैया शर्मा, कृतिका पाठक, मिक्स्ड डबल्स अंडर 19 ओम पटेल, कीर्ति तिवारी, बॉयज सिंगल अंडर 17 मेदांश शर्मा, बॉयज सिंगल अंडर 19 नैवेद्य तोंडे, गर्ल्स सिंगल अंडर 17 नित्या जादौन, बॉयज डबल अंडर 19 देव कुमावत, अंगद मुछाल, गर्ल्स डबल अंडर 19 आस्था शर्मा, कीर्ति तिवारी, गर्ल्स सिंगल अंडर 19 माही पवार, बॉयज डबल्स अंडर 17 शौर्य मिश्रा, अथर्व सक्सेना, गर्ल्स डबल अंडर 17 नित्या जादौन, नाविका सोमानी को ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि अंडर 19 के यहां के जो विनर हैं, वे गोवा में बेस्ट जोन चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई हुए हैं, जो मध्यप्रदेश की टीम का नेतृत्व करेंगे। आभार प्रदर्शन एसोसिएशन के सचिव अनुराग शर्मा ने किया।*

#### बहनों के आशीर्वाद से तेजी से हो रहे विकास कार्य



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज मैं जहां भी हूं बाबा श्रीमहाकाल और आप सभी लाड़ली बहनों के आशीर्वाद से हूं। लाड़ली बहनों के आशीर्वाद से प्रदेश में विकास के सभी कार्य तेजी से हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन स्थित रघुनंदन गार्डन में लाड़ली बहनों द्वारा आयोजित रक्षाबंधन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कार्यक्रम की शुरुआत लाड़ली बहनों को झूला झुलाकर की। कन्याओं को स्कूल बैग और पुस्तकें भेंट की। मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहनों पर पुष्प वर्षा की और उनसे राखी बंधवाई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को लाड़ली बहनों ने हस्तनिर्मित बड़ी राखी भेंट की।

---

**सड़क का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बात की**

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष सिंह ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर लीला साहू से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व नेता प्रतिपक्ष और चुरहट विधायक अजय सिंह ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर लीला साहू के गांव पहुंचकर उनसे मुलाकात की। उन्होंने बनाई जा रही सड़क का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बात की।

ग्राम खड्डी खुर्द की जर्जर सड़क उस सुर्खियों में आई, जब गर्भवती लीला साहू ने सड़क बनाने के लिए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट डालकर पीएम से अपील की। इसके बाद पीएमओ से उनको फोन भी आया और सड़क बनवाने का आश्वासन मिला। इसके बाद लीला ने दूसरी पोस्ट भी डाली, जिसमें बताया कि जर्जर सड़क के कारण एंबुलेंस न पहुंच पाने और गर्भवती



महिलाओं की पीड़ा व्यक्त की। हालांकि यह पोस्ट भी उस समय विवादों में आ गई, जब सीधी सांसद राजेश मिश्रा,पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह ने बयान दिए। बयानबाजी के बीच चुरहट विधायक अजय सिंह ने इसके लिए राशि जारी कर सड़क की मरम्मत कराने को कहा था। इस बीच वह गांव में पहुंचे और वहां के लोगों से बात की। हालांकि अब इस सड़क को बनवाने के लिए सीधी सांसद ने भी राशि मंजूर करा ली है।

**पुलिसकर्मियों के मोबाइल में रहेगा डाउनलोड**

## सिंहस्थ महाकुंभ में प्रज्ञा एप के जरिए क्राउड मैनेजमेंट करेगी मप्र पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ के शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित संचालन के लिए मध्यप्रदेश पुलिस अपनी पुख्ता तैयारियों में जुट गई है। इस संबंध में प्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाणा भी दो बार इन तैयारियों को लेकर अफसरों की बैठक ले चुके हैं। दरअसल यूपी महाकुंभ की तर्ज पर उज्जैन में भी सुरक्षा पैटर्न अपनाया जाएगा। महाकुंभ में करोड़ों श्रद्धालुओं की संभावित उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए रूट प्लानिंग, पार्किंग जोन, अलग-अलग घाटों पर प्रवेश-निकासी मार्ग तैयार किए जाएंगे।

वहीं पुलिस आयोजन का क्राउड मैनेजमेंट प्रज्ञा एप के जरिए करेगी। यह एप पुलिसकर्मियों के मोबाइल पर डाउनलोड कराया जाएगा। इस एप के माध्यम से उनको टेक्निकल सपोर्ट मिलेगा। साथ ही इसके माध्यम से क्विक रिस्पांस मेनेजमेंट की प्रक्रिया को आसानी से पूरा किया जा सकेगा। साथ ही किसी भी घटनाक्रम की जानकारी को रियल टाइम में शेयर किया जा सकेगा। आला अफसरों को भी मॉनिटरिंग में आसानी होगी। इमरजेंसी ब्रॉडकास्ट सिस्टम के जरिए तत्काल अलर्ट भेजे जाने की सुविधा भी रहेगी। इसके अलावा संवदेनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरों की तैनाती की जाएगी। घाट क्षेत्रों पर सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, स्वास्थ्य सहायता और भीड़ नियंत्रण के लिए अतिरिक्त बल की व्यवस्था भी की जाएगी। क्यू सिस्टम, डिजिटल साइनबोर्ड्स एवं वालंटियर सहायता केंद्र बनाए जाएंगे। हाई रिजॉल्यूशन वाले कैमरे सभी प्रमुख मार्गों, स्नान घाटों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगाए जाएंगे। सोशल मीडिया कंटेंट और डिजिटल गतिविधियों की लाइव मॉनिटरिंग होगी।

## प्रदेश में 5442 करोड़ की राशि हुई लैप्सः कमलनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कैग की रिपोर्ट को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में मध्य प्रदेश वित्तीय कुप्रबंधन का प्रदेश बनता जा रहा है। कैग की रिपोर्ट बताती है कि प्रदेश में 5442 करोड़ रुपए से अधिक की राशि पिछले पांच साल में इसलिए लैप्स हो गई, क्योंकि संबंधित विभाग सही समय पर राशि सरेंडर नहीं कर सके। यह सब तब हो रहा है, जब मध्य प्रदेश सरकार हर महीने 4000-5000 करोड़ रुपए तक की राशि का कर्ज़ लेती है। उन्होंने लिखा कि जो प्रदेश करीब 4 लाख करोड़ रुपए के कर्ज के दलदल में डूबा हुआ हो, वहां 5442 करोड़ रुपए लैप्स हो जाना गंभीर से गंभीर अनियमितता है। वहीं जिस राज्य में प्राइमरी स्कूल की हजारों बिल्डिंगें असुरक्षित हैं, 80, हजार से अधिक क्लासरूम जर्जर हैं, हजारों स्कूल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं और हजारों शिक्षक नियुक्ति की बाट जोह रहे हैं, उस राज्य में इतनी बड़ी रकम लैप्स हो जाना प्रशासनहीनता की निशानी है। प्रशासन विफल रहा है।

## कांग्रेस का आरोप : शासन की स्वीकृति के बिना चल रहे मान्यता विहीन कोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस प्रवक्ता भूपेन्द्र गुप्ता का आरोप है कि मप्र में बड़े स्तर पर शासकीय विश्वविद्यालयों के माध्यम से ऐसे पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है, जिनसे न तो विद्यार्थी को रोजगार प्राप्त हो सकता है, न ही यह कोर्स मानक संस्था द्वारा मान्यता प्राप्त है।

उन्होंने पीसीसी में प्रेस कांफ्रेस में कहा कि मैंने पहले भी विधानसभा में दिए गए उत्तर के हवाले से इस विषय को उठाया था कि अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय इलेक्ट्रो होम्योपैथी का पाठ्यक्रम चलाती है जो आयुष कौंसिल या भारतीय चिकित्सा पद्धति में मान्यता प्राप्त नहीं है। जिसमें विश्वविद्यालय ने सार्वजनिक सफाई दी थी कि वे इन पाठ्यक्रमों को व्यवसाय के लिए नहीं बल्कि जागरूकता फैलाने के लिए चला रहे हैं।

#### यह उठाया सवाल

*गुप्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय से सूचना के अधिकार में प्राप्त जानकारी में विश्वविद्यालय ने बताया है कि वे ऐसा कोई भी पाठ्यक्रम नहीं चला रही है। जबकि उन्होंने यह भी बताया है कि इस पाठ्यक्रम की फीस 25000 रुपए है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि विश्वविद्यालय में पाठ्यक्रम तभी संचालित किया जा सकता है, जब उनके पास उस विषय के मान्यता प्राप्त डिग्रीधारी शिक्षक एवं प्रयोगशाला हो। किन्तु जब इलेक्ट्रो होम्योपैथी का कोर्स ही मान्यता प्राप्त नहीं है तो डिग्रीधारी शिक्षक कहां से प्राप्त किए है।*

---

### पिछले महीने इन कंपनियों का हुआ पंजीयन, नगर वाहन सेवा समेत अंतरशहरी बस सेवा होगी सुगम

**राज्य स्तरीय कंपनी के अध्यक्ष होंगे मुख्यमंत्री**

# मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में 7 सहायक कंपनियां करेंगी काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में नगर वाहन सेवा समेत अंतरशहरी बस सेवा को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा प्रदेश में जल्द ही शुरू किए जाने के प्रयास परिवहन विभाग की ओर से किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रदेश में राज्य स्तरीय कम्पनी के साथ 7 सहायक कंपनियां गठित की गई हैं।




फाइल फोटो

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना को राज्य शासन की ओर से अप्रैल 2025 में स्वीकृति दी जा चुकी है। मुख्यमंत्री राज्य स्तरीय कंपनी के अध्यक्ष होंगे। जबकि परिवहन मंत्री एवं मुख्य सचिव उपाध्यक्ष होंगे। परिवहन विभाग के सचिव मनीष सिंह ने बताया कि राज्य स्तरीय कंपनी मप्र यात्री परिवहन एवं अधोसंरचना लिमिटेड कंपनी का गठन रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी एक्ट में 3 जुलाई को पंजीयन के साथ हो गया है। राज्य स्तरीय कंपनी के अधीन राज्य शासन की ओर से लिए गए निर्णयों के अनुसार 7 सहायक कंपनी सम्पूर्ण प्रदेश में रहेगी।

वर्तमान में इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा और ग्वालियर में कार्य कर रही सिटी बस कंपनी के शेयर होल्डिंग में परिवर्तन करते हुए इन सातों शहरों की नवगठित कंपनिया बनाई गई है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत सभी संभागों में वैज्ञानिक पद्धति से ट्रैफिक सर्वे करते हुए नए सिरे से नवीन बस रूट निर्धारण और इन रूट्स पर बस फ्रिक्वेंसी के निर्धारण कार्य तेजी से किया जा रहा है।

#### क्षेत्रीय सहायक कंपनी

प्रदेश की 7 क्षेत्रीय सहायक कम्पनी अपनी क्षेत्राधिकार के जिलों में सिटी बस सेवा और अंतरशहरी बस सेवा के संचालन की जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगी। प्रदेश में लम्बे समय से शहरी और अंतरशहरी बस सेवा की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इन बस सेवाओं में इस बात का ख्याल रखा जाएगा कि यात्रियों को आरामदायक, सुरक्षित और किफायती दर पर निर्धारित समय पर बस सेवा उपलब्ध हो सकें।

#### अधोसंरचना का कार्य पीपीपी मॉडल पर होगा

उज्जैन एवं इंदौर संभाग का ट्रैफिक सर्वे और रूट निर्धारण का कार्य अंतिम चरण में है। जबलपुर एवं सागर संभाग में सर्वे कार्य जारी है। इसके बाद भोपाल, नर्मदापुरम, रीवा, शहडोल, ग्वालियर तथा चंबल संभाग के रूट्स सर्वेक्षण का कार्य भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा में वर्तमान निजी बस ऑपरेटर्स को पारदर्शी प्रक्रिया के साथ शासन नियंत्रित बस कंपनी द्वारा अनुबंधित कर कंपनी के सुपरविजन में बस संचालित होंगी। योजना में प्रत्येक जिले में बस डिपो, अत्याधुनिक बस स्टेंड और बस स्टॉप का निर्माण पीपीपी (पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशीप) मॉडल में किया जाएगा।

#### संदीप सोनी को अतिरिक्त प्रभार

उज्जैन एवं इंदौर रूट सर्वे कार्य अंतिम चरण होने से इन बस कंपनी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिलेवार बस ऑपरेटर्स से सलाह कर रूट निर्धारण के संबंध में आवश्यक सलाह मशविरा कर सकेंगे। उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड के सीईओ का अतिरिक्त प्रभार संदीप सोनी को सौपा गया है। संदीप सोनी वर्तमान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी उज्जैन प्राधिकरण भी हैं।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 4 अगस्त 2025





भाई-बहन के पवित्र प्रेम का पर्व रक्षाबंधन आने ही वाला है। इसे लेकर बाजारों में रौनक छा गई है और पूरी राजधानी में खरीदारी का दौर चल रहा है। न्यू मार्केट क्षेत्र में भी रविवार को ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जहां बड़ी संख्या में खरीदार खासतौर से महिलाएं खरीदारी करती हुई नजर आईं। ग्राहकों की चहल-पहल लगभग शहर के सभी बाजारों में नजर आई।

## जबलपुर नहीं, 12 से मदन महल तक ही जाएगी जनशताब्दी

**भोपाल।** जबलपुर से रानी कमलापति के बीच चलने वाली जनशताब्दी को मुख्य रेलवे स्टेशन तक लाने की बजाए मदन महल स्टेशन पर रोका जाएगा। ट्रेन 12061/12062 रानी कमलापति-जबलपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस ट्रेन 12 अगस्त से जबलपुर के बजाए मदन महल में शार्ट टर्मिनेट होगी। यह ट्रेन मदन महल से जबलपुर के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी। भोपाल रेल मंडल प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे की ओर से परिचालनीय जरूरत एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 12 अगस्त से ट्रेन के स्टेशनों में संशोधन किया गया है। यह ट्रेन अब जबलपुर की बजाए मदन महल से ओरजिनेट और टर्मिनेट होगी। बाकी सभी स्टेशनों का समय यथावत रहेगा।

**यह रहेगा शेड्यूल:** गाड़ी संख्या 12062 मदनमहल-रानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस 12 अगस्त से मदनमहल से सुबह 05:40 बजे रवाना होगी। जो कि अपने तय रूटों से होते हुए रानी कमलापति 11:15 बजे पहुंचेगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 12061 रानी कमलापति-मदनमहल जनशताब्दी एक्सप्रेस 12 अगस्त से रानी कमलापति स्टेशन से अपने निर्धारित समय शाम 17:40 बजे प्रस्थान करते हुए मदनमहल स्टेशन पर रात 22:45 बजे पहुंचेगी।

## आदेश को बीते 12 दिन, यातायात पुलिस कार्रवाई करने में दिख रही लाचार

# ये कैसा प्रतिबंध...प्रतिबंधित रूट पर अभी भी दौड़ रहे ई-रिक्शे

*ट्रैफिक पुलिस के उदासीन रवैये के कारण बेरोकटोक हो रहा संचालन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला प्रशासन की ओर से राजधानी की व्यस्ततम और अहम 12 सड़कों पर ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगाई थी। इन आदेश का यातायात पुलिस की ओर से पालन नहीं कराया जा रहा। इसके चलते इन प्रतिबंधित क्षेत्र में बेधड़क ई-रिक्शा दौड़ रहे है। जिनको रोकने में यातायात पुलिस नहीं रोक रही है।

आदेश को 12 दिन हो चुके हैं। लेकिन इसका पालन होता नहीं दिख रहा है। इनको रोकने के लिए यातायात पुलिस अधिकारियों की ओर से अभी तक ट्रैफिक पुलिसकर्मी की ड्यूटी नहीं लगाई है। इसके चलते बिना किसी रोक-टोक के इनका संचालन हो रहे है।



### दिनभर बोट क्लब से सवारी ले जाते नजर आए ई-रिक्शा वाले

स्थान बोर्ड क्लब समय दोपहर करीब एक बजे था। यहां पर बेधड़क ई-रिक्शा का संचालन हो रहा। यहां पर चालक सवारियों को छोड़ने व रिक्शे में बैठाते नजर आए। इसी तरह शाम करीब छह बजे भी जब हरिभूमि की टीम ने यहां पर देखा,तब आसानी से ई-रिक्शा चालक सवारियों को लाते व बैठाते नजर आए। इसी तरह हमीदिया रोड-अल्पना,भोपाल टॉकीज व अपेक्स बैंक और रोशनपुरा पर भी ई-रिक्शा चालक सावारियों बैठाते नजर आए।

### इन स्थानों पर ई-रिक्शा चलाने और पार्किंग पर प्रतिबंध

- राजभवन से पॉलिटेक्निक चौराहा
- पॉलिटेक्निक चौराहा से स्टेट हैंगर
- बोट क्लब
- हमीदिया रोड-अल्पना से भोपाल टॉकीज
- अपेक्स बैंक से रोशनपुरा
- लिंक रोड-1 बोर्ड ऑफिस चौराहा से अपेक्स बैंक तक
- काटजू अस्पताल तिराहा से रंगमहल तिराहा तक
- वन्दे मातरम से 10 नंबर स्टॉप तक
- 10 नंबर से नेशनल अस्पताल तक
- सेंटर प्वाइंट से रोशनपुरा तक
- जीजी फ्लाईओवर



### सात दिन ही नजर आई पुलिस

कलेक्टर की ओर से 22 अगस्त को आदेश जारी करते हुए राजधानी के 12 रूटों पर सवारियों की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, ई-रिक्शा के संचालन पर रोक लगाई थी। लेकिन आदेश के 12 दिन बाद भी पालन नहीं किया जा रहा है। आदेश जारी होने के अगले सात दिनों तक यातायात पुलिस इन रूटों नजर आई। पुलिस जवान ई-रिक्शा चालकों को नो-एंट्री में न आने की समझाइश देते दिखाई दिए। लेकिन अब वे गायब हैं। यातायात पुलिस अफसरों का कहना है कि टीम बनाई गई है जो कि प्रतिबंध रूट पर आने वाले ई-रिक्शा पर सख्त कार्रवाई करेंगी।

### कटारा अमलतास स्वर्ण कुंज कॉलोनी के रहवासी परेशान

# मुख्य सड़क से कॉलोनी तक में भरा दो से तीन फीट पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के वार्ड 85 के कटारा अमलतास स्वर्ण कुंज कॉलोनी के रहवासी प्रशासन की अनदेखी के कारण दो दिन से घरों में कैद रहने को मजबूर हैं। लगातर हुई बारिश से कॉलोनी में दो से तीन पानी भरा हुआ है। जलभराव के कारण कॉलोनी के हालात इतने बदतर हो गए हैं कि कॉलोनी की मुख्य सड़क पूरी तरह पानी में डूबी हुई है। सड़क पर पानी भरा होने के कारण न तो कोई कॉलोनी में आ पा रहा है और न ही बाहर कहीं जा पा रहा है।

**विधायक, महापौर, पार्षद से शिकायत, फिर भी स्थिति जस की तस**

भोपाल युवा कांग्रेस के जिला महासचिव अनिकेत द्विवेदी ने बताया कि कॉलोनी की मुख्य सड़कों से लेकर लोगों के घरों में पानी भरा हुआ है, जिससे न सिर्फ आवागमन प्रभावित हुआ है बल्कि लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। वहीं जलभराव के कारण पावर सप्लाई बोर्डों के संपर्क में आने से गंभीर दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ है। रहवासियों ने अनेकों बार विधायक हुजूर रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, कलेक्टर भोपाल व नगर निगम कमिश्नर को ज्ञापन देकर इस समस्या की ओर ध्यानाकर्षित किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### सोशल मीडिया पर वायरल किया वीडियो

*कटारा अमलतास स्वर्ण कुंज कॉलोनी में जलभराव को देखते हुए अनिकेत द्विवेदी द्वारा एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की गई, लेकिन दुर्भाग्यवश अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय रहवासी बेहद चिंतित और आक्रोशित हैं। उनका सवाल है कि यदि इसी जलभराव के कारण करंट फैलने से कोई बड़ी दुर्घटना हो जाए, तो क्या प्रशासन और सरकार उसकी जिम्मेदारी लेगी? स्थिति दिन पर दिन और भी बदतर होती जा रही है, परन्तु प्रशासन और नगर निगम के अधिकारी अब तक मौन धारण किए हुए हैं।*

### बीमारियों का खतरा

*कटारा अमलतास स्वर्ण कुंज कॉलोनी के रहवासी आरडी मिश्रा ने बताया कि लगातार जलभराव के चलते कॉलोनी में मलेरिया, पीलिया, निमोनिया जैसी बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है। इसके अलावा कॉलोनी के घरों के बोरवेल का भूजल भी दूषित हो चुका है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन कठिन हो गया है।*

## हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना सुरक्षा है न कि बोझः सांसद आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सांसद आलोक शर्मा ने रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम के सामने राहगीरों को हेलमेट पहनाकर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सांसद शर्मा ने कहा कि कलेक्टर ने आदेश निकाला है। अब बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिलेगा। इस दौरान उन्होंने वाहन चालकों को अपनी ओर से हेलमेट वितरित किए और समझाइश दी कि जब भी घर से गाड़ी लेकर निकलें, हेलमेट पहनकर ही निकलें। उन्होंने कहा हर बहन अपने भाई को हेलमेट लाने को लेकर प्रेरित करें साथ ही रक्षाबंधन का यही उपहार की मांग करे। इस दौरान हर घर तिरंगा अभियान अंतर्गत तिरंगा झंडा भेंट किए।



**समझाइश भी दी**

*सांसद शर्मा ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनाकर समझाइश दी कि आपकी छोटी सी लापरवाही परिवार के लिए खतरा बन सकती है। इसलिए खतरों से बचें, हेलमेट के बिना गाड़ी न चलाएं। हर घर तिरंगा अभियान के तह राहगीरों को तिरंगा झंडा भेंट सांसद आलोक शर्मा ने हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत राहगीरों को तिरंगा झंडा भेंट किए।*

### दुर्घटनाएं रोकना हम सबकी जिम्मेदारी

सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने के लिए प्रशासन सख्ती दिखाएगा लेकिन हमें बुरा नहीं मानना। बल्कि नियमों का पालन करके सहयोग प्रदान करना है। सभी लोग लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं से सबक लें। इन्हें रोकना हम सबकी जिम्मेदारी है। शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों भोपाल में सुप्रीम कोर्ट की रोड सेफ्टी के चेयरमैन अभय मनोहर सप्रे द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर समीक्षा की गई है।

### पिछले दिनों हुई घटनाओं का असर

## क्लबों और पबों में नाइट पार्टी की तो होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के क्लब और पबों में अब नाइट पार्टी की तो कार्रवाई की जाएगी। क्राइम ब्रांच ने सभी नाइट क्लब और पबों को नोटिस जारी किया है। जारी नोटिस में प्रतिबंधित नशा करते हुए यदि पब या क्लब में कोई मिलता है तो संचालक और स्टाफ पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लायसेंस जब्ती की भी कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। यह सब गत दिनों पब में एमडी की तस्करों द्वारा पब और क्लब में नशा परोसने के कारण हुआ। क्राइम ब्रांच अब ऐसे पब और नाइट क्लब के संचालक पर भी कार्रवाई करेगी, जिन्होंने अपने संस्थान में काम करने वाले कर्मचारियों चरित्र सत्यापन नहीं कराया है। पब और क्लब को नोटिस जारी किया गया है। यदि कोई भी कर्मचारी का आपराधिक रिकॉर्ड मिलता है कि उक्त कर्मचारी से भी पुलिस पूछताछ करेगी।

### यात्रियों की शिकायत के बावजूद घंटों बाद तक भी नहीं मिली मदद

# कहीं ट्रेनों में कॉकरोच, तो किसी में ट्रांसजेंडर से परेशान हुए मुसाफिर, रेलवे से शिकायत

*रविवार को ट्रेनों में दिखा छुट्टी जैसा नजारा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा और स्वच्छता का दावा करने वाला रेलवे एक बार फिर यात्रियों की शिकायतों के घेरे में है। ऐसा ही नजारा रविवार को भोपाल मंडल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनों में देखने को मिला। हमसफर एक्सप्रेस, डॉ. आंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस और यशवंतपुर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस में सामने आईं लापरवाहियों ने रेलवे की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। इन ट्रेनों के यात्रियों ने रेलवे से शिकायत की है। इसके बाद भी घंटों तक मदद नहीं मिली।

दरअसल, रविवार के चलते अधिकांश अधिकारी कर्मचारी छुट्टी पर होने के चलते तत्काल मदद नहीं मिल सकी। जहां एक ओर स्वच्छ भारत मिशन के तहत रेलवे सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का दावा करता है, वहीं दूसरी ओर ट्रेनों में कॉकरोच और बुनियादी सुविधाओं में लापरवाही यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा दोनों को खतरे में डाल रही है।

### टीटी की मौजूदगी में घूम रहे ट्रांसजेंडर



*प्रयागराज जा रही 14115 डॉ. आंबेडकर नगर-प्रयागराज एक्सप्रेस के एम-4 कोच में ट्रांसजेंडर पैसे मांगते घूम रहे हैं, ऐसे में एक यात्री रेल मदद एप पर दर्ज शिकायत में कहा गया कि टीटी की मौजूदगी के बावजूद ट्रांसजेंडर कोच में कैसे पहुंचे और बिना टिकट यात्रा कैसे कर रहे थे। यात्री ने यह भी आरोप लगाया कि ट्रांसजेंडरों द्वारा यात्रियों से पैसे मांगे जा रहे थे, जिससे यात्रियों की निजता और सुरक्षा प्रभावित हो रही थी।*



### हमसफर एक्सप्रेस में कोच की सीट पर घूमते मिले कॉकरोच

*संत्रगाची से भोपाल आ रही हमसफर एक्सप्रेस के बी-2 कोच में सफाई व्यवस्था की भारी अनदेखी सामने आई है। कोच की सीट नंबर 63 पर काकरोच घूमते देखे गए, जिससे यात्री बेहद असहज हो गए। एक यात्री द्वारा रेल मदद एप पर शिकायत दर्ज की गई, जिसमें साफ-साफ बताया गया कि कोच में सफाई का अभाव है और काकरोच से स्वास्थ्य पर खतरा बना हुआ है। शिकायत के बावजूद रेलवे की ओर से तत्काल कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे यात्रियों में नाराजगी देखी गई।*

### संपर्क क्रांति में पानी भरने में लापरवाही

यशवंतपुर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (12650) में पानी भरते समय हुई लापरवाही से यात्रियों को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। पानी भरने कोच में लगाया गया पाइप समय पर नहीं हटाया गया, जिससे पानी ओवरफ्लो होकर प्लेटफार्म पर बहने लगा। इससे प्लेटफार्म गीला हो गया, साथ ही यात्रियों के फिसलने का खतरा भी बढ़ गया।

### इनमें अधिकांश दक्षिण भारत की ओर जाने वाली ट्रेनें

# यात्रियों की डिमांड पर रेलवे बढ़ाएगा लंबी दूरी की 15 ट्रेनों में एसी-3 इकोनॉमी कोच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे की ओर से यात्रियों की मांग पर लंबी दूरी की करीब 15 ट्रेनों में एसी-3 इकोनॉमी श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाने जा रहा है। इन कोचों के लगाए जाने से ट्रेनों में स्थाई रूप से 1200 के करीब बर्थ बढ़ जाएंगी। इसके चलते लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को लाभ मिल सकेगा।

- इन रूटों पर वेटिंग से मिलेगी निजात

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इन ट्रेनों में अधिकांश ट्रेनों दक्षिण भारत की ओर जाने वाली है। दरअसल, इन रूटों पर चलने वाली अधिकांश ट्रेनों में अधिकांश समय वेटिंग जैसी स्थिति बनी रहती है। इन कोच के जोड़े जाने से यात्रियों को काफी लाभ होगा। रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए नई-नई योजना शुरू कर रहा है।

### इन ट्रेनों में लगाए जा सकते हैं कोच

- *12976 जयपुर-मैसूर एक्सप्रेस में, 12975 मैसूर-जयपुर एक्सप्रेस में एक-एक एसी-3 इकोनॉमी श्रेणी कोच लगेगा।*
- *19713 जयपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस में और 19714 सिकंदराबाद-जयपुर एक्सप्रेस में एक-एक एसी-3 इकोनॉमी कोच लगेगा।*
- *12968 जयपुर-चेन्नई एक्सप्रेस में और 12967 चेन्नई-जयपुर एक्सप्रेस में एक-एक एसी-3 इकोनॉमी श्रेणी कोच लग जाएगा।*
- *12970 जयपुर-कोयंबटूर एक्सप्रेस में व 12969 कोयंबटूर-जयपुर एक्स. में एक-एक एसी-3 इकोनॉमी कोच लगेगा।*
- *19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस में -व 19607 कोलकाता-मदार जंक्शन एक्सप्रेस में एक-एक एसी-3 इकोनॉमी श्रेणी के कोच लग जाएंगे।*

### दो चरणों में लगाए जाएंगे कोच

*रेलवे की ओर से यात्री की सुविधा को ध्यान में रखते हुए। दो चरणों में यह कोच लगाए जाएंगे। इसमें जहां पहले चरण में अगस्त से सितंबर के बीच लगाए जाएंगे। तो वहीं दूसरे चरण में अक्टूबर से नंबवर के बीच लगाए जाएंगे। इस दौरान त्योहारी सीजन के चलते ट्रेनों में अधिक भीड़ होती है। इसके चलते यात्रियों को इन कोचों के लगाए जाने से काफी लाभ मिल सकेगा।*

# पेज एक का शेष

## गरीबों के बैंक...

लोगों तक पहुंच बढ़ाएं और इस प्रक्रिया को सरल बनाएं। इस संबंध में, 1 जुलाई, 2025 से शुरू होकर, बैंकों ने यह अभियान शुरू किया है, जिसके तहत अब तक लगभग 1 लाख ग्राम पंचायतों को कवर किया जा चुका है। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, 56 प्रतिशत जन धन खाते महिलाओं के हैं और 21 मई तक इन खातों में जमा कुल राशि 2.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गई है।

## जबलपुर-रायपुर और ...

एक्सप्रेस और रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस के शुभारंभ कार्यक्रम में उज्जैन से वर्चुअली शामिल हुए और संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश आज रेल कनेक्टिविटी के मामले में छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र से सीधे जुड़ रहा है। जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस और रीवा-पुणे (हडपसर) एक्सप्रेस के शुभारंभ से यात्रियों के साथ व्यापार-व्यवसाय और पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। बघेलखंड अंचल के रीवा में टाइगर सफारी और मैहर शक्तिपीठ की मां शारदा देवी के दर्शन सुलभ हो पाएंगे। इसी प्रकार संस्कारधानी जबलपुर और भेड़ाघाट आने वाले पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। भारतीय रेलवे ने पिछले 11 वर्ष में उल्लेखनीय प्रगति की है। इलेक्ट्रिफिकेशन का शतप्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

## 2 लाख 65 हजार...

बनाने के लिए संकल्प के साथ कार्य किए हैं। नई ट्रेनों की शुरुआत, आधुनिक कोच निर्माण और रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार रेलवे के अभूतपूर्व कार्य हैं। रीवा से पुणे की कनेक्टिविटी बढ़ रही है। जबलपुर और रायपुर के बीच नई ट्रेन से जनजातीय अंचल को लाभ मिलेगा।

## मणिशंकर बोले- ...

को इसके लिए दोषी माना। हम ही दुनिया भर में कहते घूम रहे हैं कि इसके पीछे पाकिस्तान था लेकिन हमारी बात पर किसी को भी यकीन नहीं है। कांग्रेस नेता ने जोर देकर कहा, हम अभी तक ऐसा कोई भी सबूत पेश नहीं कर पाए हैं, जिससे यह साबित हो जाए कि यह हमला पाकिस्तानी एजेंसी की दिमाग की उपज था या उन्होंने ही इसे अंजाम दिया।

**9 आतंकी ठिकाने ध्वस्त, 100 को ढेर किया:** पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने 26 टूरिस्ट्स की हत्या की थी। 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। दोनों देशों के बीच 10 मई की शाम 5 बजे से सीजफायर पर सहमति बनी थी। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख दुनिया को बताने के लिए 7 डेलिगेशन को 33 देशों में भेजा था। डेलीगेशन में 59 सदस्य थे, जिनमें 51 नेता और 8 राजदूत शामिल थे।

## थरूर पर सवाल...

लेकिन इजराइल को छोड़कर किसी ने पाकिस्तान को दोषी नहीं कहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि भारत सरकार अमेरिका जैसे देशों की गलतबयानी पर भी चुप रहती है। अय्यर ने कहा, ट्रंप कई बार कह चुके हैं कि अमेरिका ने भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर कराया, लेकिन हमारी सरकार सच कहने की हिम्मत नहीं रखती है।

## कांग्रेस ने भगवा ....

वोटबैंक के लिए 'भगवा आतंक' जैसी झूठी कहानियां गढ़ी। राजनाथ सिंह ने कहा कि संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर 16-16 घंटे तक चर्चा चली और कांग्रेस जवाब देने की स्थिति में नहीं रही।

## इधर, कुलगाम ...

से एक की पहचान पुलवामा निवासी लोकल आतंकी हारिस नजीर डार के रूप में हुई है। जम्मू-कश्मीर के डीजीपी नलिन प्रभात खुद मौके पर पहुंचे हैं और ऑपरेशन की निगरानी की।

घने जंगलों में आतंकियों के होने की खुफिया जानकारी मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने 'ऑपरेशन अखल' की शुरुआत की। यह ऑपरेशन शुक्रवार, 1 अगस्त को शुरू हुआ। सुरक्षा बलों ने तुरंत घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया और उसी शाम से गोलीबारी शुरू की गई।

शुरुआती गोलीबारी के बाद, रात भर अभियान रोक दिया गया। अतिरिक्त बल बुलाए गए और आतंकवादियों को घने जंगल से भागने से रोकने के लिए घेराबंदी और कड़ी कर दी गई। शनिवार सुबह तड़के मुठभेड़ फिर से शुरू हुई, जिसमें दो आतंकवादी मारे गए। रविवार रात तक गोलीबारी जारी रही और चार आतंकी ढेर कर दिए।

## रिजिजू ने पूछा ....

हमारे लोग भारत की संसद में बैठे हैं? एक वीडियो शेयर करते हुए तंज कसा, संसद के अंदर भी है और संसद के बाहर भी है।

## भाजपा हुई हमलावर ...

शायद कांग्रेस को यह नहीं पता कि आतंकवाद का जन्म पाकिस्तान में हुआ था, चाहे वह लश्कर हो या जैश, जिनके शिविर हमारी बहादुर सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में नष्ट कर दिए थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस पाकिस्तान का बचाव कर रही है और हमारे सशस्त्र बलों का अपमान कर रही है।

भाजपा के एक और प्रवक्ता सीआर केसवन ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता पाकिस्तान के सबसे बड़े समर्थक बने हुए हैं और भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक दुष्प्रचार में ही अपना असली मकसद तलाशते हैं। यह वाकई शर्मनाक है।

## स्पाइसजेट कर्मचारियों ने ...

में फ्रैक्चर और जबड़े में गंभीर चोटें आईं। एयरलाइंस ने कहा कि स्पाइसजेट का एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा, लेकिन यात्री ने बेहोश कर्मचारी को लात-घूंसे मारना और पीटना जारी रखा।

इस बीच एक अन्य कर्मचारी अपने बेहोश हुए सहकर्मी की मदद करने के लिए नीचे झुका तभी उसके जबड़े पर जोरदार लात मारी गई, जिससे उसकी नाक और मुंह से खून बहने लगा। घायल कर्मचारियों को अस्पताल ले जाया गया और गंभीर चोटों के कारण उनका इलाज किया गया। स्पाइसजेट प्रवक्ता ने कहा कि इस हमले की थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है और एयरलाइन ने यात्री को नो-फ्लाई लिस्ट में डालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो नागरिक उड्डयन नियमों के तहत की जा रही कार्रवाई है।

एयरलाइन ने इस गंभीर हमले की जानकारी नागरिक उड्डयन मंत्रालय को लिखित रूप में दी है और यात्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इसके साथ ही एयरपोर्ट अधिकारियों से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंप दी गई है, ताकि जांच में मदद मिल सके।

## प्रज्वल रेवन्ना...

15528 आवंटित की गई। बता दें, प्रज्वल रेवन्ना पर पिछले साल यौन शोषण को लेकर चार मामले दर्ज किए गए थे। जिनमें से एक मामले में उन पर आरोप था कि उनके घर में काम करने वाली 48 साल की महिला के साथ उन्होंने बलात्कार किया।

इसी मामले में शनिवार को कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए रेवन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। शनिवार देर रात जेल के डॉक्टरों प्रज्वल रेवन्ना के स्वास्थ्य की जांच की। जिससे यह जाना जा सके कि उसकी हालत कैसी है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मेडिकल जांच के दौरान प्रज्वल रो पड़ा। उसने कर्मचारियों के सामने अपना दुख बयां किया। बताया जा रहा है कि उसे जेल के कर्मचारियों को बताया कि वो कोर्ट के इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट जाएगा।

## अगले महीने से...

वैष्णव ने घोषणा की कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन जल्द ही शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि वंदे स्लीपर बहुत सितंबर में आ जाएगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि नमो भारत, अमृत भारत, वंदे भारत और आगामी वंदे स्लीपर जैसी ट्रेनें देश के रेल ढांचे को बदलने में अहम भूमिका निभाएंगी। इससे पहले दिन में अश्विनी वैष्णव ने तीन नई ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी दिखाई।

इसमें भावनगर टर्मिनस-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस, रीवा- पुणे एक्सप्रेस और जबलपुर को रायपुर से जोड़ने वाली एक नई ट्रेन शामिल है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन रूट की बात करें तो यह अभी तक तय नहीं है। अंतिम निर्णय रेलवे बोर्ड द्वारा लिया जाएगा। जानकारी के मुताबिक भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 16 डिब्बे होंगे, जिन्हें तीन श्रेणियों में विभाजित किया जाएगा।

इस हाईटेक ट्रेन में एसी प्रथम श्रेणी, एसी द्वितीय श्रेणी और एसी तृतीय श्रेणी। इस ट्रेन की कुल क्षमता 1,128 यात्रियों की है। ट्रेन की रफ्तार की बात करें तो वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को अधिकतम 180 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने में सक्षम होगी।

## गडकरी के आवास...

आवास को उड़ाने की धमकी दी। इस कॉल के बाद पुलिस एक्टिव हो गई। तुरंत मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई गई। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस एक्टिव हुई और आरोपी की तलाश में जुट गई। इसके बाद पुलिस ने दोपहर के वक्त आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए शख्स की पहचान तुलसी बाग रोड निवासी उमेश विष्णु राउत के तौर पर हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी को नागपुर के बीमा दवाखाना के पास से गिरफ्तार किया गया है।

## चार बचे,....

शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को 5 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

## व्यापारी के घर ....

के संबंध में पुलिस ने बताया कि मौके से तीन बुलेट कारतूस मिले हैं। दो अंदर घर में और एक बाहर बरामद किया गया है। दीवार में छेद कर गोली अंदर तक पहुंची गई थी। यह अच्छा रहा कि वह किसी को लगी नहीं।

घटनास्थल पर थाना प्रभारी सुदीप सोनी स्वयं पहुंचे और एफएसएल टीम के साथ साक्ष्य जुटाए। बताया जा रहा है कि व्यापारी परिवार ने पूर्व में भी संभावित खतरे की आशंका को लेकर थाने में सूचना दी थी।

परिजन इस फायरिंग की घटना को पुराने गुप्ता पैलेस जमीनी विवाद से जोड़कर देख रहे हैं। परिवार की ओर से संदेह व्यक्त किया गया है कि उन्हीं लोगों का हाथ इस हमले में हो सकता है, जो पूर्व विवाद में शामिल थे।

## श्योपुर समेत प्रदेश...

बालाघाट जिलों में भी हल्की बारिश हुई। शिवपुरी जिले की करैरा जनपद की अलगी पंचायत के अंतर्गत आने वाले केवट मोहल्ला के हालात इन दिनों बदतर बने हुए हैं। यहां के ग्रामीणों को घर से बाहर निकलने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है।

गांव का तालाब भारी बारिश के चलते ओवरफ्लो हो गया है। लेकिन बेस्ट बीयर में झाड़ियां और कचरा फंसे होने के कारण पानी का बहाव रुक गया। इससे पानी निकलने की बजाय केवट मोहल्ले में भर गया है। लोगों ने कलेक्टर से मदद मांगी है।

राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में अभी कुछ दिन मौसम का पारा चढ़ेगा। सोमवार से बुधवार के बीच शहर में बादल, धूप और उमस परेशान करेगी, कुछ बौछारें भी पड़ सकती हैं।

वहीं, प्रदेश के राजस्थान और गुजराज से लगे कुछ जिलों में बारिश होगी। इस बीच धूप खिलने से प्रदेश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में तापमान में दो से तीन डिग्री तक बढ़त हो सकती है। मौसम केंद्र के अनुसार प्रदेश में पारा बढ़ेगा।

कुछ जिलों में बारिश होगी। विशेषकर राजस्थान और गुजरात से लगे हिस्सों में एक-दो स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में सिस्टम नहीं होने से बारिश में कमी रहेगी। प्रदेश के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में कुछ जिलों में बारिश और एक-दो जगह तेज बारिश होने का अनुमान है।

**अतिभारी से भारी बारिश का अलर्ट:** आज छतरपुर, टीकमगढ़ जिलों में कुछ जगह अतिभारी बारिश का अलर्ट है।

शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, सतना, पन्ना, निवाड़ी जिलों में कुछ स्थानों पर तेज से भारी बारिश का येलो अलर्ट है। वहीं भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, सिंगरौली, सीधी, रीवा, शहडोल, उमरिया, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट, सागर, पांढुर्णा आदि जिलों में बादल, बौछारें और तेज हवाएं चल सकती हैं।

## अभी मिलाजुला...

है। इन दोनों सिस्टम से प्रदेश के इनसे लगे हिस्सों में कुछ नमी आ रही है, जिससे कुछ जिलों में बारिश और बौछारों का दौर जारी रहेगा। शेष प्रदेश में मौसम मिलाजुला रहेगा।

## तापमान में रही ....

बढ़ गया। तापमान में औसतन डेढ़ डिग्री की घट-बढ़ के साथ प्रदेश के दिन और रात के तापमान में औसतन 6 डिग्री का अंतर रहा है। दिन का औसत तापमान 30 डिग्री रहा है।


### कार्यालय थाना प्रभारी थाना हनुमानगंज भोपाल

क्र.था.प्र./हनु./भो./मर्ग.क्र.15/25 दिनांक-31/07/25

**जाहिर सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02/05/25 को सूचक सईद पिता वहिद उम्र 40 साल निवासी नगर निगम कॉलोनी काजी कैम्प थाना टीलाजमालपुरा भोपाल मोबाईल न. 7566117713 ने थाना उपस्थित आकर सूचना दिया कि मैं उपरोक्त लिखाये पते पर रहता हूं तथा मोबाईल चार्जर का ठेला सिंधी कालोनी पर लगाता हूं। आज दिनांक 02.05.25 के शाम करीबन 16.00 बजे मैने अपना ठेला सिंधी कालोनी पर लगा कर मोबाईल चार्जर बेच रहा था वही पास मे झरनेश्वर बैंक के सामने सिंधी कॉलोनी के पास कुछ लोग खड़े थे जाकर देखा तो एक अज्ञात पुरूष उम्र करीबन 70 साल जमीन पर लेटा था जिसमे कोई हल चल नहीं हो रही थी जिसको मैंने तथा आसपास के लोगो ने हिला डुलाकर देखा जिसमे कोई हलचल नही हुई। उस व्यक्ति की मृत्यु हो चुकी थी उस व्यक्ति मे हल्के बैगनी रंग का शर्ट एवं नीले रंग का लोवर पहना हुआ है जिसके बाल सफेद एवं दुबला पतला, चेहरा लंबा, रंग सावला है एवं देखने में भीखारी जैसा दिख रहा है फिर मैने थाने आकर सूचना दी कार्यवाही की जावे। की सूचना पर मर्ग क्र. 15/25 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जाँच मे लिया गया है। मृतक अज्ञात पुरुष उम्र करीबन 70 वर्ष के परिजनो की तलाश पतारसी के सतत्प्रयास जारी है किन्तु मृतक के संबंध में परिजनो व वारिसानो का कोई पता नहीं चल पा रहा है मृतक अज्ञात पुरुष के बारे मे कोई जानकारी प्राप्त हो तो थाना हनुमानगंज भोपाल के संपर्क नं. 0755-2677323 अथवा 9479990603 एवं जाँच अधिकारी के मोबाईल नं. 7049105321 पर सूचना देने का कष्ट करें।

थाना प्रभारी
थाना हनुमानगंज भोपाल

जी - 16706/25 स्वच्छता ही सेवा



आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

नाम परिवर्तन
मैं सालकराम पुत्र श्री हमीर सिंह सेन आयु 35 वर्ष निवासी मगरधा रोड, गुरारिया, मगरधा, रायसेन, बरेली, म.प्र. । मेरी पुत्री के शासकीय अशासकीय दस्तावेजों मे उसका नाम व सरनेम गीता सेन (GEETA SEN) पुत्री श्री सालकराम सेन (SALAKRAM SEN) दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश गुनगुन सेन (GUNGUN SEN) पुत्री सालक राम (SALAK AM) दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो मे मेरी पुत्री को गीता सेन (GEETA SEN) पुत्री श्री सालकराम सेन (SALAKRAM SEN) के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र क्रमांक CV 078088

नाम परिवर्तन
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम AFAQ AHMADथा। जो कि मेरी अंकसूची में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर AFAQUE AHMD हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी सही नाम AFAQUE AHMD S/O MUMTAJ AHMADसे ही जाना/पहचाना जाए। ADD 216ASHOKA BIHAR, AsHOKA GARDEN HUZUR PO DIST BHOPAL 462023 M P

आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सेक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ायें।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844
R- 03/08/25 to 13/08/25

Ratnawala www.ratnawala.com
रत्नवाला समय से पहले - किस्मत से ज्यादा
हम पुराने पहने हुए रत्न नहीं बेचते हैं
◆ शुद्ध - प्रमाणिक असरदार रत्न उपलब्ध
◆ रत्न तराशने की फैक्ट्री
◆ अनुभवी ज्योतिषाचार्य से सलाह
◆ ग्रहों के अनुसार उपयुक्त रत्न की सलाह
विश्वास का साथ सेवा के 30+ वर्ष
PRATEESH SAXENA Gemologist & Govt. Valuer
जब हुबहू नकली रत्न बन सकते हैं तो कागज का नकली "टेस्टिंग सर्टिफिकेट भी बन सकता है। सजग रहें
89-89-678-678
City Trade Center, 141, Malviya Nagar, Bhopal || ज्योतिषम्™ ||



### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष:** धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन:** मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

**सिंह:** नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

**कन्या:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

**तुला:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

**धनु:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**मकर:** शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**कुंभ:** भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

**मीन:** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

## शब्द पहेली - 5948



**बाएँ से दाए**
1.मरघट,कब्रिस्तान-4
3.पागल,बुद्धिहीन-4
8.भगवान,ईश्वर,खुदा-7
10.डांटना,दुत्कार-3
11.तरुण,किशोर-3
13.ओट,घूँघट-3
15.तपस्या-2
17.पराया,अजनबी-2
18.आनंद,मौज-2
19.सूर्य,भास्कर-2
21.चिंतन,सोच विचार-3
25.वेणी,फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26.वैद्य-3
27.आभास करना-4,3
30.शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31.युद्धघोष,आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**
2.कवि,गजलकार-3
4.भारत का झंडा-3
5.ईश्वर,भगवान-4
6.गुरुवार-4
7.दुर्ज,पापी,भूत-3
8.शरण,आश्रय-3
9.चांदी-3
12.उत्तराधिकारी-3
13.उत्कृष्ट,प्रधान-3
14.आंचल-3
16.कमल-3
20.रुकना,अंत, ठहराव-3
22.उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23.बर्दाश्त करना, निभाना-3
24.आय, कमाई-4
25.उष्ण-3
28.पराजित करना-3
29.उपपत्नी,दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 5947 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ऊ | ल | के | ला | ■ | ■ | क | स | क | ■ |
| ह | र्जा | ■ | श | ■ | श | त्रु | ता | ■ | न्या | य |
| गु | ■ | ■ | ही | र | क | ■ | र | ■ | ■ | म |
| ज | ला | ब | न | ■ | ■ | गं | ■ | अ | नु | ज |
| र | ■ | च | ■ | बे | ल | गा | म | ■ | की | ■ |
| ■ | शा | न | ■ | क | ■ | ज | ■ | ब | ला | ■ |
| ■ | य | ■ | श | रा | र | ल | ■ | न्द | ■ | त |
| म | द | द | ■ | र | ■ | ■ | अ | र | मा | न |
| श | ■ | ■ | स | ■ | शा | य | र | ■ | ■ | ब |
| क | म | ■ | न | र | म | ■ | मा | ■ | मा | द |
| ■ | जा | न | म | ■ | ■ | म | न | मो | ह | न |

## सूडोकु नवताल- 5958

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 5957 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## उपचार को लेकर स्वामी रामदेव ने किया बड़ा ऐलान

# पतंजलि आयुर्वेद चिकित्सालय जल्द शुरू करेगा एम्स, टाटा कैंसर, गंगा राम के साथ मिलकर उपचार

- पतंजलि विवि में 16 राज्यों के सैकड़ों प्रतिभागी हुए शामिल, शिक्षा एवं शोध को बढ़ावा देने को समझौते पर हुए हस्ताक्षर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि अनुसंधान संस्थान और केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय अनामयम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के एकीकरण एवं समन्वय के उद्देश्य से एक वैश्विक मंच प्रदान करने को लेकर आयोजित किया गया था। सम्मेलन में 16 राज्यों के करीब 200 शैक्षणिक संस्थानों से 300 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफ लाइन माध्यम से प्रतिभाग किया।

इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति स्वामी रामदेव महाराज ने बड़ा एलान किया। उन्होंने कहा कि कि जल्द ही लोक कल्याण को देखते हुए एम्स, टाटा कैंसर चिकित्सालय और सर गंगा राम हॉस्पिटल के सहयोग से पतंजलि आयुर्वेद चिकित्सालय में आधुनिक पद्धति से अल्प व्यय में विश्वस्तरीय उपचार किया जाएगा। उद्घाटन सत्र में योग ऋषि स्वामी रामदेव, पतंजलि विवि के कुलपति और आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण सहित अतिथियों ने तीन अहम पुस्तक आयुर्वेद अवतरण, इंटीग्रेटेड पैथी एवं सम्मेलन की सार पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड से पहुंचे डॉ.श्रेया, डॉ.राधिका और डॉ.मुकेश एवं पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण के बीच शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने को परस्पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

## पतंजलि आयुर्वेद चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा पद्धति के तहत उपचार से चिकित्सा के नाम पर षड्यंत्र और लूट को समाप्त किया जाएगा: आचार्य बालकृष्ण



### चिकित्सा विज्ञान लोक कल्याण के लिए होना चाहिए, धनोपार्जन के लिए नहीं: रामदेव

*स्वामी रामदेव ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान लोक कल्याण के लिए होना चाहिए, धनोपार्जन के लिए नहीं। आचार्य बालकृष्ण ने विश्व भर में प्रख्यात 9 चिकित्सा पद्धतियों के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि आयुर्वेद अपनी क्षमताओं के कारण जबकि अन्य पद्धतियां स्थान विशेष या परंपरा के कारण जानी जाती है। उन्होंने महर्षि चरक एवं आचार्य सुश्रुत के कालखंड के बारे में शास्त्रीय प्रमाण, भौगोलिक एवं ऑकियोलॉजिकल प्रमाण के बारे में भी विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि पतंजलि आयुर्वेद चिकित्सालय में आधुनिक चिकित्सा पद्धति द्वारा अल्प व्यय में विश्वस्तरीय उपचार होगा और चिकित्सा के नाम पर षड्यंत्र ओर लूट को समाप्त करने का काम किया जाएगा।*

### कार्यक्रम आयुष मंत्रालय ओडिशा सरकार की अध्यक्षता में हुआ

*केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी, डॉ.विपिन कुमार महासचिव एकीकृत आयुष परिषद, डॉ.सुनील आहूजा, पद्मश्री डॉ.बीएन गंगाधर अध्यक्ष राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, डॉ.विशाल मागो प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी एम्स ऋषिकेश ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र आयुष का प्रारंभ डॉ.बीएन गंगाधर अध्यक्ष राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग एवं प्रोफेसर डी गोपाल सी नंदा अध्यक्ष सशक्त समिति आयुष मंत्रालय ओडिशा सरकार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें 5 वक्ताओं क्रमशः प्रोफेसर वैद्य राकेश शर्मा गुरु रविदास आयुर्वेद विवि होशियारपुर, पंजाब, डॉ.मनु मल्होत्रा प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष इंटरनल मेडिसिन विभाग एम्स ऋषिकेश, प्रोफेसर पुलक मुखर्जी प्रोफेसर फार्मास्यूटिकल टेक्नोलॉजी विभाग जादवपुर विवि कोलकाता ने अपने शोध प्रस्तुत किए।*

### पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय ने अपने शोध प्रस्तुत किए

*कार्यक्रम के दूसरे सत्र में समग्र नैदानिक प्रकरण चर्चा का प्रारंभ प्रोफेसर डॉ.गोपाल सी नंदा एवं प्रोफेसर पुलक मुखर्जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें तीन रोगों क्रमशः सीओपीडी के निदान पर दो वक्ताओं क्रमशः प्रोफेसर डॉ.मीनाक्षी धर, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, जरा विज्ञान विभाग एम्स ऋषिकेश एवं डॉ.श्रीधी धनराज अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर शिक्षा, काया चिकित्सा विभाग, पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय की ओर से अपने शोध प्रस्तुत किए गए। इसके बाद मधुमेह के निदान पर प्रोफेसर पी हेमंता कुमार राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विवि जयपुर एवं प्रोफेसर सचिन गुप्ता शल्य चिकित्सा विभाग पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय द्वारा अपने शोध प्रस्तुत किए गए। इसी क्रम में रोग निवारण विधि डॉ.रमण संतरा और डॉ.धीरज कुमार त्यागी प्रोफेसर स्वास्थवृत्त और योग विभाग पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय एवं डॉ.मोनिका पठानिया चिकित्सा विभाग एम्स ऋषिकेश की ओर से अपने शोध प्रस्तुत किए गए। इसी क्रम में समापन चल रहे पोस्टर सत्र की अध्यक्षता डॉ.प्रदीप नयन, डॉ.रश्मि अतुल जोशी, डॉ.कनक सोनी एवं डॉ.रमाकांत मर्दे ने किया।*

## बीएसएनएल ने पेश किया खास ऑफर

# एक रुपए में मिलेगा अनलिमिटेड बेनिफिट वाला रिचार्ज प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




भारत संचार निगम लिमिटेड यानी बीएसएनएल एकमात्र सरकारी टेलीकॉम कंपनी है। बीएसएनएल लोगों के बीच अपने सस्ते रिचार्ज प्लान को लेकर काफी लोकप्रिय है। पिछले कुछ समय में बीएसएनएल से कई यूजर्स जुड़े हैं। इसी के साथ साथ बीएसएनएल ने 4जी सर्विस भी शुरू कर दी है, जिसके बाद अब कंपनी 5जी नेटवर्क को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है। बीएसएनएल समय समय पर अपने यूजर्स के लिए नए रिचार्ज प्लान और ऑफर पेश करती रहती है। अब बीएसएनएल ने अपने यूजर्स को खुश करते हुए एक नया खास ऑफर पेश किया है।

### बीएसएनएल का स्वतंत्रता दिवस ऑफर

*बीएसएनएल भोपाल के जीएम धाकड़ ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के लिए एक खास ऑफर पेश किया है, जिसका नाम फ्रीडम प्लान है। यह खास ऑफर 1 अगस्त से शुरू हो गया है, जो कि 31 अगस्त 2025 तक चालू रहेगा। बीएसएनएल के फ्रीडम प्लान के तहत बीएसएनएल अपने यूजर्स को 1 रुपए में अनलिमिटेड बेनिफिट वाला रिचार्ज प्लान ऑफर कर रहा है।*

### बीएसएनएल का 1 रुपए वाला प्लान

*बीएसएनएल का 1 रुपए वाला प्लान 30 दिनों की वैलिडिटी के साथ आता है. 30 दिनों की वैलिडिटी वाले इस प्लान में यूजर्स को अनलिमिटेड फ्री कॉलिंग, रोजाना 2जीबी डेटा और रोजाना 100 फ्री एसएमएस का लाभ मिलेगा। बीएसएनएल अपने स्वतंत्र दिवस के ऑफर के तहत यूजर्स को फ्री सिम भी ऑफर कर रहा है. इस फ्री सिम के बाद यूजर्स केवल 1 रुपये में अनलिमिटेड बेनिफिट्स का लाभ ले सकते हैं।*

### केआरएन हीट का शुद्ध लाभ 15.69 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने अनॉडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए है। कंपनी की कुल आय 18.65 फीसदी वृद्धि के साथ कुल आय117.14 करोड़ रुपए पहुंच गया है। एबिटा 16.02 फीसदी की वृद्धि 19.79 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 34.85 फीसदी की वृद्धि हुई और शुद्ध लाभ 15.69 करोड़ रुपए पहुंच गया। कंपनी ने 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही के लिए 117.13 करोड़ रुपये का कुल राजस्व भी दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 98.72 करोड़ रुपए था।

## फेसलेस टैक्स सिस्टम, जीएसटी नोटिसों पर विशेषज्ञों ने उठाए अहम सवाल

# 200 कर सलाहकार, एडवोकेट, सीए और उद्योग प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ, कर प्रणाली सुधार की दिशा में राष्ट्रीय मंथन




वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी केएसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल एंड टैक्सपेयर (नेशनल फोरम) और भोपाल टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में दिल्ली, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात, छत्तीसगढ़, उत्तरप्रदेश सहित देशभर के करीब 200 कर सलाहकार, एडवोकेट, सीए और उद्योग प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि मप्र सरकार के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि आमजन टैक्स कानूनों की बारीकियों को नहीं समझ पाते, ऐसे में कर सलाहकारों की यह मंथन बैठक सिस्टम को बेहतर और जनहितकारी बनाने में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि अधिक राजस्व प्राप्ति के लिए नियमों का पालन सहज और सुगम बनाना होगा।

### कानूनी प्रावधानों पर बेबाक चर्चा

दिल्ली से आए सुप्रीम कोर्ट के प्रैक्टिसनर एडवोकेट कपिल गोयल ने संविधान के अनुच्छेद 265 का उल्लेख करते हुए कहा कि बिना विधिक अधिकार के कोई भी टैक्स नहीं वसूला जा सकता। उन्होंने अमित ट्रेडर्स बनाम उत्तरप्रदेश शासन फैसले को उद्धृत करते हुए फेसलेस टैक्स सिस्टम को माइंडले कहा और कहा कि हर आदेश में टैक्सपेयर के जवाब का उल्लेख होना चाहिए, समरी ऑर्डर प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। जयपुर से पहुंचे एडवोकेट जतिन हरजाई ने जीएसटी सेक्शन 74 व 129 के प्रावधानों की व्याख्या करते हुए कहा कि "शो कॉज नोटिस में आरोप स्पष्ट हों, अन्यथा उसका उत्तर देना जरूरी नहीं है।" उन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज केस में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का हवाला देकर कहा कि नोटिस के साथ एमओवी-7 के साथ डीआरसी -1 देना अनिवार्य है। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी गवाह के बयान के आधार पर करदाता के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है तो करदाता को क्रॉस एग्जामिनेशन अर्थात जिरह का अवसर देना जरूरी है।

### सिस्टम सुधार की रखी मांग

सेमिनार में उपस्थित विशेषज्ञों ने कहा कि फेसलेस टैक्स सिस्टम में पारदर्शिता हो, आदेश की भाषा सरल हो तथा टेक्नोलॉजी का उपयोग टैक्सपेयर को सुविधा देने का माध्यम बने, भय पैदा करने का नहीं। कर सलाहकारों ने सुझाव दिया कि टैक्स नोटिस, ऑर्डर और अपील की प्रोसेस को कम समयबद्ध, तर्कसंगत और न्यायसंगत बनाया जाए। साथ ही टैक्सपेयर्स और प्रोफेशनल्स को प्रशिक्षण और संवाद के अधिक अवसर दिए जाएं।

### प्रमुख प्रतिभागी एवं पदाधिकारी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में एसोसिएशन ऑफ टैक्सपेयर एंड प्रोफेशनल (नेशनल फोरम) के महासचिव पराग सिंघल, उपाध्यक्ष संतोष गुप्ता, मप्र चैप्टर अध्यक्ष राजेश्वर दयाल, महासचिव रविंद्र खरे, उपाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, गोविंद शरण, सह सचिव संजीव श्रीवास्तव, प्रवक्ता धीरज अग्रवाल, टैक्स लॉ बार एसोसिएशन भोपाल अध्यक्ष मृदुल आर्य, बीटीपीए अध्यक्ष संतोष शाक्य, सचिव नीलेश कुशवाह, कार्यक्रम संयोजक अंकुर अग्रवाल और हरि सिंह वर्मा सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने आशा व्यक्त की कि इस तरह के संवाद से ना केवल करदाताओं के अधिकारों की रक्षा होगी बल्कि कर प्रशासन और करदाताओं के बीच भरोसे की नई नींव स्थापित होगी। मंच से सरकार को यह संदेश भी गया कि कर सुधारों में "सहजता, पारदर्शिता और न्याय" को प्राथमिकता दिए बिना ईज ऑफ डूइंग बिजनेस संभव नहीं है।

## डायनापार क्यूपीएस दुनिया का पहला पेनलेस डाइक्लोफेनाक इंजेक्शन

# नवाचार अब सिर्फ चलन नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुकी है: डॉ. पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



आज के तेजी से बदलते फार्मास्युटिकल परिदृश्य में इनोवेशन यानी नवाचार अब सिर्फ एक चलन नहीं, बल्कि आवश्यकता बन चुकी है। ऐसे समय में जब दवाइयों की दुनिया तकनीक और मानव-कल्याण के संगम पर खड़ी है, उद्देश्य से प्रेरित नवाचार और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का मेल पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। यह बात ट्रोइका फार्मास्युटिकल्स के चेयरमैन डॉ. केतन आर. पटेल ने कही। जिन्होंने ट्रोइका फार्मास्युटिकल्स के बैनर तले मरीजों की देखभाल को एक नई ऊंचाई दी और वैश्विक स्तर के कई नवाचार किए हैं। डॉ. पटेल ने कि हमारे लिए नवाचार कोई मील का पत्थर नहीं, बल्कि एक सोच है। ट्रोइका में हम खुद को सिर्फ दवा निर्माता नहीं, बल्कि समस्या का समाधान करने वाला मानते हैं। हमारा उद्देश्य केवल एक है मरीजों की देखभाल को बेहतर बनाना, और इसके लिए हम सुरक्षित, प्रभावी और सुविधाजनक समाधान विकसित करते हैं।




### अब तक लाखों मरीजों को मिल चुका है लाभ

डॉ. पटेल "डायनापार एक्यू" का उदाहरण देते हैं, जो दुनिया का पहला पेनलेस डाइक्लोफेनाक इंजेक्शन है। इंजेक्शन के समय होने वाले दर्द की समस्या को हल करने के लिए हमने इसकी फॉर्मूलेशन को फिर से डिजाइन किया, जिससे मरीजों को सूजन से राहत तो मिली, लेकिन दर्द के बिना, वे बताते हैं। अब तक लाखों मरीजों को इस नवाचार से लाभ मिल चुका है।

### अमेरिका समेत कई देशों में इसे मान्यता मिली

उन्होंने कहाकि डायनापार क्यूपीएस एक टॉपिकल सॉल्यूशन जो पारंपरिक स्प्रे की तुलना में 5 गुना गहराई तक पहुंचता है। हमने बाहरी दर्द उपचार के तरीके को सुधारने का अवसर देखा। हमने लक्षणों को छुपाने की बजाय दवा को लक्षित ऊतकों तक पहुंचाने पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. पटेल ने कहाकि क्यूपीएस टेक्नोलॉजी पेटेंटेड है और अमेरिका समेत कई देशों में इसे मान्यता मिली है। यह त्वचा में 5एक्स प्रभावी रूप से प्रवेश करती है जिससे लंबे समय तक दर्द से राहत मिलती है।

### नासो बी12, ट्रोइका का एक और क्रांतिकारी नवाचार

डॉ.पटेल ने कहाकि भारत में 40 फीसदी से अधिक वयस्कों में विटामिन बी12 की कमी है। पहले इसका एकमात्र प्रभावी इलाज दर्दनाक इंजेक्शन थे। हमने दुनिया का पहला नाक से लिया जाने वाला विटामिन बी12 स्प्रे बनाया, जो इंजेक्शन जितना ही असरदार है, लेकिन बिना दर्द और बिना परेशानी के।

### पुरस्कार नहीं, मरीज लाभांवित हो यही असली इनाम

*ट्रोइका की इस निरंतर नवाचार-यात्रा को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जो इस कंपनी को फार्मा इंडस्ट्री में एक अग्रणी बनाते हैं। लेकिन डॉ. पटेल के लिए नवाचार का असली इनाम कुछ और है पुरस्कार संतोषजनक हैं, लेकिन हमारा असली इनाम तब मिलता है जब कोई मरीज हमारे बनाए उत्पाद से लाभांवित होता है। यही हमें आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। वे आगे कहते हैं कि हमेशा ऐसे विचारों की जरूरत रहेगी जो परंपरा को तोड़ें, वैज्ञानिक सोच से प्रेरित हों और मरीज को सबसे पहले रखें यहीं असली प्रगति है।*

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हटा जिला दमोह (म. प्र.)**

मामला क्रमांक 0034/अपील/2024-25

मनोज सोनी पिता स्वर्गीय मुन्ना लाल सोनी एवं अन्य 03 निवासी पटेरा तहसील पटेरा जिला दमोह (म.प्र.)....................अपीलार्थीगण

विरूद्ध

दुर्गेश पिता गोविन्द प्रसाद सोनी एवं अन्य 17 निवासी पटेरा तहसील पटेरा जिला दमोह (म.प्र.)................उत्तरवादीगण

पेशी दिनांक 18/08/2025

अपीलार्थी द्वारा अपील अंतर्गत धारा 44 म.प्र.भू-राजस्व संहिता के तहत प्रस्तुत कर तहसीलदार पटेरा के रा.प्र.क. 0889 अ / 6 वर्ष 2021-22 मे पारित आदेश दिनांक 30/12/2021 को निरस्त करने का अनुतोष चाहा है। प्रस्तुत अपील पंजीबद्ध कर उत्तरवादीगण को तलब किया गया, किन्तु उत्तरवादी क्रमांक 17 ममता पति शिवराम सोनी पुत्री काशीराम सोनी निवासी बिहारी जी मंदिर के पीछे बड़ा बाजार सागर, तहसील व जिला सागर (म.प्र.) को रजिस्टर्ड डाक द्वारा सूचना पत्र जारी किये जाने के उपरांत विधिवत तामील नही किया जा सका। अत उत्तरवादी को जरिये समाचार पत्र में सूचना प्रकाशन करायी जाकर निर्देशित किया जाता है कि उत्तरवादी क्रमांक-17 अपील प्रकरण मे अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत पेशी दिनांक 18/08/2025 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे।

उत्तरवादीण को सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तिथि में इस न्यायालय में उपस्थित नही होगे, तो अपील में एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा उत्तरवादीगण की अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक 01/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया।

मुद्रा

(राकेश सिंह मरकाम)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
हटा, जिला-दमोह (म.प्र.)

## बिजनेस न्यूज

### नवीन छात्र कार्यकारिणी का गठन और शपथ ग्रहण समारोह



**भोपाल।** राजधानी के छोला ओवर ब्रिज के समीप स्थित कमला देवी पब्लिक स्कूल में नवीन छात्र कार्यकारिणी का गठन और शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लाह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल बैंड की धुन पर कदमताल से हुई। कड़ी में विद्यार्थियों ने समूह गान कदम कदम बढ़ाए ....जा की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अभिषेक वर्मा, वरिष्ठ कवि एवं इंजीनियर, स्कूल संचालक राकेश शर्मा, ओपी गुर्जर एवं प्राचार्या डॉ.विनीता मिश्रा ने नव निर्वाचित छात्र परिषद को बैज एवं सैशे प्रदान किए एवं सभी को शपथ दिलाई व अनुशासन के साथ कार्य करने की सीख दी। कार्यकारिणी में कमांडर ,अदिति भार्गव, निखिल राठोर, हेड बॉय आयुष सिंह,हेड गर्ल समन मोटवानी को चुना गया।

### भाईचारे की मिसाल बनी रामधूनी 'सुंदरकांड' पाठ



**भोपाल।** राजधानी एमपी नगर, प्लॉट नंबर 72, आदित्य एवेन्यू स्थित खाकरे पब्लिकसिटी में सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आसपास के सभी व्यापारी बंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामूहिक रामधूनी में मग्न होकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। विशेष रूप से जब हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ हुआ, तो समस्त व्यापारियों ने एक स्वर में भावपूर्ण पाठ कर संपूर्ण परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार कर दिया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को प्रबल किया, बल्कि पड़ोसियों के बीच भाईचारे और सौहार्द की भावना को भी मजबूत किया। कार्यक्रम में पब्लिक सिटी के संचालक सहित अनेक व्यापारीगण उपस्थित रहे। आयोजन के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण भी किया गया।

### होंडा ने जुलाई में की 5,15,378 यूनिट्स की बिक्री

**गुरुग्राम।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने जुलाई 2025 में कुल 5,15,378 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की, जिसमें घरेलू बाजार में 4,66,331 यूनिट्स और एक्सपोर्ट में 49,047 यूनिट्स शामिल हैं। जून 2025 की तुलना में यह आंकड़ा 20 फीसदी की मंथ-ऑन-मंथ ग्रोथ दर्शाता है। वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल से जुलाई 2025) के चार महीनों में होंडा की कुल बिक्री 18,88,242 यूनिट्स रही, जिसमें घरेलू बिक्री 16,93,036 यूनिट्स और एक्सपोर्ट 1,95,206 यूनिट्स रहा।

### मंडी प्रांगण में हुआ पीएम किसान सम्मान निधि का राज्य स्तरीय कार्यक्रम



**भोपाल।** राजधानी के करोंद स्थित मंडी प्रांगण में पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृषि मंत्र ऐदल सिंह कंसाना उपस्थित हुए। इसके साथ ही कृषि सचिव निशांत वरवड़े ,कृषि संचालक अजय गुप्ता, मंडी बोर्ड के आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम,संयुक्त संचालक अपर कलेक्टर श्रीमती रितु चौहान, किसान नेता रवीश चौहान, ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी, अशोक मीणा, जगदीश यादव कार्यक्रम में उपस्थित रहे। वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण मध्य प्रदेश की समस्त 259 मंडियों में लाखों किसानों देखा। कार्यक्रम में भारी संख्या में किसान भाई, मंडी के व्यापारी, हम्माल, तलावटी तथा जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के रूप में 20वीं किस्त, 9 करोड़ 70 लाख से अधिक किसानों को, 20 हजार 500 करोड़ रुपए की सममान राशि का हस्तांतरण किया गया।

### केनरा बैंक के सीबीओए के अधिकारियों ने बांटी अनाश्रित बच्चों को खेल सामग्री



**भोपाल।** केनरा बैंक सीबीओए के अधिकारियों ने केनपाल के बैनर तले सीबीओए के जनरल सेक्रेटरी के रवि कुमार जीके मार्गदर्शन में तथा केके त्रिपाठी के नेतृत्व में शिवपुरी में मंगलम बाल गृह में अनाश्रित बच्चों को खेल सामग्री और जूते -मोजे तथा खाने का सामग्री का वितरित कर मानवता की सेवा की। बैंक के अधिकारी बैंक में ग्राहक सेवा के साथ-साथ सामाजिक कार्य में भी योगदान देते हैं सीबीओए के अधिकारियों ने किया गया। यह सामाजिक कार्य मानवता की मिसाल पेश करता है। इस सामाजिक कार्य में बाल गृह के प्रभारी अजय सेमरिया तथा केनरा बैंक से सीबीओए शिवपुरी के गौरव गुप्ता,धर्मेंद्र,उज्जवल, राम नरेश मीणा, टीएन वेंडियाजी, पुष्कर पांडेय पियूष शर्मा तथा मनीष चतुर्वेदी मौजूद रहें।

### न्यू इंडिया फाउंडेशन ने अनुवाद फेलोशिप के लिए आमंत्रित किए आवेदन

**नई दिल्ली।** न्यू इंडिया फाउंडेशन ने 2025 सत्र के लिए अपनी ट्रांसलेशन फेलोशिप के तीसरे चरण की घोषणा कर दी है। इसके तहत देशभर के अनुवादकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 1 अगस्त 2025 से शुरू होंगे और 31 दिसंबर 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे। यह फेलोशिप भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, क्योंकि इसका बड़ा हिस्सा आज भी क्षेत्रीय भाषाओं तक सीमित है। न्यू इंडिया फाउंडेशन (एनआईएफ) ट्रांसलेशन फेलोशिप्स के माध्यम से देश की प्रमुख भारतीय भाषाओं से अंग्रेजी में महत्वपूर्ण नॉन-फिक्शन कृतियों का अनुवाद कराया जाता है, ताकि भारत की भाषाई विविधता को देश-विदेश के व्यापक पाठक वर्ग तक पहुंचाया जा सके।

### सैमसंग और स्टार्टअप इंडिया ने की साझेदारी



**गुरुग्राम।** इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने भारत सरकार की प्रमुख पहल स्टार्टअप इंडिया के साथ एक रणनीतिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसका उद्देश्य भारत के दूरदराज के क्षेत्रों के युवा नवप्रवर्तकों को सशक्त बनाना और सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के साथ देश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करना है इस समझौता ज्ञापन पर नई दिल्ली में हस्ताक्षर किए गए और यह सैमसंग की प्रमुख राष्ट्रव्यापी नवाचार प्रतियोगिता, सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो, और स्टार्टअप इंडिया के इनक्यूबेशन, मेंटरशिप और नीतिगत समर्थन के मजबूत राष्ट्रीय पारिस्थितिकी तंत्र को एक साथ लाता है। सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के कॉरपोरेट वाइस प्रेसिडेंट एस. पी. चुन ने कहाकि सैमसंग में हमारा मानना है कि जब युवाओं को सही मंच और सहयोग मिलता है, तो नए-नए विचार उभरते हैं। स्टार्टअप इंडिया के साथ हमारी यह साझेदारी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' की सोच और स्टार्टअप इंडिया के व्यापक नेटवर्क को एक साथ लाकर हम देश के दूर-दराज के इलाकों से युवाओं को आगे लाना चाहते हैं और उन्हें आने वाले समय के समस्या समाधानकर्ता बनने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।

### एआरसीआईएल ने दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई ।** एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी (इंडिया) लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड में अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। इस आईपीओ में 10 रुपए के फेस वैल्यू वाले अधिकतम 10,54,63,892 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है। इसमें एवेन्यू इंडिया रिसर्जेंस द्वारा 68,739,034 इक्विटी शेयर, भारतीय स्टेट बैंक द्वारा 10 रु. अंकित मूल्य के 19,445,000 इक्विटी शेयर, लेथ इन्वेस्टमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 10 रु .अंकित मूल्य के 16,244,858 इक्विटी शेयर और फेडरल बैंक लिमिटेड द्वारा 10 रुपए अंकित मूल्य के 1,035,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं।

**कार्यालय वन मण्डल भोपाल**
74 बंगला, खेल परिसर लिंक रोड कं.-1 भोपाल फोन नं. 2674359 (कार्या.) 2674322 (Fax)
E-mail dfotbpl@mp.gov.in

**"सार्वजनिक सूचना"**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आरामशीन मेसर्स डीलक्स टिम्बर मर्चेन्ट प्रो. मो. लाल अली, निवासी म.नं. 01 गली नं. 01 बी सेक्टर बाग उमराव दुल्हा भोपाल, की मृत्यु उपरांत आरामशीन का नाम मेसर्स डीलक्स टिम्बर मर्चेन्ट श्री लताफत अली, निवासी म.नं. 01 गली नं. 01 बी सेक्टर बाग उमराव दुल्हा भोपाल के नाम से बिना स्थान परिवर्तन के किया जाना है। आरामशीन नामांतरण के संबंध में श्री लताफत अली के अतिरिक्त परिवार के किसी अन्य सदस्य, किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिकर्ता के माध्यम से अपनी आपत्ति इस कार्यालय में उपस्थित होकर दर्ज करा सकते है। बाद दिनांक कोई दावा/आपत्ति स्वीकार्य नही की जावेगी। प्रकरण में आरामशीन का नामांतरण आरामशीन मेसर्स डीलक्स टिम्बर मर्चेन्ट, श्री लताफत अली के नाम से बिना स्थान परिवर्तन म.नं. 01 गली नं. 01 बी सेक्टर बाग उमराव दुल्हा भोपाल कर दिया जायेंगा।

जी - 16726/25 | स्वच्छता ही सेवा है। | वनमण्डलाधिकारी सामान्य वन मण्डल भोपाल

## चिंतन

# सियासी लाभ के लिए चुनाव आयोग को बदनाम न करें

स्वतंत्र संवैधानिक संस्थाएं किसी भी मजबूत लोकतंत्र की नींव होती हैं। लोकतंत्र तभी जिंदा रह सकता है जब ये संस्थाएं निष्पक्ष और पूर्ण आजादी से फैसले लें। यही कारण था कि हमारे संविधान में देश की संस्थाओं को आजाद रखने के लिए अनेक प्रावधान किए गए बल्कि अधिकार भी दिए गए। ऐसी ही एक संस्था है चुनाव आयोग। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में चुनाव एक ऐसी बुनियाद है, जिस पर लोकतंत्र की इमारत टिकी हुई है। इस बुनियाद को बनाए रखने में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव से जुड़े सिद्धांत और प्रक्रियाएं अहम भूमिका निभाती हैं। इसे चुनाव आयोग ने बाखूबी निभाया भी है। 400 से अधिक राज्य विधानसभा चुनाव, 16 राष्ट्रपति चुनाव, 16 उपराष्ट्रपति चुनाव और 17 राष्ट्रीय चुनाव को सफलतापूर्वक करवाना सामान्य बात नहीं है, लेकिन बीते कुछ दिनों से आयोग को ही कठघरे में खड़ा करने के प्रयास हो रहे हैं, उसकी निष्पक्षता पर उंगली उठाई जा रही है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए। वे लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अपनी हार का ठीकरा चुनाव आयोग पर फोड़ रहे हैं। यहां तक कि वे आयोग के अधिकारियों को चेतावनी देने से भी नहीं चूक रहे। यह ठीक है कि चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के आरोपों का कड़ा प्रतिवाद करने के साथ यह कहकर उन्हें बेनकाब भी किया कि वे किस तरह अपने आरोपों का जवाब सुनने को उसके समक्ष उपस्थित नहीं हुए। चुनाव आयोग ने बार-बार उन्हें बुलाया, लेकिन लगता है कि वे संवैधानिक संस्था को बदनाम करने पर ही आमादा हैं। राहुल गांधी के साथ-साथ बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आरजेडी नेता तपस्वी यादव भी चुनाव आयोग को निशाने पर ले रहे हैं। वे बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची के सत्यापन से नाराज हैं। जबकि बिहार में मतदाता सूची के सत्यापन की कार्रवाई अनिवार्य है, लेकिन राजनीतिक दलों द्वारा आयोग की इस कार्रवाई के खिलाफ तरह-तरह से भ्रामक और गलत प्रचार किया जा रहा है। यह ठीक है कि चुनाव आयोग मतदाता सूची के सत्यापन संबंधी फर्जी पोस्ट एवं वीडियो को खोज-खोज कर उन्हें गलत बता रहा है और इसी के साथ सच्चाई भी बयान कर रहा है, लेकिन इसे पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। चुनाव आयोग को ऐसे भ्रामक वीडियो एवं पोस्ट करने वालों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई भी करनी चाहिए। यदि इस तरह की फर्जी न्यूज फैलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो शरारती तत्वों का दुस्साहस ही बढ़ेगा। अब तपस्वी यादव को ही लें, उन्होंने पत्रकारवार्ता करके ऐलान कर दिया कि मतदाता सूची से उनका और उनकी पत्नी का नाम काट दिया गया है। हद तो तब हो गई जब तेजस्वी ने अपने वोटर कार्ड का नंबर भी बता दिया। इसके तुरंत बाद चुनाव आयोग ने न केवल इसका खंडन किया बल्कि अब उन्हें नोटिस भेजा है। इसमें पूछा गया है कि उनके पास वोटर कार्ड के दो ईपिक नंबर कैसे आए। बिहार की दीघा विधानसभा के निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी ने नोटिस में कहा है कि आपके द्वारा ईपिक संख्या आएएबी 2916120 दिखाया गया, जो आधिकारिक रूप से जारी नहीं किया गया है। इससे बिलकुल साफ है कि उनका इरादा केवल चुनाव आयोग को बदनाम करने का है, जो कतई लोकतंत्र के हित में नहीं है। सभी राजनीतिक दलों को चाहे वो सत्ता में हो या विपक्ष में, हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हमारी संवैधानिक संस्थाओं पर कोई आंच न आए। अगर ये स्वतंत्र नहीं रह पाईं तो लोकतंत्र भी नहीं रह पाएगा।



सियासत
राजकुमार सिंह

> संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले आप का 'इंडिया' गठबंधन से अलगाव बताता है कि भाजपानीत राजग के चुनावी मुकाबले के बड़े लक्ष्य के साथ हुई विपक्षी एकता परस्पर दलगत हितों के टकराव के ग्रहण से नहीं बच पा रही। आप के अलगाव से उजागर विपक्ष के अंतर्विरोध निश्चय ही केंद्र समेत ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी अगुवाई वाले राजग के लिए उत्साहवर्धक हैं। लगातार दो लोकसभा चुनाव हार कर एकता की राह पर चले विपक्ष में बिखराव उसके अपने भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव तो 2029 में होंगे, लेकिन उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणामों का विपक्षी मनोबल पर ही नहीं, मतदाताओं के मन पर भी दूरगामी असर पड़ेगा।

# विपक्षी एकता पर भारी कांग्रेस-आप टकराव

संसद के मानसून सत्र से ठीक पहले आप का 'इंडिया' गठबंधन से अलगाव बताता है कि भाजपानीत राजग के चुनावी मुकाबले के बड़े लक्ष्य के साथ हुई विपक्षी एकता परस्पर दलगत हितों के टकराव के ग्रहण से नहीं बच पा रही। वर्ष 2023 के मध्य में बने दो दर्जन विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जदयू और जयंत चौधरी के रालोद की विदाई पिछले साल लोकसभा चुनाव से पहले ही हो गयी थी। जाहिर है, उस अलगाव के दलगत टकराव के अलावा भी कुछ कारण रहे होंगे, लेकिन हाल में आप के 'इंडिया' गठबंधन से अलग होने के पीछे तो उसका कांग्रेस से टकराव ही एकमात्र कारण है। बेशक पहले दिल्ली और फिर पंजाब की सत्ता छीनने वाली आप से कांग्रेस का दलीय हितों का टकराव अस्वाभाविक नहीं, पर यह तो 'इंडिया' गठबंधन में उनके साथ आने से पहले भी सबको पता था।

दिल्ली पर लगातार 15 साल राज करने वाली कांग्रेस अगर वहां विधानसभा में शून्य हो गयी तो उसमें सबसे अहम भूमिका आप की ही रही। गुजरात और गोवा में भी आप की चुनावी मौजूदगी ने कांग्रेस को भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके बावजूद 'इंडिया' गठबंधन के बैनर तले ये दोनों दल साथ आये तो इसलिए कि भाजपानीत राजग को विपक्षी एकता बिना चुनौती दे पाना संभव नहीं। तमाम अंतर्विरोधों के बावजूद 'इंडिया' गठबंधन किसी हद तक वह लक्ष्य हासिल भी कर पाया, जब 2019 के लोकसभा चुनाव में अकेले दम पर 303 सीटें जीतने वाली भाजपा 2024 में 240 सीटों पर रुक गयी और सरकार के लिए राजग के अपने सहयोगियों पर उसकी निर्भरता बढ़ गयी। निश्चय ही गठबंधन का सबसे ज्यादा लाभ कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को हुआ, जो क्रमशः 52 से 99 और पांच से 37 सीटों पर पहुंच गयीं। ध्यान रहे कि कांग्रेस और आप, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात और चंडीगढ़ में तो लोकसभा चुनाव मिलकर लड़े, लेकिन पंजाब में एक-दूसरे के विरुद्ध। पंजाब में आप प्रचंड बहुमत से सत्तारूढ़ दल है, जबकि कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल। ऐसे में मिलकर चुनाव लड़ने से कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में तो भ्रम की स्थिति बनती ही, दोनों दलों की साख पर भी सवालिया निशान लग जाता। वैसे दिल्ली में दोनों मिलकर भी भाजपा को फिर सभी सात सीटें जीतने से नहीं रोक पाये। हां, हरियाणा में कांग्रेस 10 में से पांच सीटें जीतने में सफल हो गयी। चंडीगढ़ से भी कांग्रेस के मनीष तिवारी जीते।

कह सकते हैं कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन का आप को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, लेकिन दोनों के बीच तल्खियां बढ़ीं चंद महीने बाद हुए हरियाणा विधानसभा चुनाव से। कांग्रेस-आप में सीटों के बंटवारे पर बातचीत तो हुई, पर सिरे नहीं चढ़ पायी। नतीजतन आप ने 90 में 88 सीटों पर उम्मीदवार उतार दिये। आप को तो दो प्रतिशत मत भी नहीं मिल पाये, लेकिन सत्ता की दौड़ में भाजपा से कांग्रेस एक प्रतिशत से भी कम मतों से पिछड़ गयी। आश्चर्य नहीं कि उस नतीजे से कांग्रेस और आप के बीच बढ़ीं तल्खियां दिल्ली विधानसभा चुनाव में एक-दूसरे के विरुद्ध मोर्चेबंदी तक पहुंच गयीं। पिछले विधानसभा चुनाव में भी खाता खोलने में नाकाम रही। कांग्रेस ने इस बार जो चुनावी मोर्चाबंदी की, वह भाजपा के बजाय आप के विरुद्ध ज्यादा नजर आयी। दोनों के



बीच कटुता इतनी बढ़ी कि आप ने कांग्रेस को 'इंडिया' गठबंधन से बाहर निकालने की मांग तक कर डाली। आप से हिसाब चुकता करने का कांग्रेस का दांव कारगर रहा और 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में भाजपा की वापसी हो गयी। मत प्रतिशत और सीटों का गणित संकेत देता है कि अगर कांग्रेस-आप मिलकर लड़े होते तो शायद भाजपा की सत्ता में वापसी इतनी आसान नहीं होती। अरविंद केजरीवाल की आप ने जिस दिल्ली से सत्ता का सफर शुरू करते हुए सबसे कम समय में राष्ट्रीय दल का दर्जा हासिल किया, वहीं वह सत्ता से पैदल हो गयी। ऐसे में आप के पास भावी चुनावी राजनीति में गंवाने के लिए ज्यादा कुछ नहीं है, जबकि वह गुजरात, गोवा समेत कई राज्यों में कांग्रेस का चुनावी गणित बिगाड़ सकती है। हालांकि आप सांसद संजय सिंह द्वारा 'इंडिया' गठबंधन की कार्यशैली पर उठाये गये सवाल अपनी जगह जायज हैं, लेकिन अलगाव की असली वजह कांग्रेस से कटुता निर्णायक मोड़ पर पहुंच जाना ही है। आप सांसद संजय सिंह ने स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी संसदीय मुद्दों पर टीएमसी और डीएमके जैसे विपक्षी दलों के साथ समन्वय बनाए रखेगी और उनका समर्थन करेगी, जैसा कि ये दल आप का समर्थन करते हैं। निश्चय ही आप की उपस्थिति उन राज्यों में भाजपा की मददगार साबित होगी, जहां उसका कांग्रेस से सीधा मुकाबला रहा है। दरअसल भाजपा या उसकी अगुवाई वाले गठबंधन राजग के विरुद्ध जितने ज्यादा दल चुनाव मैदान में होंगे, विरोधी मत उतने ही ज्यादा बंट जायेंगे। भाजपा विरोधी मतों के इस बिखराव से बचने के लिए ही विपक्षी गठबंधन की कवायद हुई थी, लेकिन दो साल में ही गाड़ी पटरी से उतरती नजर आ रही है।

बेशक गठबंधन की सफलता सभी घटकों के सहयोग, समन्वय और समझदारी पर निर्भर करती है, लेकिन सबसे बड़े दल के नाते इसमें कांग्रेस की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। याद करिए कि जुलाई, 2023 में बनने के बाद से 'इंडिया' गठबंधन की कितनी बैठकें हुई हैं? संयोजक तो दूर, आज तक सचिवालय या संगठनात्मक ढांचा नहीं बन पाया। दो साल में न तो साझा न्यूनतम कार्यक्रम बना और न ही कभी संयुक्त चुनाव प्रचार नजर आया। हां, संसद में अवश्य कभी-कभी तालमेल दिखा, पर कुछ मुद्दों पर मतभेद भी छिपे नहीं रहे हैं। ऐसे में यह सवाल तो उठेगा ही कि आखिर 'इंडिया' गठबंधन जमीन पर क्यों नहीं उतर पाया? विपक्षी गठबंधन जब जमीन पर ही नजर नहीं आयेगा तो जनता उसके विकल्प बन सकने की क्षमता पर विश्वास कैसे करेगी? विडंबना यह भी है कि कांग्रेस अकसर अपने दलीय हितों के हिसाब से विचार और निर्णय करती नजर आयी है। आप समेत उत्तर भारत के ज्यादातर छोटे दलों ने कांग्रेस के ही परंपरागत जनाधार में सेंधमारी से अपना जनाधार बनाया है। मुद्दे भी कमोवेश समान हैं।

कांग्रेस की दुविधा यह है कि अपने पुनरुत्थान के लिए इन दलों से जनाधार वापस छीनना जरूरी है, जबकि उनसे हाथ मिलाये बिना भाजपा का चुनावी मुकाबला मुश्किल है। इस जटिल राजनीतिक समीकरण में संतुलन पर ही कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का चुनावी भविष्य निर्भर करता है। आप के अलगाव से उजागर विपक्ष के अंतर्विरोध निश्चय ही केंद्र समेत ज्यादातर राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा और उसकी अगुवाई वाले राजग के लिए उत्साहवर्धक हैं। जाहिर है, लगातार दो लोकसभा चुनाव हार कर एकता की राह पर चले विपक्ष में बिखराव उसके अपने भविष्य के लिए सुखद संकेत नहीं है। अगले लोकसभा चुनाव तो 2029 में होंगे, लेकिन उससे पहले होने वाले विधानसभा चुनावों के परिणामों का विपक्षी मनोबल पर ही नहीं, मतदाताओं के मन पर भी दूरगामी असर पड़ेगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## व्यापार समझौता

विकेश कुमार बडोला



# ट्रंप की आक्रामक नीतियों में उलझे द्विपक्षीय संबंध

अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आक्रामक नीतियों ने दुनिया में उलझन बढ़ा दी है। पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर भारत के प्रहार के बाद तो ट्रंप भारत के प्रति भी नाटकीय ढंग से अविश्वसनीय, हास्यास्पद तथा अनर्गल वक्तव्य देने लगे हैं। गत सवा दो माह में उन्होंने भारतीय गरिमा को अपने अनेक अप्रत्याशित वक्तव्यों से खंडित किया है। राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी फर्स्ट की अपनी चुनावी नीति को धरातल पर क्रियान्वित करने में उन्हें जो भी कठिनाइयां हो रही हैं, उसकी प्रतिक्रिया वे भारत समेत विश्व के भिन्न-भिन्न देशों को आयात-निर्यात शुल्क बढ़ाने की धमकियां देकर, शुल्क वृद्धि करके कर रहे हैं। पाकिस्तान स्थित अपनी सामरिक अवसंरचनाओं को भारत के प्रहार से हुई अधिक हानि के बाद वे भारतीय प्रधानमंत्री से रुष्ट हैं। जहां नरेंद्र मोदी भारतीय लोकतंत्र की आधिकारिक औपचारिकताओं से बंधकर चुपचाप भारतीय हितों का संरक्षण कर रहे हैं, वहीं ट्रंप भारत के संदर्भ में व्यापारिक समझौतों को भारतीय व्यापार मंत्रियों व प्रतिनिधियों के व्यापार-मंथन के आधार पर नहीं, अपितु नरेंद्र मोदी के साथ आमने-सामने बैठकर चुटकियों में एक संकेत पर अंतिम रूप दे देना चाहते हैं। चूंकि अमेरिकी प्रधान स्वयं में एक व्यापारी हैं, उनके पास अंतरराष्ट्रीय व्यापार का वर्षों पुराना अनुभव है तथा उस आधार पर उन्हें अमेरिका की ओर से अन्य देशों के साथ होने वाले व्यापारिक समझौतों के अमेरिकी हित में निकलने वाले निष्कर्ष भलीभांति ज्ञात हैं, इसीलिए वे नरेंद्र मोदी से भी अपेक्षा कर रहे हैं कि वे उनके अनुसार समझौते का किंतु-परंतु के बिना यथाशीघ्र निस्तारण कर दें। वे भूल रहे हैं कि इस समय भारत का केंद्रीय शासन एक सुशासन प्रणाली के नियम से बंधा हुआ है। ऐसे शासन के किसी भी कार्य, समझौते अथवा निर्णय में भ्रष्टाचार, अनाधिकृत प्रभाव एवं अधीरता का आचरण नहीं है। ट्रंप अपनी बढ़ती आयु तथा इस भय से कि संभवतः अब तीसरी बार राष्ट्रपति नहीं बन सकेंगे, अमेरिकी फर्स्ट की नीति अंगीकार कर जैसे-तैसे अमेरिका के प्रभाव को बड़ा व विशाल कर देना चाहते हैं। इस आवेश में वे अपने प्रथम कार्यकाल की उन नीतियों को भी भूल चुके हैं, जिनमें उन्होंने इस्लामिक आतंक को कुचलने के लिए व्यापक कार्य किये थे तथा इसी प्रभाव में मोदी की उनसे मैत्री स्थापित हुई थी। वे जैसे-तैसे इस समय की अपनी राजनीतिक इच्छाओं की पूर्ति कर लेना चाहते हैं। उनके साथ का अथवा उनके कार्यालय का कोई भी अन्य पदाधिकारी, यहां तक कि उप-राष्ट्रपति जेडी वेंस भी, अमेरिका की ओर से वक्तव्य देने के लिए स्वतंत्र नहीं है। ट्रंप को अमेरिका की ओर से राष्ट्रपति के रूप में अपना प्रभाव इतना अधिक व्यापक कर देना है कि वे उस आधार पर रूस-यूक्रेन समेत दुनिया के अन्य देशों के मध्य हुए या होते आ रहे युद्धों को समाप्त करने का महत्ती श्रेय लेना चाहते हैं। इस महत्वाकांक्षा के पूर्ण होने पर उन्हें नोबल पुरस्कार प्राप्त करने की अभिलाषा भी है। इतना सब उनके पक्ष में उनके अनुसार होने के लिए उनके पास राष्ट्रपति के रूप में मात्र दो-ढाई वर्ष का ही समय शेष है। अतः वे भारत के संदर्भ में, मोदी के संबंध में भी अपने चिरपरिचित मैत्रीपूर्ण व्यवहार से विमुख हो चुके हैं। उन्हें किसी भांति, चाहे भारत तथा मोदी को ही रुष्ट क्यों न करना पड़े, अपनी महत्वाकांक्षाएं पूरी करनी हैं। वे अपनी राजनीतिक एवं व्यापारिक चतुरता दिखाते हुए हर संभव प्रयास कर रहे हैं कि भारत को, विशेषकर उनकी शर्तों पर व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में देर करने वाले मोदी को, नीचा दिखाया जाए। इसके लिए उन्होंने भारत-पाक युद्ध को रुकवाने के लिए खुद को पचास से अधिक बार श्रेय दे दिया है। वे रूस के साथ भारत की सामरिक-व्यापारिक मैत्री के लिए भी भारत को अनेक धमकियां दे चुके हैं। चूंकि भारत सुशासन के साथ उभरती हुई एक वैश्विक शक्ति बन रहा है, इसीलिए वह अपने आत्मसम्मान से समझौता नहीं करते हुए अमेरिकी प्रस्ताव को अस्वीकार करने पर लगा हुआ है। भारत को मृत अर्थव्यवस्था बताने वाले तथा पाकिस्तान में तेल स्रोत ढूंढ उसे समृद्ध कर एक दिन भारत को भी उससे तेल खरीदने के लिए विवश कर देने वाले, ट्रंप के नवीनतम वक्तव्यों ने अंततः भारत को प्रतिक्रिया के लिए विवश कर ही दिया है। परिणाम में भारत ने अमेरिका के एफ-35 फाइटर जेट्स को खरीदने के बारे में पूर्व के अनेक किंतुओं-परंतुओं के बाद अब अंतिम रूप से उन्हें निकट भविष्य में नहीं खरीदने की घोषणा कर डाली है। इसके प्रत्युत्तर में ट्रंप ने भारत पर एक अगस्त से लागू होने वाले 25 प्रतिशत शुल्क आरोपण नियम को अब आठ अगस्त तक के लिए टाल दिया है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मन से तय होती है जीवन की सही दिशा



संकलित
दर्शन

अकसर समस्याओं में लोग दूसरों को पुकारते हैं जबकि यदि लोग अपने मन को अंतर्मुख करें, तो समाधान उन्हें अपने में ही मिल जाएगा। बस कुछ समय निकाल कर खुद के अंदर झांकने की जरूरत होती है। कहते हैं कि मन से जीवन की दिशा तय होती है, लेकिन ये बड़ा चंचल होता है। इसे समझना आसान नही है। मन को दुखी न करो : हमेशा उन विचारों को दूर करने की कोशिश करें जो मन को दुख पहुंचाने वाले हैं। उन बातों को भी मन पर बिलकुल हावी न होने दें जो आपके अंदर नकारात्मकता भरती हैं। मन को पकडक़र न बैठो : अकसर मन इधर-उधर भागने लगता है। ऐसे में उसे भागने दो। उसे जबरदस्ती पकडक़र रोकने की कोशिश न करो। इसके बाद इसके पीछे जाओ और इसे वापस ले आओ। वह कहते हैं कि इनसान स्वयं अपने मन को खुश रखने के लिए जिम्मेदार है। ऐसे में उसे यह दृढ़ संकल्प करना जरूरी है कि चाहे कुछ भी हो जाए, कोई भी व्यक्ति मेरी खुशी नहीं छीन सकता। जीवन को एक सही दिशा देने में मन की विशेष भूमिका होती है। जीवन में ऐसा कुछ नहीं है, जिसके प्रति बहुत गंभीर रहा जाए। यह हाथों में खेलने के लिए एक गेंद है। इसे पकड़े मत रहो। इंसानी जीवन में इच्छा को कभी भी खुद पर हावी न होने दो। इच्छा हमेशा अकेले मैं शब्द पर लटकती रहती है। ऐसे में जब इंसान मैं का त्याग कर देता है, तब इच्छा भी समाप्त हो जाती है। जीवन को लेकर गहराई से सोचिए। अतीत में बहुत सी समस्याएं आई थीं, जो आज नहीं हैं। वे आईं और चली गईं।


## ऊर्जा के नाश को रोकता है माथे का तिलक



संकलित
प्रेरणा

भारतीय संस्कृति में तिलक धारण करने का धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से विशेष महत्व रहा है। प्राचीन काल में तीर्थों की पवित्र मिट्टी (शुचितम मृत्तिका) तिलक के रूप में माथे पर लगाई जाती थी। धीरे-धीरे इस मृत्तिका का स्थान चंदन, गोपीचंदन, कुमकुम, भस्म या केसर ने ले लिया। तिलक धारण करने के इन सभी रूपों का उद्देश्य केवल बाह्य सज्जा नहीं, बल्कि आंतरिक चेतना का जागरण है। विज्ञान की दृष्टि से देखें तो तिलक या टीका लगाने से मस्तिष्क के अग्र भाग में स्थित तंत्रिकाओं पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इससे तनाव कम होता है और मन एकाग्र होता है। तिलक का स्थान मस्तक के उस भाग पर होता है, जिसे 'आज्ञा चक्र' कहा जाता है। यह स्थान निर्णय क्षमता, स्मृति और विवेक का केंद्र होता है। जब इस स्थान पर चंदन या भस्म लगाया जाता है, तो वह मानसिक शीतलता, आत्म-संयम और आस्था का संचार करता है। इसे इस तरह से भी समझा जा सकता है कि मनुष्य की दोनों भृकुटियों के मध्य में मुख्य महत्त्वपूर्ण नर्व पॉइंट होता है। तिलक उस जगह लगाने से एकाग्रता रखने में मदद मिलती है। तिलक का व्यवहार ब्राह्मणों या सनातन भारतीय समाज के अन्य वर्गों तक ही सीमित नहीं रहा है। क्षत्रिय राजा के जीवन में तिलक धारण करने को विशेष महत्व दिया जाता था। भगवान श्री रामचंद्र चंदन का तिलक लगाया करते थे। आज भी आप किसी देवालय में जाएं तो पंडित सर्वप्रथम आपके माथे पर तिलक ही लगाएगा।

## सटाका




## आज की पाती

### सेजबहार का हाल-बेहाल

सेजबहार हाउसिंग बोर्ड कालोनी का हाल-बेहाल है। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने मकान बेचकर इतिश्री कर ली। अब सफाई के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाते रहे। अफसर मस्त हैं। जवाबदारी लेने को कोई तैयार नहीं। रजिस्टर में शिकायतें लिखकर कर्मचारी औपचारिकता पूरी कर रहे हैं। दो महीने बीतने के बाद भी शिकायतों का कोई निराकरण नहीं हो पा रहा है। रात में अंधेरे से भी कालोनीवासी परेशान हैं। स्ट्रीट लाइट महीने में कुछ दिन ही जलती है। जलकर और मेंटनेंस का पैसा लेकर हाउसिंग लोगों को सुविधाएं देने में असफल है।

*-शाहीन बेगम, रायपुर*

## ट्रेंड

### ये नया भारत है



ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से जिन्हें परेशानी हो रही है, उन्हें काशी की धरती से मैं बताना चाहता हूं कि ये नया भारत है। ये बाबा भोलेनाथ को पूजने के साथ देश के दुश्मनों के सामने कालभैरव भी बन जाता है।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जयंती पर नमन



'हम कौन थे, क्या हो गए हैं और क्या होंगे अभी', यह आत्मबोध 'पद्म भूषण' राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त जी की लेखनी का तेज था। संस्कृति, संवेदना और राष्ट्रनिष्ठा से समृद्ध उनकी कालजयी रचनाएं युगों तक हमें संस्कारित करती रहेंगी। राष्ट्रकवि को उनकी पावन जयंती पर सादर नमन!

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### सड़कें बद से बदतर



उप्र में भाजपा की पिछली सरकार ने 'गड्ढा मुक्ति' के नाम पर अरबों का जो फंड निकाला था, वो भाजपाइयों की जेब के गड्ढे तो भर गया लेकिन सड़कें बद से बदतर हो गयीं। भाजपा जाये तो सड़क बन जाए।

**- अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### वाणी का सदुपयोग




पानी का अनियंत्रित प्रवाह बाढ़ बनकर गाँवों को समाप्त कर देता है और वाणी का संबंधों को मिटा देता है। पानी और वाणी पर नियंत्रण, इनका सदुपयोग करके हम अपनी बस्ती और हस्ती की रक्षा कर सकते हैं।

**- आशुतोष राणा, अभिनेता**

## करंट अफेयर


# विचारधारा से आमदनी तक कश्मीर में नया सोशल मीडिया खेल



सुरक्षा एजेंसियों ने कश्मीर घाटी में कुछ युवाओं के बीच अलगाववादियों और आतंकवादियों का महिमामंडन करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करने के एक नये चलन का खुलासा किया है। इसके पीछे का कारण वैचारिक प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि फॉलोवर बढ़ाने और विज्ञापनदाताओं से धन कमाने की एक सोची-समझी रणनीति है। श्रीनगर पुलिस कट्टरपंथ का मुकाबला करने के लिए सोशल मीडिया साइट पर नजर रखने का हरसंभव प्रयास कर रही है। श्रीनगर पुलिस को इस प्रवृत्ति का पता तब चला जब उसने ऐसे अकाउंट से जुड़े.कुछ युवाओं को हिरासत में लिया। युवकों ने पूछताछ के दौरान, कथित तौर पर स्वीकार किया कि भड़काऊ तस्वीरों -जैसे कि प्रतिबंधित हिजबुल मुजाहिदीन के मारे गए आतंकवादी बुरहान वानी की तस्वीर - का इस्तेमाल फॉलोवर का एक बड़ा आधार हासिल करने के लिए एक सोची-समझी रणनीति थी। युवकों ने बताया कि इससे वे बाद में अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर विज्ञापनदाताओं से विज्ञापन हासिल करके उससे पैसे कमाने में सक्षम हो सके। अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में फॉलोअर, विशेषकर सीमापार और विदेशों से, हासिल करने के बाद, अकाउंट संचालक इन तस्वीरों को पहाड़ों या चिनार के पेड़ों जैसी तस्वीरों से बदल देते थे।

## ऑफ बीट

# भक्त को बचाने स्वयं प्रकट हुए नागेश्वर ज्योतिर्लिंग



गुजरात के द्वारका धाम से करीब 16 किलोमीटर दूर नागेश्वर ज्योतिर्लिंग है। ये भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों में दसवें ज्योतिर्लिंग के रूप में प्रसिद्ध है। माना जाता है ये मंदिर करीब 2500 साल पुराना है। पौराणिक मान्यता और कथा-भगवान शिव का एक अनन्य भक्त सुप्रिय नामक व्यापारी था। जिसे एक दिन दारुक नाम के राक्षस ने कारागार में बंद कर दिया और तरह-तरह के कष्ट दिए, लेकिन वह अपनी भक्ति पर अटल रहा। आखिर में दारुक ने एक दिन जब वह पूजा में मग्न था, उस पर अत्यंत क्रोध करना शुरू कर दिया, लेकिन वह अपने आराध्य भगवान शिव से प्रार्थना करता रहा, आखिर में भगवान शिव ज्योतिर्लिंग के रूप में कारागार में प्रकट हुए और सुप्रिय को पाशुपतास्त्र दिया ताकि वह अपनी रक्षा कर सके। इस अस्त्र से सुप्रिय ने राक्षस दारुक तथा उसके अनुचरों का वध कर दिया। उसी समय से भगवान शिव के इस ज्योतिर्लिंग का नाम नागेश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। मंदिर परिसर में भगवान शिव की पद्मासन मुद्रा में एक 80 फुट की विशालकाय मूर्ति है। गर्भगृह में पुरुष भक्त धोती पहनकर ही प्रवेश कर सकते हैं, वह भी तभी जब उन्हें अभिषेक करवाना है। शिवपुराण के अनुसार नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के बाद उसकी उत्पत्ति और माहात्म्य संबंधी कथा सुनने से हर तरह के पाप खत्म हो जाते हैं।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### मंडीदीप में कांवड़ यात्रा का हुआ भव्य स्वागत

**मंडीदीप।** श्रावण मास में बुदनी से मां नर्मदा का पावन जल लेकर भोजपुर में भगवान शिव का अभिषेक करने निकली ओम शिव शक्ति मंडल की कांवड़ यात्रा रविवार को नगर में पहुंची। इस दौरान लोगों ने कांवड़ यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा कर जगह-जगह भव्य स्वागत किया। यात्रा के संयोजक विपीन भार्गव ने बताया कि कावंड़ यात्रा से जल की यात्रा का यह पर्व सृष्टि रूपी भगवान शिव की आराधना के लिए हैं। पानी आदमी के साथ-साथ पेड़-पौधों, पशु पक्षियों, धरती में निवास करने वाले जीव-जंतुओं के लिए आवश्यक है। सोमवार को भगवान शिव का अभिषेक किया जाएगा।

### भोलेनाथ के अभिषेक के लिए दिया आमंत्रण



**औबेदुल्लागंज।** आज सावन सोमवार पर पूजा-पाठ, अभिषेक के लिए अधिक से अधिक श्रद्धालु आए, इसीलिए आरती यादव और नगर परिषद उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल ने घर-घर जाकर आमंत्रण दिया।

### शनिदेव का अभिषेक कर भंडारे का आयोजन



**औबेदुल्लागंज।** भोजपुर नारी शक्ति समिति प्रभात फेरी मंडल की अध्यक्ष ने अपने घर में शनिदेव का अभिषेक किया, तेल चढ़ाया। भंडारा किया गया और शनि देव की आरती की गई। इस अवसर पर अनीता पांडे, राज भाई सैनी, सुनीता सैनी, कुसुम शर्मा, रोशनी यादव, भगवती साहू, प्रियंका गुप्ता, रेखा कपूर, पुष्पा प्रजापति, रेखा यादव, सावित्री साहू, कविता यादव आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा जिला कार्यकारिणी के लिए दावेदार सक्रिय

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा की जिला कार्यकारिणी बनने की चर्चा जोरों पर है। भोजपुर क्षेत्र से जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष और महामंत्री के पद शामिल होने की कवायदे तेज हो गई है। कार्यकारिणी में महामंत्री का पद अहम होता है, इसीलिए महामंत्री के दावेदार सक्रिय हो गए हैं, वहीं वर्तमान महामंत्री के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। महामंत्री की दौड़ में पंकज श्रीवास्तव डब्बू भैया पूर्व मंडल अध्यक्ष हेमराज मीणा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष ओपी मीणा पंकज कोठारी के नाम चर्चा में है।

### ब्लॉक स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित



**मंडीदीप।** नगर में स्कूली शिक्षा विभाग ने ब्लॉक स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता प्रभारी व व्यायाम निर्देशक एमआर नामदेव ने बताया कि स्कूली शालेय ब्लॉक स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के 14 वर्ष बालिका व बालिका वर्ग में सीएलआर स्कूल विजेता व गोल्डन कैरी स्कूल उपविजेता, 17 वर्षीय बालका वर्ग में शासकीय बालक उमा विद्यालय विजेता एवं गोल्डन कैरी स्कूल उपविजेता व बालिका में सीएलआर स्कूल विजेता व गोल्डन कैरी स्कूल उपविजेता रहा। सीनियर बालिका वर्ग में गोल्डन कैरी स्कूल विजेता व लिटिल स्कॉलर स्कूल उपविजेता, बालक वर्ग में सीएलआर स्कूल विजेता व गोल्डन कैरी स्कूल उपविजेता रहा।

# बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी पर जा रहे युवक की जेब से मोबाइल झपटा

### छोला मंदिर स्थित भानपुर ब्रिज पर वारदात को दिया अंजाम, निजी कंपनी में ऑनलाइन काम करता है युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर ब्रिज पर बाइक सवार दो बदमाशों ने स्कूटी सवार युवक का मोबाइल झपट लिया। युवक लालघाटी से बिजली नगर कॉलोनी स्थित अपने घर जा रहा था। इसी बीच बदमाशों ने भानपुर ब्रिज पर उसकी शर्ट की जेब में रखा मोबाइल झपट लिया। वारदात के बाद बदमाश तेजी से बाइक चलाते हुए भाग निकले। पुलिस ने झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार यशवंत शर्मा (45) बिजली नगर कॉलोनी, रायसेन रोड पर रहते हैं। वह निजी कंपनी में ऑनलाइन काम करते हैं। काम के सिलसिले में यशवंत शनिवार रात लालघाटी गए थे।

#### लालघाटी से घर लौट रहा था युवक

वहां से घर लौटते समय करीब पौने 9 बजे भानपुर ब्रिज तक पहुंचे ही थे कि बाइक सवार दो बदमाशों ने उनका पीछा किया



और उनकी शर्ट के जेब में रखा हुआ मोबाइल झपटकर फरार हो गया। वारदात के तुरंत बाद वह थाने पहुंचे और मामले की शिकायत कर दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी नहीं लगे हैं। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## रिटायर्ड डीएसपी की बेटी की कार का कांच तोड़कर किया लैपटॉप चोरी

एमपी नगर में कार को निशाना बनाकर अंदर रखा बैग, सहित अन्य सामान चुराने वाला गिरोह एक बार फिर सक्रिय हो गया है। हालांकि अभी तक कार का कांच तोड़कर लैपटॉप चुराने की एक की शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने ब्रांडेड सेल में लगा सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो एक बदमाश वारदात को अंजाम देता हुआ नजर आया है। हालांकि कैमरे और कार की दूरी अधिक होने के कारण आरोपी का हुलिया और चेहरा दोनों ही नजर नहीं आया है।

#### रक्षाबंधन मनाने के लिए मुंबई से भोपाल आई थी

पुलिस के अनुसार विधि चौधरी पति आदित्य चौधरी (30) अयोध्या नगर में रहती हैं। मिनाल रेसीडेंसी में उनका ससुराल है। वह मुंबई की एक कंपनी में नौकरी करती हैं और रक्षाबंधन का पर्व होने के कारण भोपाल आई हुई है। शनिवार शाम वह अपनी कार से एमपी नगर पहुंची। उन्होंने कार ब्रांडेड सेल के पास जोन वन एमपी नगर में खड़ी की। कार खड़ी करने के बाद वह डीबी मॉल पहुंची। दरअसल, उन्हें रक्षाबंधन में अपने भाई को शर्ट गिफ्ट करनी थी। वह डीबी मॉल से शर्ट खरीदकर कार के पास लौटी तो कार में को पेसेंजर साइट के पीछे वाली सीट की खिड़की का कांच टूटा मिला। अंदर देखने पर पता चला कि चोर कांच तोड़ने के बाद अंदर रखा लैपटॉप का बैग चुराकर ले गया है। उन्होंने घटना की शिकायत तत्काल एमपी नगर पुलिस थाने पहुंचकर की।

### लांबाखेड़ा इलाके की घटना, गाड़ी छोड़कर भागा आरोपी चालक

# स्कूली बच्चों को लेकर जा रहे ऑटो को ट्राले ने मारी टक्कर, दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ट्राले की टक्कर के कारण बेकाबू होकर रोड पर पलट गया ऑटो

ऑटो ड्राइवर ने घायल बच्चों को अस्पताल में कराया भर्ती

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित लांबाखेड़ा न्यू स्टार पेट्रोल पंप के सामने शनिवार दोपहर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्राले ने स्कूल के बच्चों को घर छोड़ने जा रहे सीएनजी ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो बेकाबू होकर रोड पर पलट गया। हादसे में दो स्कूली बच्चों को चोटें आई हैं। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के मुताबिक चौकसे नगर के पास ईंटखेड़ी निवासी विनोद धुर्वे (38) का सीएनजी ऑटो है और वह सवारी पर करोंद से ईंटखेड़ी के बीच चलाते हैं। इसके अलावा वह चित्रांश स्कूल लाम्बाखेड़ा के बच्चों को लाने-ले जाने का काम भी करते हैं। विगत दो अगस्त की दोपहर करीब एक बजे स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को घर छोड़ने जा रहे थे। जैसे ही ऑटो लांबाखेड़ा न्यू स्टार पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा, तभी पीछे से बायपास की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्राले के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो वहीं पलट गया। इस घटना में बच्चे घायल हो गए।

#### टक्कर से ऑटो हुआ क्षतिग्रस्त

हादसे में ऑटो में सवार स्कूल के छात्र समर लोधी के हाथ-पैरों में और छात्र संदीप यादव की बायीं कनपटी व हाथ में चोटें आई हैं। ऑटो में सवार अन्य बच्चों को कोई चोट नहीं आई। हादसे के बाद आरोपी चालक अपना ट्राला मौके पर छोड़कर भाग निकला। ऑटो चालक विनोद धुर्वे ने दोनों घायल छात्रों को पालीवाल अस्पताल बायपास में भर्ती कराया है। ऑटो चालक का कहना है कि उसे चोट नहीं आई है, लेकिन ऑटो क्षतिग्रस्त हुआ है।

## दोस्त के साथ मछली पकड़ने गया नगर निगम ठेकेदार हथाईखेड़ा डैम में डूबा

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित हथाईखेड़ा डैम में मछली पकड़ने पहुंचे युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के समय वहां मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने नगर निगम के गोताखोरों की मदद से शव को बाहर निकाला। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि 40 क्वार्टर, पिपलानी निवासी मनोज शमशेरिया पिता बसंत (24) नगर निगम में सफाई ठेकेदार था।

रविवार को वह पड़ोसी रितिक शमशेरिया के साथ मछली पकड़ने हथाईखेड़ा डैम किनारे गया। इस बीच मनोज व रितिक एक से डैम के दूसरे किनारे की ओर जाने लगे। उन्हें अहसास नहीं था कि बीच में पानी गहरा है। लिहाजा दोनों डूबने लगे। किसी तरह रितिक तैरकर बाहर आ गया, लेकिन मनोज गहरे पानी में डूब गया। दोनों को डूबता देख वहां मौजूद लोग भाग गए, जबकि एक युवक ने बांस की छड़ी डालकर मनोज को बचाने का प्रयास किया था, लेकिन वह सफल नहीं हो सका।

## छात्रा ने लगाई फांसी

अशोका गार्डन थाने के पीछे रहने वाली 10वीं कक्षा की छात्रा



ने शनिवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन से पूछताछ में भी आत्महत्या की वजह का खुलासा नहीं हो सका। पुलिस ने छात्रा का मोबाइल जब्त किया है। मोबाइल की सीडीआर निकलवाई जा रही है। पुलिस के अनुसार जिक्रा खान पिता मेहताब खान (18) अशोका गार्डन थाने के पीछे रहती थी। उसके पिता मेहताब खान प्राइवेट काम करते हैं। मेहताब ने पुलिस को बताया कि शनिवार रात वह काम से घर लौटे तो जिक्रा ने उन्हें खाना निकालकर दिया और पैसे लेकर किराना दुकान चली गई। वहां से आने के बाद कमरे में चली गई। कुछ देर बाद वह कमरे के पास पहुंचे तो दरवाजा बंद था। खिड़की से झांककर देखा तो जिक्रा फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई।

# घूमने निकलीं तीन नाबालिग, देरी हुई तो डर के कारण पहुंचीं स्टेशन, पुलिस ने किया रेस्क्यू

### उज्जैन का टिकट लिया, ट्रेन में बैठतीं, इससे पहले ही पुलिस ने ढूंढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर पुलिस ने इलाके से लापता हुई एक नाबालिग और कमला नगर से उसके साथ लापता हुई दो नाबालिगों को सकुशल बरामद कर परिजन को सौंप दिया है। तीनों नाबालिग शनिवार शाम घर से बिना बताए निकली थी। यहां वहां घूमने में उन्हें देरी हो गई तो डर के कारण वह घर नहीं लौटी और सीधे रेलवे स्टेशन पहुंच गई थी। यदि समय रहते पुलिस उन्हें तलाश नहीं करती तो वह उज्जैन निकल जाती। दरअसल, उन्होंने उज्जैन का टिकट भी ले लिया था।

#### टॉवर लोकेशन से नाबालिग हुईं ट्रैस

मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण पुलिस हरकत में आ गई। परिजन से पूछताछ की गई तो पता चला कि तीनों नाबालिगों में एक नाबालिग के पास मोबाइल है, लेकिन वह किसी का भी कॉल रीसिव नहीं कर रही है। पुलिस ने मोबाइल की टॉवर लोकेशन निकाली तो लोकेशन भोपाल रेलवे स्टेशन की निकली। पुलिस ने जीआरपी और आरपीएफ की मदद ली और टीटी नगर पुलिस की एक टीम भोपाल स्टेशन पर पहुंची। वहां तीनों नाबालिग मिल गईं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे घर से साथ घूमने निकली थी। उन्हें घर लौटने में देरी हो गई। माता-पिता की फटकार से डरकर तीनों रेलवे स्टेशन चली गई, वहां से उज्जैन का टिकट खरीदा। वे उज्जैन जाने वाली थी। इससे पहले पुलिस ने उन्हें देख लिया।

#### देर रात तक ढूंढते रहे परिजन

थाना प्रभारी गौरव सिंह दोहरे ने बताया कि कमला नगर इलाके से दो नाबालिग और उनके इलाके से एक नाबालिग शनिवार शाम 6 बजे रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। परिजन ने उनकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। रात आठ बजे तक परिजन उनकी तलाश की तो पता चला कि वह आखिरी बार अटल पथ पर देखी गई थीं। रात करीब दस बजे तक परिजन ने उनकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजन ने थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज

# नल-जल योजनाओं को लेकर विधायक खत्री ने लगाया प्रश्न, विभागीय मंत्री ने दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया

एकल ग्राम नल जल योजना को लेकर लगातार शिकायतें आ रही थी। इस पर बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने हाल ही में रहे विधानसभा सत्र में प्रश्न लगाकर योजना की जानकारी मांगी थी।

इसके जवाब में विभागीय मंत्री ने बताया है कि विधानसभा क्षेत्र की कुल 318 योजनाओं में 178 योजनाएं पूर्ण हो गई हैं।

विधायक खत्री ने प्रश्न में यह भी पूछा था कि विधानसभा क्षेत्र में



कितनी कुल कितनी नल जल योजनाएं स्वीकृत हैं। इनमें से कितनी पूर्ण हुई है। इसके साथ ही इनमें से कितनी सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। इसके अलावा निर्माण के दौरान क्षतिग्रस्त हुए मार्ग एवं सार्वजनिक स्थलों की मरम्मत हुई या नहीं। यदि नहीं हुई तो कितनी समय सीमा में इनकी मरम्मत हो जाएगी। मंत्री ने बताया है कि 168 योजनाओं का संचालन हो रहा है। क्षतिग्रस्त मार्गो में 294 योजनाओं में मरम्मत की जा चुकी है। 6 पर मरम्मत कार्य प्रगतिरत है। बाकी योजनाओं में नल कनेक्शन के बाद मरम्मत कार्य किया जाएगा। वहीं संजय सागर और सम्राट अशोक परियोजना से 51 गांवों में समूह पेयजल योजना से पेयजल आना है।

### 250 मरीजों ने लिया शिविर का लाभ

## स्वास्थ्य शिविर में न्यूरोलॉजी और डायबिटीज की हुई जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

रविवार को पटेल नगर में अशोक मेंडिको पर स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में 250 मरीजों की निःशुल्क जांच की गई।

शिविर में न्यूरोलॉजी, थायराईट टेस्ट, डायबिटीस, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, मोटापा, कान्सटिपेशन की जांच व उपचार किया गया।

#### डॉ. जैन ने बीमारियों की जांच कर दिया परामर्श

डॉ. निधी जैन ने थायराईड टेस्ट, डायबिटीस, हाई ब्लड प्रेशर, हाई कोलेस्ट्रोल, मोटापा, कान्सटिपेशन की जांच की। अशोक जैन ने बताया कि यह शिविर स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहल है। जिसमें भोपाल के डॉ. अभिषेक जैन ने न्यूरोलॉजिकल समस्याओं और दर्द से संबंधित जांच, परामर्श दिया।

### मप्र जनअभियान परिषद का कार्यक्रम

## एक पेड़, दोस्त के नामः पौधे रोपकर मनाया मित्रता दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था सेक्टर गौहरगंज एवं नगर विकास प्रस्फुटन समिति महावीर कॉलोनी के नेतृत्व में भोपाल की संस्थाओं, दानदाताओं के सहयोग से गोंड बाबा बरूआ परिसर तारानगर गौहरगंज में विश्व मित्रता दिवस पर "एक पेड़ दोस्त के नाम" पौधे लगाए गए।

#### 50 पौधों का रोपण कर ट्री गार्ड से किया सुरक्षित

भोपाल की संस्था आरोग्य योग एवं रसाहार शोध समिति ने 50 पौधों का रोपण किया एवं उन्हें ट्री-गार्ड से सुरक्षित भी करवाया। इस अभियान में निशा बहेकर, विनोद इरपाचे, सुनील सेरिया, भूपेन्द्र नागर, प्रेमनारायण सोनी, समिति, आरोग्य भारती के सदस्यों ने अपनी सहभागिता की।

### सीआईएसएफ की महत्वपूर्ण पहल

## 229 जवानों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सहायता दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

राजा भोज एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ ने जवानों के मानसिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए 'प्रोजेक्ट मन' शुरू किया है।

इसके तहत औसुब इकाई राजाभोज एयरपोर्ट में मई, जून और जुलाई में अब तक 229 जवानों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सहायता उपलब्ध कराई गई है।

#### मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक मजबूत कदम

एबीईटी की टीम ने सीआईएसएफ के बल सदस्यों में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकतो, परामर्श देने, जरूरत पड़ने पर इलाज से जुड़ी सहायता और मानसिक स्वास्थ्य में प्रशिक्षित करने का कार्य किया है। खास बात यह है कि इस पहल की बदौलत केऔसुब में आत्महत्या की दर राष्ट्रीय औसत से कम रही है।

## उत्तर प्रदेश से पैतृक घर भागकर आए युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित सइद कॉलोनी में उत्तर प्रदेश से भागकर आए युवक ने फांसी लगा ली। उसका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और अभी शुक्रवार को ही वह भोपाल पहुंचा था। पुलिस ने शव पीएम के बाद पिता को सौंप दिया है।पुलिस के अनुसार नूरुल हक पिता इम्तियाज (18) जिला कन्नौज, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। उसके पिता इम्तियाज ने पुलिस को बताया कि नुरुल का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था और वह घर से भाग जाता था। गत शुक्रवार को भी घर से भागकर भोपाल पहुंच गया था। भोपाल में उसके दादा का मकान है। चाचा फिरोज ने पुलिस को बताया कि नुरुल को लेने उसके पिता उत्तर प्रदेश से सुबह ही भोपाल पहुंचे थे। उन्हें रविवार को ही नुरुल को लेकर उत्तर प्रदेश लौटना था। इससे पहले नुरुल ने अंदर कमरे में फांसी लगा ली।

### सिंधी मेला समिति के आयोजन में मंत्री गौर और विधायक सबनानी पहुंचे

# कुकिंग कॉम्पिटिशन की प्रतिभाओं को पुरस्कार से नवाजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिंधी मेला समिति के कुकिंग कॉम्पिटिशन का पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को मानस भवन में आयोजित किया गया। सभी प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गौर, प्रदेश महामंत्री, विधायक भगवानदास सबनानी मौजूद रहे।

इस अवसर पर कृष्णा गौर ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए यह अच्छा प्रयास है। विधायक सबनानी ने कहा कि अपनी भाषा, संस्कृति, को बचाने के लिए इस तरह के कार्यक्रम होने चाहिए। कार्यक्रम में 2000 महिलाएं शामिल हुई। समारोह में महिलाओं ने अपने कैमरे में इन पलों को कैद किया।



#### अतिथियों ने व्यक्त किए अपने विचार

कार्यक्रम में डॉ. सरमा रायजादा (प्रोफेसर एमएलबी कॉलेज) मीनल शेजवार (संस्थापक कैफे आमदो) शिल्पा ताम्रकार (आहार विशेषज्ञ)5 दीपक तोलानी (दीपक क्रॉकरी मार्ट) ने भी महिलाओं के सामने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मानव अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष मनोहर ममतानी, जीसी केवल रमानी, किशोर तनवानी, मनीष दरयानी, नरेश तलरेजा, केएल दलवानी, हरकिशन निहालानी विशेष रूप से मौजूद थे।

## किसी से द्वेष न करते हुए सभी से प्रेम करने का दिलाया संकल्प

सुधार सभा के साधु वासवानी स्कूल में क्षमा दिवस का आयोजन किया गया। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि मैं कितना भाग्यशाली गुरु हूं, जो मेरे शिष्य अच्छे-अच्छे पदों पर पहुंच गए हैं, ऐसे शिष्यों पर मुझे गर्व हैं। आज क्षमा दिवस पर हम सभी यही संकल्प लें कि किसी से द्वेष न करते हुए सभी से प्रेम करेंगे और दादाजी के विचारों को अपनाकर सभी को क्षमा करेंगें। संस्कार स्कूल के सचिव बंसत चेलानी ने कहा कि क्षमा वीरों का आभूषण हैं और क्षमा वहीं करते हैं जो वीर है। कार्यक्रम में पत्रकार दिलीप मंगतानी ने कहा कि आज का दिन भेदभाव मिटाने व क्षमा करने का दिन है।



#### मन की शांति के लिए डॉ. राजकुमारी ने दिए टिप्स

डॉ. राजकुमारी चोटरानी ने बताया कि हमारे मन में जिसके भी प्रति गलत भावना है, उसे क्षमा करेंगे, ऐसा एक पर्ची पर लिखकर बॉक्स में डाल दें, इससे मन को शांति मिलेगी। इस अवसर पर प्राचार्या सुतापा जायसवाल, पीआरओ दीपा आहूजा आदि उपस्थित थे।

## वरिष्ठ व्यापारी रमेश गौर का धूमधाम से मनाया जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

वरिष्ठ व्यापारी रमेश गौर का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। विधायक सुरेंद्र पटवा, अशोक मित्तल, राजेश खटीक, कन्हैया नंदवंशी, अवध नारायण दुबे सहित लोगों ने गौर को बधाई देकर उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। गौर के जन्मदिन पर औबेदुल्लागंज-मंडीदीप ग्रेन मर्चेंट मंडी संघ एवं दाल मिल एसोसिएशन ने समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर महेश अग्रवाल, उत्तम नागर, दिलीप जैन, तिलक जैन, विकास रघुवंशी, कुलदीप परमार, ललित नागर, अतुल नगर, मनोहर नागर, संदीप जायसवाल, लोकेश साहू, वीरभान कमरा, बंटी गोयल, अंकित गुप्ता, शालिग्राम गुप्ता, रजत जैन, विपुल उपस्थित थे। देर शाम हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, बंटी जोशी एवं समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने केक काटकर एवं माला पहनाकर गौर का जन्मदिन मनाया।



# भक्ति संगीत और अध्यात्म की त्रिवेणी में कला रसिक हुए सराबोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन में आयोजित तीन दिवसीय संतवाणी समारोह की तीसरी और अंतिम संध्या रविवार को भक्ति संगीत के अद्भुत संगम के साथ सम्पन्न हुई। संगीत केंद्र अनहद की ओर से आयोजित इस विशेष आयोजन में भारतीय संत परंपरा की भावनात्मक अभिव्यक्ति और संगीत की आत्मीयता ने एक बार फिर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।

## तीन दिवसीय संतवाणी समारोह का रविवार को हुआ समापन


### आरती परम ब्रह्म की कीजे...

संतवाणी संगीत समारोह के अंतिम दिन की शुरुआत पंडित भुवनेश कोमकली ने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत आरती परम ब्रह्म की कीजे... से की, जिसकी गंभीरता ने उपस्थित श्रोताओं को आध्यात्मिक भावभूमि में पहुंचा दिया। इसके बाद उन्होंने बिट्ठल... की प्रस्तुति में भक्ति की तीव्रता और आत्मिक संवाद को प्रस्तुत किया।



### भक्ति और संगीत का अद्वितीय मेल

पं. धनंजय जोशी ने भगवान शिव की स्तुति जय शंकरा गंगाधरा.. से अपनी शुरुआत की, जिसमें भक्ति और संगीत का अद्वितीय मेल दिखाई दिया। इसके बाद उन्होंने संत नामदेव की प्रसिद्ध रचना तीर्थ विठ्ठल... को सुरों में पिरोया। उनकी गायकी में संत कबीर का देस बिराना..., संत तुकाराम का पद्मनाभा नारायणा... और दो दिन का..., साथ ही अवधे गरजे पंढरपुर... जैसे भक्ति पदों को बेहद प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया।



### आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्वितीय संगम

इस संगीतमय प्रस्तुति में संगति देने वाले कलाकारों ने भी अपनी उत्कृष्टता से आयोजन को और भी गरिमामय बना दिया। तबले पर रामेंद्र सिंह सोलंकी की थापों ने लयबद्धता को सशक्त किया, पखावज पर अखिलेश गुंदेचा की संगति ने प्रस्तुति को पारंपरिकता से जोड़ा, वहीं तानपुरे पर धानी और वर्षिका की मधुर ध्वनि ने स्वर की आधारशिला को मजबूती दी

## रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में नाट्य प्रस्तुति 'कृष्ण रंग' के साथ दुलदुल घोड़ी लोक नृत्य मंचन

# कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं को दर्शाती 'कृष्ण रंग' प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भगवान श्री कृष्ण को उनके भक्त कई रंगों और कई रूपों में पूजते हैं, किसी के लिए वो नटखट नंदलाल हैं तो कोई उन्हें श्यामवर्ण रूप में श्याम सुंदर कहते हैं। वहीं, मीरा की नजर में मुरली मनोहर की छवि सबसे न्यारी है तो भक्तों के लिए दुखों के तारणहार के रूप में कृष्ण कन्हैया भक्तों के पालनहार कहलाते हैं। भगवान श्री कृष्ण के विविध रुपों से सजी 'कृष्ण रंग' नाट्य प्रस्तुति का मंचन रविवार शाम रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में आयोजित की गई।



**दुल-दुल घोड़ी नृत्य का मंचन** रंग त्रिवेणी साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा रचना मिश्रा के निर्देशन में तैयार इस नाट्य प्रस्तुति के पहले पूर्व रंग में दुलदुल घोड़ी लोक नृत्य का मंचन किया गया।



## कृष्ण के बाल रूप से कंस वध के दृश्य रहे खास

कृष्ण रंग नाटिका में कृष्ण की अलग-अलग लीलाओं का वर्णन किया गया है। कृष्ण रंग नृत्य नाटिका की सबसे खूबसूरत चीज यह रही कि जहां इसमें कृष्ण के बाल रूप में कालिया नाग पर कृष्ण के नृत्य को दर्शाया गया तो वहीं राधा-कृष्ण की रासलीला ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, दूसरी कड़ी में कृष्ण द्वारा कंस का वध पर जहां सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा तो वहीं द्रोपदी चीर हरण ने द्रोपदी की अपने भाई की पुकार ने सभी को करुणा के भाव से भर दिया। वहीं प्रस्तुति में बर्बरीक द्वारा यह बताया गया कि महाभारत युद्ध में सारे अस्त्र कृष्ण के ही चले हैं, साथ ही प्रस्तुति के माध्यम से कृष्ण का विराट रूप तथा महाभारत का वर्णन भी देखने को मिला। वहीं, नृत्य नाटिका का समापन नीलमणि के रूप में दर्शाया, जिसमें कृष्ण के हृदय की छवि नजर आई जो जगन्नाथ में स्थापित है।

*राधाकृष्ण की रासलीला और कंस वध देखकर दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा हॉल*

# मेरी मां ने मुझमें एक न्यूट्रिशनिस्ट देखा और बन गई मैं सेलिब्रिटी डायटीशियन और न्यूट्रिशनिस्ट

हरिभूमि चर्चा

## फिटब्लिस फिटनेस सेंटर में आईं सेलिब्रिटी डायटीशियन डॉ. पूजा माखीजा ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मेरी मां ने मुझ में एक न्यूट्रिशियनिस्ट देखा था क्योंकि मां बचपन से ही हर चीज में काफी अवेयर रहती थी कि बेटा केला खाओ इसमें पोटेशियम है, दूध पियो इसमें कैल्शियम है, यह चीज खाओ इसमें प्रोटीन है, धीरे धीरे यही चीज मेरे अंदर भी आ गई और मैं हर चीज में पूछती थी, मां इसमें क्या है और इसमें क्या नहीं है। क्योंकि उस दौरान गूगल जैसी चीज तो होती नहीं थी, बस किताबों से ही पढ़ कर हम डाइट की सीख लेते थे और वही चीज मेरे भीतर आई और आगे चलकर मैं सेलिब्रिटी डायटीशियन और न्यूट्रिशनिस्ट बन गई। यह कहना है जानी-मानी सेलिब्रिटी डायटीशियन और न्यूट्रिशनिस्ट डॉ. पूजा माखीजा का, जो रविवार को फिटब्लिस फिटनेस सेंटर बाय श्रुति कपूर में आई और सही डाइट पर चर्चा की।

### सारा ज्ञान बुक में डाल दिया, आपके पास कौन आएगा...

उन्होंने कहा कि जब मैंने ईट डिलीट बुक लिखी तब मुझे कइयों ने कहा कि आपने इस 200 रुपए की बुक में सारा डाइट प्लान लिख दिया, कब क्या खाना है, क्या नहीं खाना है, किस क्वांटिटी में खाना है, आपने तो इसमें अपना सारा ज्ञान डाल दिया, ऐसा सब करने से आपके पास कौन आएगा? तब मेरा कहना था कि यदि मेरे पास कोई आता भी है तो दिन में 10 या 15 लोग आएंगे, लेकिन इस बुक के जरिए मैं हजारों लोगों तक पहुंच सकती हूं, उनकी प्रॉब्लम सॉर्ट आउट कर सकती हूं। और ऐसा हुआ भी। एक मां ने मुझे मैसेज किया कि आपकी बुक के जरिए मेरी बेटी ने 10 किलो वजन कम किया और आज उसकी शादी हो पाई, तो मेरे लिए ये ब्लेसिंग काफी है।

**कार्ब्स के पहले आप सलाद लें, दाल-सब्जी ले तो बैलेंस डाइट होगी**

पूजा ने कहा कि कौन कहता है कि कार्ब्स आपका वजन बढ़ाते हैं या शुगर बढ़ाते हैं] लेकिन उसे एक सीमित मात्रा में और कई चीजों के साथ खाना चाहिए जिसमें कार्ब्स के पहले आप सलाद लें, जिसमे फाइबर होता है। फिर आधी कटोरी दाल व सब्जी खाएं और फिर आप चपाती खाएं तो इससे आपकी डाइट बिल्कुल बैलेंस हो जाएगी और शुगर का लेवल भी नहीं बढ़ेगा।

## छोटी कहानी को एक संपूर्ण उपन्यास में बदलने में लगे कई साल और इस यात्रा में मैं भी बदला...




*दुष्यंत संग्रहालय में 'सोलमैट्स- शंकरागढ़ डायरीज 2' का विमोचन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रख्यात लेखक, शिक्षक और कवि डॉ. शिलादित्य वर्मा की बहुप्रतीक्षित चौथी पुस्तक 'सोलमैट्स- शंकरागढ़ डायरीज 2' का विमोचन रविवार को दुष्यंत संग्रहालय में सम्पन्न हुआ। इस साहित्यिक अवसर पर देशभर से साहित्यकार, कला प्रेमी, रंगकर्मी और पाठक एकत्रित हुए और कार्यक्रम की गरिमा को नई ऊंचाईयां दीं। इंद्रा पब्लिकेशन्स द्वारा प्रकाशित इस आयोजन में गिरिजाशंकर, विजयदत्त श्रीधर, ज्ञान चतुर्वेदी, विजय मनोहर तिवारी, विकास दवे एवं संतोष चौबे सहित कई नामचीन साहित्यकार मौजूद रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन भोपाल के वरिष्ठ सांस्कृतिक विश्लेषक विनय उपाध्याय ने आत्मीयता और गरिमा के साथ किया।

### हर चेहरे के पीछे एक कहानी छिपी है

लेखक डॉ. शिलादित्य वर्मा ने पुस्तक की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2018 में जब शंकरागढ़ डायरीज 1 में सोलमैट्स एक शार्ट स्टोरी के रूप में प्रकाशित हुई थी, तब कई पाठकों ने हर्ष और अपर्णा के आगे की कहानी जानने की उत्सुकता जताई। इस छोटी कहानी को एक संपूर्ण उपन्यास में बदलने में कई साल लगे और इस यात्रा में मैं भी बदला, मेरी सोच और लेखन शैली भी। शंकरागढ़ मेरे लिए सिर्फ एक जगह नहीं, बल्कि जीवंत अनुभवों की दुनिया है, जहां हर चेहरे के पीछे एक कहानी छिपी है।

### प्रसंगों व पात्रों के अनुरूप शब्दों का चयन अत्यंत प्रभावी है

विजयदत्त श्रीधर ने टिप्पणी की कि शिलादित्य वर्मा की लेखनी में गहरी अंतर्दृष्टि है, जो समकालीन हिन्दी साहित्य को नई दिशा देती है। उन्होंने यह भी कहा कि लेखन अत्यंत सराहनीय है भाषा में स्वाभाविक प्रवाह है, और प्रसंगों व पात्रों के अनुरूप शब्दों का चयन अत्यंत प्रभावी है। उन्होंने इस बात पर विशेष रूप से बल दिया कि उपन्यास की सबसे बड़ी विशेषता इसका शिल्प है जैसे किसी डायरी के पन्ने पलटे जा रहे हों। एक ही दिन या परिस्थिति पर दो पात्रों की अलग-अलग सोच, अनुभूति और प्रतिक्रिया को सामने लाना यह एक अनूठा साहित्यिक प्रयोग है, जो अत्यंत सराहनीय है।

## फ्लाइंग फैरीज स्टूडियो में अर्पित श्रीवास्तव की मास्टर क्लास

# किसी भी किरदार में अपनी जिंदगी के अनुभवों को शामिल करोगे तो वे ज्यादा सच्चे लगेंगे...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रोफेसर कॉलोनी स्थित फ्लाइंग फैरीज ड्रामा स्टूडियो में मुम्बई से आये मशहूर अभिनेता अर्पित श्रीवास्तव ने नाट्य कार्यशाला के गुर सिखाए। अर्पित ने कहा, थियेटर में जितना अभ्यास करोगे, आगे की मंजिल उतनी ही आसान हो जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी किरदार में अपनी जिंदगी के अनुभवों को शामिल करोगे तो वे ज्यादा सच्चे लगेंगे, किसी की नकल करोगे तो वह मिमिक्री हो जाएगी और आपको अपनी कला दिखाने का मौका नहीं मिलेगा ।




### अपने किरदार और कहानी को पहले समझो

अर्पित ने अपनी फिल्म का अनुभव बताते हुए कहा कि जब सामने फरहान अख्तर थे तो मैं थोड़ा नर्वस हुआ, क्योंकि जिस एक्टर को मैंने बचपन से बड़े पर्दे पर देखा वो आज मेरे सामने था, लेकिन मैंने अपने एक्टर को जगाया और सहज होकर पूरा शूट किया। फरहान ने मेरी तारीफ की क्योंकि मैंने अपने अनुभव से उस किरदार को गढ़ा था। अर्पित ने बताया, जब मैं फिल्म 'रंगबाज फिर से' कर रहा था तो जिमी शेरगिल ने कहा, अपने किरदार और कहानी को पहले अच्छे से समझो तभी किरदार के साथ न्याय करोगे।

## संगीतमय संध्या ने बांधा समां, सुरों से सराबोर हुआ रवींद्र भवन

# 'द एवरग्रीन किशोर म्यूजिकल नाइट' में गूंजे सुरों के सम्राट किशोर दा के अमर नगमे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रवीन्द्र भवन सभागार में उपस्थित सैकड़ों संगीत प्रेमी रविवार की शाम एक संगीतमय समर्पण के साक्षी बने। सुरों के बेताज बादशाह, बहुआयामी पार्श्वगायक किशोर कुमार की याद में 'द एवरग्रीन किशोर म्यूजिकल नाइट' का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम किशोर कुमार संगीत अकादमी द्वारा उनके जन्मदिन की पूर्व संध्या पर आयोजित किया गया, जिसमें शहर के जाने-माने कलाकारों ने मंच पर किशोर दा के कालजयी गीतों की अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने डॉ. टी.एन. दुबे को संगीत के क्षेत्र मे उत्कृष्टता के लिए लाइफ टाइम अचीवमेन्ट्स अवार्ड प्रदान किया।




### झूम झूम बाबा... गीत पर थिरकती प्रस्तुति

कार्यक्रम की शुरुआत गायक अजय श्रीवास्तव ने एक अजनबी हसीना से यूं मुलाकात हो गई गीत से हुई, इसके बाद इरशाद कुरैशी ने छलकाए जाम... गाकर माहौल में नशा घोल दिया। मिहिका मालवीय की झूम झूम झूम बाबा... गीत पर थिरकती प्रस्तुति ने मंच को जीवंत कर दिया। डॉ. राजेश कुमार ने फिर वही रात है...प्रस्तुति देकर भावनाओं की गहराइयों को छू लिया।

## संभावना गतिविधि में दुल-दुल घोड़ी एवं ढिमरियाई नृत्य की प्रस्तुति हुई

# मांगलिक अवसरों पर किया जाता है दुलदुल घोड़ी नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जनजातीय संग्रहालय में आयाजित संभावना गतिविधि में रविवार को दुलदुल घोड़ी एवं ढिमरियाई नृत्य की प्रस्तुति हुई। गतिविधि में परमानंद केवट द्वारा ढिमरियाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। ढिमरियाई बुन्देलखण्ड की ढीमर जाति का पारम्परिक नृत्य-गीत है। इस नृत्य में मुख्य नर्तक हाथ में रेकड़ी वाद्य की सन्निधि से पारम्परिक गीतों की नृत्य के साथ प्रस्तुति देते हैं। वहीं, राजमणि तिवारी, रीवा द्वारा दुलदुलघोड़ी नृत्य प्रस्तुत किया गया। बघेलखंड का दुलदुलघोड़ी नृत्य एक पारंपरिक लोकनृत्य है, जो उत्साह और उत्सव का प्रतीक है।





### लोकगीतों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ किया जाता है यह नृत्य

ढुलढुल घोड़ी नृत्य विवाह जैसे मांगलिक अवसरों पर किया जाता है, जहां एक कलाकार लकड़ी की घोड़ी पहनकर बारात के आगे-आगे चलता है और मनोरंजन करता है। यह नृत्य लोकगीतों और पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ किया जाता है, जो इसे एक खास पहचान देता है। नर्तक घोड़ी के आकार का पहनावा पहनता है, सिर पर पगड़ी बांधता है और चेहरे पर रंग लगाता है। इस नृत्य में हारमोनियम, झांझ, मजीरा और ढपला, ढोलक जैसे वाद्य यंत्रों का उपयोग किया जाता है।



**रेल मंत्री वैष्णव ने भावनगर में कहा**

# अब मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन जल्द शुरू होगी, समय भी बचेगा

## अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा-पुणे एक्सप्रेस और जबलपुर रायपुर एक्सप्रेस को डिजिटली हरी झंडी दिखाई

एजेंसी ▶▶ भावनगर

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन सेवा बहुत जल्द शुरू होगी और इससे मुंबई व अहमदाबाद के बीच यात्रा का समय 2घंटे सात मिनट रह जाएगा। केंद्रीय मंत्री भावनगर टर्मिनस पर थे, जहां से उन्होंने अयोध्या एक्सप्रेस, रीवा-पुणे एक्सप्रेस और जबलपुर-रायपुर एक्सप्रेस को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस अवसर पर ट्रेन सेवाओं का उद्घाटन किया। वैष्णव ने कहा कि मुंबई से अहमदाबाद के लिए पहली बुलेट ट्रेन बहुत जल्द शुरू होगी और इस परियोजना पर काम तेज गति से जारी है। इससे मुंबई से अहमदाबाद तक की यात्रा में केवल 2 घंटे 7 मिनट लगेंगे।



### 320 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से चलेगी

मुंबई और अहमदाबाद के बीच भारत की पहली बुलेट ट्रेन 508 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। यह मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) क्षेत्र से शुरू होगी और 320 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से गुजरात के वापी, सूरत, आणंद, वडोदरा और अहमदाबाद को जोड़ेगी।

## सीएम साय ने रायपुर-जबलपुर एक्सप्रेस ट्रेन को किया रवाना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार को रायपुर रेलवे स्टेशन से रायपुर-जबलपुर दैनिक एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साय ने रायपुर से जबलपुर तक इस एक्सप्रेस ट्रेन की सेवा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे छत्तीसगढ़ के लोगों को लाभ होगा। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए यह बहुत खुशी की बात है कि जबलपुर के वास्ते एक नई ट्रेन सेवा शुरू हो गई है। मैं छत्तीसगढ़ के तीन करोड़ लोगों की ओर से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद देता हूं।



**डोंगरपुर से जाएगी**

उन्होंने बताया कि इससे पहले रायपुर से जबलपुर जाने के लिए सिर्फ एक ही ट्रेन थी। इस मार्ग पर जाने वाली यह ट्रेन छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल डोंगरगढ़ होते हुए जबलपुर जाएगी।


**रायपुर से अपराह्न 2.45 बजे रवाना होगी**

यह ट्रेन रायपुर से अपराह्न 2.45 बजे रवाना होगी और दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़, गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर और मदन महल होते हुए रात 10.45 बजे जबलपुर पहुंचेगी और सुबह 6बजे रवाना होगी।

**गडकरी ने आंध्र को दी रफ्तार**

## 272 किलोमीटर लंबी 29 एनएच परियोजनाओं का किया लोकार्पण

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 5,233 करोड़ के निवेश के साथ 272 किमी की 29 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। गडकरी ने कहा कि इन परियोजनाओं को दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट और रेलवे क्रॉसिंग को खत्म करने, लागत को कम करने और कनेक्टिविटी को मजबूत करने में लाभ होगा।



**लॉजिस्टिक्स लागत 10 प्रतिशत**

उन्होंने देश की लॉजिस्टिक्स कॉस्ट में उल्लेखनीय गिरावट पर भी प्रकाश डाला। बेहतर सड़क बुनियादी ढांचे के कारण लॉजिस्टिक्स लागत 16 प्रतिशत से घटकर 10 प्रतिशत हो गई है और दिसंबर 2025 तक इसके 9 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। इस कमी से निर्यात दोगुना होने और रोजगार में वृद्धि होने की उम्मीद है।

**खबर संक्षेप**

### 'महादेवी' को वनतारा से वापस लाने की मांग तेज

**कोल्हापुर।** यहां 36 वर्षीय हथिनी 'महादेवी' को गुजरात के वनतारा सेंटर से वापस लाने के लिए हजारों लोग हाथों में तख्तियां लिए सड़कों पर उतरे। मांग को लेकर हजारों लोगों ने मौन मार्च किया। यह मार्च पूर्व सांसद राजू शेट्टी के नेतृत्व में नंदनी से शुरू होकर जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचा, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।



### नहीं रहे कन्नूर के 'दो रुपए वाले डॉक्टर'

**कन्नूर ।** केरल के कन्नूर में डॉक्टर एके रायरू गोपाल का उम्र संबंधी बीमारियों के कारण रविवार को निधन हो गया। वे 5 दशक से अपने क्लीनिक में मात्र दो रुपए में हजारों गरीब मरीजों का इलाज करते रहे। वे 80 वर्ष के थे और उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है। कोई उन्हें दो रुपए वाले डॉक्टर साहब कहता तो कोई कुछ और।



### डिवाइडर तोड़ फेंसिंग से टकराई बस, 10 जख्मी

**उन्नाव।** आगरा एक्सप्रेसवे पर औरास क्षेत्र में कोइलियाखेड़ा गांव के पास दिल्ली से सिद्धार्थनगर जा रही स्लीपर बस के चालक को तड़के 4 बजे झपकी लग गई। बस डिवाइडर पर चढ़ गई और दूसरी लेन में जाकर रुक गई।बस दूसरी दिशा में एल्युमिनियम गार्ड को तोड़ते हुए खंती में नहीं गिरी। 2 चालक समेत 10 यात्री घायल हो गए।



### आप सुअर से कुश्ती नहीं लड़ सकते? मोइत्रा

**कोलकाता।** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा और कल्याण बेनर्जी की लड़ाई किसी से छिपी नहीं है। महुआ पर कल्याण ने बीजेडी नेता पिनाकी मिश्रा से शादी पर आलोचना की थी। महुआ ने कहा आप सुअर से कुश्ती नहीं लड़ते क्योंकि सुअर को यह पसंद है और आप गंदे हो जाते हैं।



**ईसीआई ने कहा- आरजेडी नेता के एपिक नंबर की जांच होगी**

**'बड़बोले' तेजस्वी यादव की बढ़ीं मुश्किलें**

# दो वोटर आईडी कार्ड रखने पर चुनाव आयोग ने नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**आयोग ने कार्ड की मूल प्रति सहित सभी दस्तावेज उपलब्ध कराने को कहा**

एजेंसी ▶▶ पटना/ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनावों की तैयारियों में सभी पार्टियां जुटी हुई हैं। इस बीच आरजेडी नेता तेजस्वी यादव की मुश्किलें बढ़ती हुई दिख रही हैं। चुनाव आयोग ने उन्हें नोटिस जारी किया है और 2 वोटर आई कार्ड के संबंध में जवाब मांगा है। चुनाव आयोग के अनुसार, तेजस्वी यादव की प्रेस वार्ता के दौरान दिखाए गए ईपिक संख्या आरएबी 2916120 की जांच की जाएगी। आयोग ने तेजस्वी यादव से इसकी मूल प्रति मांगी है, जिसके लिए चुनाव आयोग ने नोटिस जारी किया है।तेजस्वी को एपिक कार्ड का विवरण (कार्ड की मूल प्रति सहित) आयोग को उपलब्ध कराने को कहा गया है ताकि इसकी गहन जांच की जा सके। यादव ने दावा किया था कि विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) के तहत जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में उनका नाम नहीं है। तेजस्वी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि उन्होंने अपने एपिक नंबर (आरएबी2916120) को चुनाव आयोग की वेबसाइट पर सर्च किया, लेकिन 'नो रिकॉर्ड फाउंड' का मैसेज आया। वहीं, ईसी ने चिदंबरम के दावे को भी नकार दिया है।




**उनका एपिक नंबर नहीं बदला**

चुनाव आयोग ने उनके दावे को खारिज कर दिया था और कहा था कि तेजस्वी का नाम वोटर लिस्ट में मतदान केंद्र संख्या 204, क्रमांक 416 पर दर्ज है। उनका वैध एपिक नंबरआरएबी 0456228 है। तेजस्वी ने जिस एपिक नंबर आरएबी 0456228 के आधार पर 2015 और 2020 के विधानसभा चुनाव लड़े, वो आधिकारिक रिकॉर्ड में मौजूद है।

**तेजस्वी ने चुनाव आयोग से फिर पूछे सवाल**

### जब 'डॉग बाबू' का निवास प्रमाण पत्र बन सकता है, तो 'सर'...



बिहार में नई ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर सियासत जारी है। तेजस्वी ने एक बार फिर से चुनाव आयोग से कई सवाल पूछे हैं। वोटर लिस्ट से 65 लाख नाम काटे जाने को लेकर तेजस्वी ने कहा कि चुनाव आयोग ने कैसे तय किया या मृत मतदाताओं, पलायन करने वालों को कैसे ढूंढा? उनकी प्रक्रिया क्या थी? क्या उन्होंने ऐसे मतदाताओं को नोटिस दिया जिनके नाम हटाए जा रहे थे? तेजस्वी ने तंज कसते हुए कहा कि जब डॉगी बाबू और मोनालिसा का आवासीय प्रमाण पत्र बनाया जा सकता है, तो फिर अंदाजा लगा सकते हैं, कि गहन पुनरीक्षण कितनी गहनता से हुआ है?

**गोगोई ने ईसी पर उठाए सवाल**

### निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता संदिग्ध संसद में चर्चा हो

**गुवाहाटी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौरव गोगोई ने आरोप लगाया निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता संदिग्ध है और यही वजह है कि विपक्षी दल संसद में मतदाता सूची के संशोधन पर चर्चा चाहते हैं। कांग्रेस की असम इकाई की विस्तारित कार्यकारिणी की बैठक शुरू होने से पहले पत्रकारों से बातचीत में यह कहा।



**चिदंबरम ने भी मढ़ा दोष**

### आयोग अपनी शक्तियों का दुरुपयोग कर रहा

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) पर जारी विवाद के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने रविवार को आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग राज्यों के चुनावी चरित्र और तरीके को बदलने की कोशिश कर रहा है। चिदंबरम ने साथ ही कहा कि इन 'शक्तियों के दुरुपयोग'का राजनीतिक और कानूनी रूप से मुकाबला किया जाना चाहिए।



**भाजपा का तेजस्वी पर हमला**

## यादव ने 2 मतदाता पहचान पत्र रखकर अपराध किया



बिहार में 'सर' पर खूब हंगामा जारी है। बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने दावा किया कि उनका नाम ही मतदाता सूची से गायब है और उन्होंने चुनाव आयोग की एसआईआर की पूरी कवायद को सवालों के घेरे में खड़ा करने की कोशिश की। इस पर भाजपा ने रविवार को आरोप लगाया कि राजद नेता ने दो मतदाता पहचान पत्र रखकर अपराध किया है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि तेजस्वी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की और इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने 1 अगस्त को बिहार में एसआईआर के बाद जो मतदाता सूची जारी की, उसे लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। वे लोगों को बरगला रहे हैं। झूठ बोल रहे हैं।

**2-2 एपिक कार्ड नंबर कैसे?**

भाजपा प्रवक्ता पात्रा ने यह भी कहा कि उसके बाद चुनाव आयोग और पटना के डीएम ने पूरी सच्चाई को जस का तस रख दिया और कहा कि तेजस्वी झूठ बोल रहे हैं। तेजस्वी का नाम मतदाता सूची में है और कटा नहीं है। उन्होंने बताया कि दीघा विधानसभा में तेजस्वी यादव का नाम पंजीकृत है और वर्तमान में पोलिंग स्टेशन नंबर 2004 में है। लाइब्रेरी बिल्डिंग एनीमल साइंस यूनिवर्सिटी और क्रम संख्या 416 में है। मगर उसके बाद जो बताया गया, वह चौंकाने वाला है।

**इंडिया ब्लॉक की बैठक**

# 7 को राहुल गांधी के घर पर कई मुद्दों पर करेगा मंथन



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया (इंडिया ब्लॉक) की अगली बैठक 7 अगस्त को कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आवास पर होगी। यह बैठक डिनर के दौरान होगी और इसमें कई अहम मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। राहुलने हाल ही में आरोप लगाया था कि 2024 के लोकसभा चुनावों में करीब 70-80 सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बहुत मामूली बहुमत से जीते हैं और यदि 15 सीटें भी सही तरीके से हुई होतीं, तो वो प्रधानमंत्री नहीं बन पाते। बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया, महाराष्ट्र में फर्जी वोटर जोड़ने का आरोप, ऑपरेशन सिंदूर, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से संभावित टैरिफ (शुल्क) धमकी पर चर्चा हो सकती है।

**पवार तेजस्वी समेत ये नेता होंगे शामिल**

पिछली बैठक 19 जुलाई को वर्चुअल हुई थी, जिसमें 24 से ज्यादा दलों के नेता शामिल हुए थे, जिसमें एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार, आरजेडी नेता और बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, जम्मू-कश्मीर के मौजूदा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे शामिल थे। इस बार फारूक अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस) ने भी पुष्टि की है कि वे बैठक में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि वे बिहार की एसआईआर प्रक्रिया पर चर्चा करेंगे, जिसे भाजपा-जेडीयू गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए उपयोग किया जा रहा है।

**क्या कह रहीं विपक्षी पार्टियां?**

शिवसेना (यूबीसी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कि चाहे वह पहलगाम आतंकवादी हमला हो या ऑपरेशन सिंदूर, सरकार कोई जवाबदेही नहीं दिखा रही है। प्रधानमंत्री ने खुद कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, लेकिन वहीं दूसरी ओर सेना और सरकार के लोग क्रिकेट खेल रहे हैं। यह शहीदों का अपमान है। उन्होंने महाराष्ट्र में 45 लाख नए वोटरों के जुड़ने और 70 लाख वोटों के अंतिम समय में डाले जाने पर सवाल उठाया। बिहार में 60 से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए जाने पर भी चिंता जताई, जिससे वोट अधिकार छिन गया है।

**झारखंड में नक्सलियों की साजिश**

## बड़ा विस्फोट कर उड़ा दी ट्रेन की पटरी, गनमैन की मौत

एजेंसी ▶▶ चक्रधरपुर

झारखंड नक्सलियों ने बड़ी साजिश रची थी। चक्रधरपुर में नक्सलियों ने विस्फोट करके रात में ट्रैक उड़ा दिया। इससे परिचालन ठप हो गया है। नक्सलियों ने करमपदा-रेजडा रेलवे साइडिंग के बीच शनिवार रात को विस्फोट किया था। इसमें एक गनमैन की मौत हो गई है। नक्सली 28 जुलाई से 3 अगस्त तक शहीद दिवस सप्ताह मना रहे हैं। नक्सलियों ने 3 अगस्त को झारखंड सहित 5 राज्य बंद बुलाया गया है। बंद को लेकर पहले से ही जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया गया है। ट्रेनों में अतिरिक्त फोर्स मुहैया कराई गई है रेलमंडल के रॉक्सी और रेंजरा के बीच सोमवार को रेल ट्रैक पर विस्फोट से एक गैंगमैन की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुआ है। हादसा नक्सलियों के ट्रैक पल लगाए गए बैनर को हटाने के दौरान सुबह 12 बजे की है।



**हमें गौरवान्वित किया**

## सीजेआई ने विश्व चैंपियन दिव्या की दादी के छुए पैर

एजेंसी ▶▶ नागपुर

देश के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने दिव्या देशमुख के घर जाकर फिडे शतरंज विश्व कप चैंपियन और ग्रैंडमास्टर बनने पर उन्हें बधाई दी। नागपुर की रहने वाली 19 साल की दिव्या देशमुख ने 28 जुलाई को जॉर्जिया के बातुमी में आयोजित महिला विश्व कप के फाइनल में टाईब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराकर सबसे कम उम्र की खिलाड़ी के तौर पर यह खिताब जीता है। दिव्या को इस उपलब्धि ने उन्हें उन्हें ग्रैंडमास्टर भी बना दिया है। सीजेआई ने दिव्या को बधाई देते हुए अपनी पुरानी यादों को ताजा किया और कहा कि उन्हें दिव्य की उपलब्धि पर गर्व है। मेरे घर की बेटी ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि पूरे देश में सम्मान समारोह होंगे। इस दौरान सीजेआई ने दिव्या की दादी के पैर छुए।



# पीएम मोदी व गृहमंत्री शाह ने राष्ट्रपति मुर्मू से कीं अलग-अलग मुलाकातें





**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इस मुलाकात में क्या चर्चा हुई, इसकी जानकारी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है। लेकिन दोनों की मुलाकात को बेहद अहम माना जा रहा है। पीएम की मुलाकात के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी शाम को राष्ट्रपति मुर्मू से मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसे समय में हुई है जब उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू हुई है। चुनाव आयोग ने एक अगस्त को उपराष्ट्रपति के चुनाव के तारीखों का ऐलान किया है। उपराष्ट्रपति के चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी।

**आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में दुखद हादसा**

**राहत-बचाव कार्य शुरू**

## ग्रेनाइट खदान धंसने से ओडिशा के 6 श्रमिकों की मौत, 3 घायल

एजेंसी ▶▶ बापटला

आंध्र प्रदेश के बापटला जिले में रविवार सुबह एक दुखद हादसा हो गया, जब एक भारी ग्रेनाइट की चट्टान खदान में काम कर रहे मजदूरों पर गिर गई। इस हादसे में 6प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 3अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सुबह करीब 10:30 बजे 10 से 15 मजदूर खदान में काम कर रहे थे, तभी अचानक एक विशाल चट्टान उन पर गिर पड़ी। शुरुआती जांच में लगता है कि बारिश या पानी के रिसाव की वजह से चट्टान कमजोर हो गई थी, जिससे वह गिर गई। घटना के समय कोई ब्लास्ट या भूकंप जैसी गतिविधि नहीं हुई थी।

**जगन मोहन ने जताई संवेदना**



पूर्व मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही दिल तोड़ देने वाली घटना है। ये मजदूर परिवारों के लिए मेहनत कर रहे थे और ऐसे में उनकी जान जाना बेहद दुखद है। उन्होंने सरकार से मांग की कि घायलों को तुरंत इलाज मिले और मृतकों के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाए।

**मुख्यमंत्री नायडू ने कहा- जांच होगी**

मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि मैंने अधिकारियों से बात की है और घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज देने के निर्देश दिए हैं। हादसे की पूरी जांच कराई जाएगी।

**राजनीति का लाभ लेने या वर्ग विशेष को खुश करने की कोशिश**

# सनातन ने देश को बर्बाद किया, यह एक विकृति विचारधारा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एनसीपी (शरद पवार) गुट के विधायक जितेंद्र आव्हाड ने सनातन धर्म पर कहा कि इसने भारत को बर्बाद किया और उन्होंने इसकी विचारधारा को विकृत करार दिया। जितेंद्र ने महाराष्ट्र के ठाणे में अपने इस बयान में उन्होंने सनातन धर्म को छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक से इनकार, संभाजी महाराज की बदनामी, ज्योतिराव फुले और सावित्रीबाई फुले पर हमले, और डॉ. बीआर आंबेडकर के साथ भेदभाव जैसे ऐतिहासिक अन्यायों का जिम्मेदार ठहराया। यह बयान मालेगांव ब्लास्ट मामले में सभी सात आरोपियों के बरी होने के बाद आया है।

**एनसीपी ने पकड़ी कांग्रेस की राह!**

## क्या शरद की पार्टी 'बेपटरी' हो रही!



इस बयान ने यह सवाल उठाया है कि क्या शरद पवार की एलसीपी अब कांग्रेस की राजनीति की राह पर चल पड़ी है? शरद का राजनीतिक स्टाइल हमेशा से रणनीतिक और लचीला रहा है। वे महाराष्ट्र की राजनीति में गूगली फेंकने के लिए जाने जाते हैं। कांग्रेस का राजनीतिक स्टाइलअल्पसंख्यक समुदायों विशेष रूप से मुसलमानों के प्रति नीति से जुड़ा रहा है। कांग्रेस ने सेक्युलरिज्म के नाम पर अल्पसंख्यक वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश की है।

**भगवान राम को मांसाहारी बोल चुके आव्हाड**

आव्हाड का इतिहास भी विवादों से भरा है। 2024 में उन्होंने भगवान राम को मांसाहारी कहा था। हालांकि, शरद पवार ने अभी तक आव्हाड के बयान पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। यह संभव है कि पवार, अपनी रणनीतिक चुप्पी के साथ, इस विवाद को अपने फायदे के लिए इस्तेमाल करें।

**भाजपा ने किया पलटवार**

### एसपी के नेता तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे

आव्हाड के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। भाजपा नेता राम कदम ने कहा कि वे तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। आव्हाड ने कहा था कि सनातन धर्म ने भारत को बदनाम कर दिया है। कदम ने कहा कि शरद के गुट के नेता का बयान शास्त्रों के अधूरे अध्ययन पर आधारित है। क्या आप सनातन धर्म को बदनाम कर रहे हैं? क्या अब आप अपनी राजनीति के लिए ऐसा करेंगे? यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जितेंद्र केवल तुष्टिकरण की राजनीति के लिए ऐसे बयान दे रहे हैं।



एयरफोर्स की बढ़ेगी ताकत

# फ्रांस से राफेल के बाद अब स्पेन से भारत को मिले 16 नए विमान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत अपने रक्षा सौदे काफी सोच-समझकर करता है। रूस भले ही भारत का भरोसेमंद पार्टनर रहा हो और वो फ्रांस से बड़े रक्षा सौदे करता है लेकिन उसे जहां भी अपनी सेना को मजबूत करके की संभावनाएं दिखती हैं, वो वहां से हथियार लेने में पीछे नहीं हटता है। इसी सिलसिले में भारत ने स्पेन से भी कुछ ऐसे एयरक्राफ्ट लिए हैं, जो उसकी सैन्य क्षमता को और भी ज्यादा बढ़ाने वाले हैं। शनिवार को भारत को स्पेन से उसका 16वां और आखिरी सी-295 सैन्य परिवहन विमान मिल गया।

यह जानकारी स्पेन स्थित भारतीय दूतावास ने दी। भारत को स्पेन से 16 ऐसे एयरक्राफ्ट मिले हैं, जो वायुसेना की ताकत बढ़ाने वाले हैं। ये एयरक्राफ्ट मल्टी रोल हैं और भारत ऐसे ही 40 एयरक्राफ्ट अपने देश में भी तैयार करने वाला है। ये सैन्य परिवहन विमान हर पुराने हो चुके एवरो विमानों को रिप्लेस करने वाला है।

**खास बातें**

- भारत को स्पेन से 16 नए सी-295 विमान मिले
- ये विमान भारतीय वायुसेना की ताकत बढ़ाएंगे
- भारत में 40 सी-295 विमान भी बनाए जाएंगे

*भारत को स्पेन से 16 ऐसे एयरक्राफ्ट मिले हैं, जो वायुसेना की ताकत बढ़ाने वाले हैं। ये एयरक्राफ्ट मल्टी रोल हैं और भारत इन्हें अपने देश में भी तैयार करने वाला है।*



### भारतीय वायुसेना की बढ़ेगी सामरिक क्षमता

सी-295 विमानों की खासियत यह है कि ये केवल सैन्य परिवहन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें बहु-उपयोगी भूमिका में तैनात किया जा सकता है. सीमावर्ती इलाकों में आपूर्ति गिराने, राहत कार्यों में सहायता, सैनिकों की त्वरित तैनाती और हवाई चिकित्सा जैसी कई जरूरतों को यह विमान पूरी तरह से पूरा कर सकता है। यह विमान भारत की वायुसेना में लंबे समय से इस्तेमाल हो रहे एनपो विमानों की जगह लेगा, जो अब तकनीकी रूप से पुराने हो चुके हैं। सी-295 इनकी तुलना में अधिक आधुनिक, विश्वसनीय और टिकाऊ है।

**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम**

*इस डील की सबसे बड़ी बात यह है कि अब भारत में 40 सी-295 विमानों का निर्माण देश के भीतर होगा। इससे न केवल स्थानीय उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रक्षा क्षेत्र में तकनीकी ज्ञान और रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। भारत के रक्षा क्षेत्र में यह एक ऐतिहासिक परिवर्तन है, क्योंकि अब निजी क्षेत्र भी सैन्य विमानों के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभा रहा है।*

**मुख्य विशेषताएं**

- *एक बार ईंधन भरने पर लगभग 11 घंटे तक लगातार उड़ान भर सकता है।*
- *यह छोटे और असमतल रनवे से भी उड़ान भर सकता है और उतर सकता है।*
- *इसमें डिजिटल कॉकपिट और उन्नत कंट्रोल सिस्टम हैं, जो उड़ान को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाते हैं।*
- *विमान को कम लागत वाले रखरखाव के साथ लंबे समय तक इस्तेमाल किया जा सकता है।*
- *71 सैनिक या 48 पैराट्रूपर्स को एक साथ ले जाने की क्षमता। जरूरत पड़ने पर इसमें मेडिकल उपकरण और स्ट्रेचर लगाकर इसे एयर एम्बुलेंस के रूप में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।*



### भारत को मिला 16वां सी-295, सौदे का पहला चरण पूरा

*शनिवार को भारत को स्पेन से आखिरी और 16वां सी-295 विमान प्राप्त हुआ. स्पेन स्थित भारतीय दूतावास ने इस बात की पुष्टि की. इसके साथ ही इस रक्षा डील का पहला चरण पूरा हो गया है। बाकी के 40 विमान अब भारत में ही बनाए जाएंगे। यह सौदा सितंबर 2021 में स्पेन की कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के साथ किया गया था।*

मझोले दर्जे का सैन्य विमान

**कठिन परिस्थितियों में भी सक्षम**

सी-295 विमान एक आधुनिक, मझोले दर्जे का सैन्य परिवहन विमान है, जो विशेष रूप से मल्टी-रोल कार्यों के लिए डिजाइन किया गया है। यह विमान 5 से 10 टन तक का भार ले जा सकता है और कठिन परिस्थितियों में भी कार्य करने में सक्षम है।

---

**खबर संक्षेप**

### रूस में 7.0 तीव्रता के झटकों से हिली धरती

**मॉस्को।** यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के अनुसार, रविवार को रूस के सेवेरो-कुरीलस्क से 121



किलोमीटर पूर्व में 7.0 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। यह भूकंप भारतीय समय के अनुसार सुबह करीब 11 बजे आया। इस भूकंप के बाद कामचटका प्रायद्वीप पर क्रशेनिनिकोव ज्वालामुखी सक्रिय हो गया है। भूकंप का केंद्र 40.8 किलोमीटर की गहराई पर था, जिसकी स्थिति 50.53 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 157.83 डिग्री पूर्वी देशांतर पर दर्ज की गई।

### कपूरथला के युवक की दुबई में टैंकर पलटने से मौत


**कपूरथला।** पंजाब के कपूरथला के रहने वाले युवक की दुबई में टैंकर पलटने से मौत हो गई। वह



नवंबर 2024 में बेहतर भविष्य और रोजगार की तलाश में दुबई गया था। जहां वह टैंकर ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। हादसा बीते कल हुआ है। जिसकी जानकारी परिजनों को आज सुबह मिली है। मृतक की पहचान नवजोत सिंह के नाम से हुई है, जो सुल्तानपुर लोधी का रहने वाला था। दुबई में हादसे के बाद नवजोत को अस्पताल भी लेकर गया था, लेकिन इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।

### न्यूयॉर्क में भूकंप के हल्के झटके

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूयॉर्क के एक क्षेत्र में शनिवार देर रात भूकंप



के हल्के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 3.0 मापी गई। न्यूजर्सी के उपनगर हैसब्रुक हाइट्स में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए, जो सेंट्रल पार्क से लगभग आठ मील (13 किलोमीटर) पश्चिम में स्थित है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार भूकंप के हल्के झटके महससू किए गए और कुछ पल के लिए हल्की सी हलचल हुई थी।

---

भगवान के दर्शन करने निकला था हिंदू परिवार

## अमेरिका में मंदिर जाते समय लापता हुए 4 भारतीयों की कार दुर्घटना में मौत



एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

न्यूयॉर्क से वेस्ट वर्जीनिया जाते समय लापता हुए भारतीय मूल के एक परिवार के चार सदस्य एक दुखद कार दुर्घटना में मृत पाए गए हैं। मरने वाले लोगों की पहचान डॉ. किशोर दीवान, आशा दीवान, शैलेश दीवान और गीता दीवान के रूप में हुई है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक उनकी हल्के हरे रंग की टोयोटा कैमरी 2 अगस्त की रात लगभग 9.30 बजे पश्चिम वर्जीनिया के मार्शल काउंटी में बिग व्हीलिंग क्रीक रोड के किनारे एक खड़ी चट्टान के पास मिली हैं।

**चारों बुजुर्गों को आखिरी बार 29 जुलाई को देखा गया था**

**सीसीटीवी के फुटेज में समूह के दो सदस्यों को रेस्टोरेंट में जाते देखा गया था**

रिपोर्ट के मुताबिक इन चारों बुजुर्गों को आखिरी बार 29 जुलाई को पेंसिल्वेनिया के एक बर्गर किंग आउटलेट पर देखा गया था। अधिकारियों ने बताया कि बर्गर किंग आउटलेट के सीसीटीवी फुटेज में समूह के दो सदस्यों को रेस्टोरेंट में अंदर जाते देखा गया था और उनके क्रेडिट कार्ड से आखिरी बार किए गए लेन-देन का भी उसी स्थान पर पता चला है।

**पहचान के बाद शव परिवार को सौंपे**

इसके बाद उनकी कार की नंबर प्लेट को पेंसिल्वेनिया स्टेट पुलिस के कैमरे ने आई-79 हाईवे पर दक्षिण की ओर जाते हुए ट्रैक किया था। मार्शल काउंटी के शेरिफ माइक डोहेर्टी ने बताया कि वाहन और शवों की पहचान के बाद परिवार को सौंप दिया गया है। पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

---

भारत की तेल सप्लाई रोकी तो चुप नहीं बैठेगा मित्र रूस

# रूस से लगातार तेल खरीदने के भारत के फैसले के साथ खड़ा हुआ चीन, डोनाल्ड ट्रंप को दी नसीहत

एजेंसी ⏭ बीजिंग

*भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और 2022 से रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है। अगर अमेरिका भारत की तेल सप्लाई में बाधा डालता है तो मॉस्को को भारी नुकसान हो सकता है।*

डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों के बावजूद भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदने का फैसला किया है। भारत ने साफ शब्दों में कह दिया है कि रूस उसका समय की कसौटी पर परखा हुआ साथी है। भारत लगातार रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा।

जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भारत के खिलाफ आग उगल रहे थे। भारत के रूस से तेल खरीदने के फैसले पर कायम रहने को लेकर चीन का साथ मिला है और चीन ने भारत की विदेश नीति को स्वतंत्र बताते हुए तारीफ की है।

मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार अमेरिका की तरफ से जुर्माने की धमकी के बावजूद रूस से तेल खरीदने में तत्काल कोई बदलाव नहीं होगा। भारत के इस फैसले पर चीन ने कहा कि भारत का यह कदम आर्थिक हितों और स्वतंत्र विदेश नीति के पालन के दो विचारों से उपजा है।



**रूस से तेल खरीदना जारी रखेगा भारत**

भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा है कि ये दीर्घकालिक तेल अनुबंध हैं। रातोंरात खरीदारी बंद करना इतना आसान नहीं है। सीनियर भारतीय अधिकारियों के हवाले से कहा है कि नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक अधिकारी ने कहा कि, सरकार ने रूस से आयात कम करने के लिए तेल कंपनियों को कोई निर्देश नहीं दिया है। भारत रूस से तेल अपनी आर्थिक जरूरतों की वजह से खरीदता है और अमेरिका की प्रेशर में आकर वो रूस से तेल खरीदना बंद नहीं करेगा। भारत अपने आर्थिक विकास के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय बनाए रखेगा।

### भारत 2022 से खरीद रहा तेल

*गुरुवार को बताया था कि ट्रंप की धमकियों के बीच भारतीय सरकारी रिफाइनरियों ने इस सप्ताह रूसी तेल की खरीद रोक दी है। दुनिया के दूसरे सबसे बड़े तेल निर्यातक रूस से भारत ने 2022 में ही बड़ी मात्रा में तेल खरीदना शुरू किया है। इसके पहले यूरोप रूस का सबसे बड़ा तेल आयातक था, लेकिन 2022 में यूक्रेन में युद्ध शुरू होने के बाद इसने रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया। इसके बाद मॉस्को ने नई दिल्ली का रुख किया और भारत एक प्रमुख आयातक बन गया। रूस की दिग्गज तेल कंपनी रोसनेफ्ट की भारत की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरियों में से एक में बड़ी हिस्सेदारी है।*

**रूस पहुंचा सकता है अमेरिका को चोट**

विश्लेषकों को डर है कि रूस की कार्रवाई से एक नया वैश्विक आपूर्ति संकट खड़ा हो सकता है। भारत अभी रोजाना 20 लाख बैरल तक तेल खरीदता है, जो वैश्विक आपूर्ति का 2 प्रतिशत है। अन्य प्रमुख खरीदार चीन और तुर्की हैं। जेपी मॉर्गन के विश्लेषकों ने कहा है कि मॉस्को के लिए भारतीय मार्ग इतना महत्वपूर्ण है कि अगर इसमें बाधा पहुंचाई गई तो वह कजाकिस्तान से सीपीसी पाइपलाइन को बंद करके जवाबी कार्रवाई कर सकता है। यहां शेवरॉन और एक्सॉन जैसी अमेरिकी तेल कंपनियों की बड़ी हिस्सेदारी है।

**राष्ट्रपति ट्रंप ने दी प्रतिबंध की धमकी**

*राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस को 10 दिनों की डेडलाइन दी है और कहा है कि अगर मॉस्को इस दौरान यूक्रेन के साथ शांति समझौता नहीं करता है तो अमेरिका रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगा देगा। इसके पहले ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जो आगामी शुक्रवार से लागू हो रहा है।*

---

क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली मूर्तियां

## जम्मू-कश्मीर में खुदाई के दौरान निकलीं 'हिंदू मूर्तियां', दो हजार साल पुरानी होने का अनुमान



एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में खुदाई के दौरान शिवलिंग समेत तमाम प्राचीन हिंदू मूर्तियां बरामद की गई हैं। शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि यह मूर्तियां ऐशमुकाम के सलिया इलाके में करकूट नाग इलाके में बरामद की गई हैं। यह इलाका कश्मीरी पंडितों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां के पंडित आमतौर पर इस इलाके को करकूट वंश से जोड़ते हैं, जिसके बारे में कहा जाता है कि इस वंश ने 625 से 855 ई.पू. तक कश्मीर पर शासन किया था।

यह जिला मुख्यालय से लगभग 16 किमी दूर है। मीडिया को मिली जानकारी के मुताबिक इस जम्मू-कश्मीर राज्य का लोक निर्माण विभाग यहां पर एक झरने के जीर्णोद्धार का काम कर रहा था, इसी दौरान मजदूरों को यह मूर्तियां मिली हैं।

**11 शिवलिंगों सहित 15 प्राचीन मूतियां मिलीं**

झरने की खुदाई में 11 शिवलिंगों सहित कुल मिलाकर 15 प्राचीन मूर्तियां मिली हैं। इन मूर्तियों के ऊपर कई देवताओं के चित्र उत्कीर्ण हैं। सभी क्षतिग्रस्त मूर्तियां एक प्राचीन मंदिर का हिस्सा मानी जा रही हैं, जो दशकों पहले यहां मौजूद था। इन मूर्तियों के बरामद होने की सूचना मिलते ही राज्य अभिलेखागार, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग के अधिकारी यहां दौरे पर आए और उन्होंने इनकी जांच की।

### एयर इंडिया के प्लेन की इमरजेंसी लैंडिंग

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु एयरपोर्ट से एक बड़ी खबर सामने आई है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट में एक



बार फिर तकनीकी खराबी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, यहां एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आएएक्स 2718 ने जैसे ही उड़ान भरी, उसमें हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी आ गई। इसके बाद फ्लाइट को तुरंत वापस केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लौटना पड़ा। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार उड़ान भरते ही हाइड्रोलिक सिस्टम में खराबी की जानकारी दी, जिसके बाद विमान को सुरक्षित रूप से बेंगलुरु एयरपोर्ट पर वापस उतारा गया।

---

हाई अलर्ट, हमले से मचा हड़कंप

## रूसी कब्जे वाले यूरोप के सबसे बड़े परमाणु प्लांट के पास ड्रोन अटैक, रेडिएशन का खतरा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

यूक्रेन के ज़ापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के पास ड्रोन हमले की खबर से हड़कंप मच गया है। हमले के बाद वहां आग लग गई और धुएं का गुबार उठता देखा गया, जिससे परमाणु रिसाव और पूरे यूरोप में रेडिएशन खतरे की चिंता पैदा हो गई है। अब तक ज़ापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र के पास हुए ड्रोन हमले की जिम्मेदारी किसी भी पक्ष ने आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं की है। चूंकि यह इलाका रूस के नियंत्रण में है, और संयंत्र की सुरक्षा रूसी बलों के हाथ में है।

**2022 से संकट का ऊर्जा केंद्र रहा है**



गौरतलब है कि ज़ापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र यूरोप का सबसे बड़ा परमाणु ऊर्जा केंद्र है और 2022 से ही यह यूक्रेन-रूस संघर्ष के बीच बार-बार संकट का केंद्र रहा है। यह हमला इस ओर इशारा करता है कि संघर्ष के दौरान परमाणु स्थलों के आस-पास की स्थिति कितनी खतरनाक हो सकती है।

**संयम बरतने की अपील की**

आईएईए के महानिदेशक ग्रोसी ने एक बार फिर चेतावनी दी कि किसी भी परमाणु संयंत्र के पास किया गया हमला चाहे निशाना कुछ भी हो परमाणु सुरक्षा के लिए एक संभावित खतरा है और इसे हर हाल में रोका जाना चाहिए। मैं एक बार फिर परमाणु स्थलों के पास अधिकतम सैन्य संयम बरतने की अपील करता हूं।

---

भारत के रिफाइनरी सेक्टर में 5जी की एंट्री, बीएसएनएल और एनआरएल का ऐतिहासिक समझौता

# भारत के डिजिटल में परिवर्तन औद्योगिक आधुनिकीकरण को मिलेगी गति

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संचार मंत्रालय द्वारा रविवार को जारी एक बयान के अनुसार, भारत संचार निगम लिमिटेड बीएसएनएल और नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड एनआरएल ने भारत के डिजिटल परिवर्तन और औद्योगिक आधुनिकीकरण को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

यह समझौता ज्ञापन बीएसएनएल और एनआरएल के लिए रिफाइनरी क्षेत्र में भारत के पहले 5जी सीएनपीएन कैप्टिव नॉन-पब्लिक नेटवर्क की स्थापना के लिए सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है, जिससे सुरक्षित, अति-विश्वसनीय और रियल-टाइम औद्योगिक कनेक्टिविटी के एक नए युग की शुरुआत होगी। यह पहल मिशन-क्रिटिकल कार्यों में स्वदेशी 5जी तकनीक की क्षमता का लाभ उठाने की ओर एक निर्णायक कदम



है बयान में बताया गया है कि यह पहल मिशन-क्रिटिकल कार्यों के लिए स्वदेशी 5जी इंफ्रास्ट्रक्चर का लाभ उठाने की दिशा में एक अग्रणी कदम है। बयान में कहा गया है कि बीएसएनएल और एनआरएल के बीच इस साझेदारी से दूसरे औद्योगिक क्षेत्रों में अनुकरणीय मॉडलों के लिए मंच तैयार होने की उम्मीद है, जिससे केंद्र सरकार के डिजिटल रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को बल मिलेगा।

**डीपीई सचिव ने इस पहल की सराहना की**

*डीपीई सचिव ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सरकार के 'संपूर्ण सरकार (डब्ल्यूओजी) दृष्टिकोण का एक उत्तम उदाहरण बताया। एनआरएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने कहा कि 5जी सीएनपीएन के इंटीग्रेशन से न केवल परिचालन दक्षता और साइबर सुरक्षा में वृद्धि होगी, बल्कि एआर/वीआर-आधारित प्रशिक्षण, डिजिटल ट्विन्स और रियल-टाइम आईओटी अनुप्रयोगों जैसी परिवर्तनकारी तकनीकों को भी सक्षम बनाया जा सकेगा। बीएसएनएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ए रॉबर्ट जे रवि ने कहा, यह साझेदारी नेक्स्ट जनरेशन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ भारत के रणनीतिक क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए बीएसएनएल की प्रतिबद्धता का उदाहरण है।*

**सीपीएसई के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए**

*गुवाहाटी में वित्त मंत्रालय की देखरेख में आयोजित 'इंडस्ट्री 4.0 वर्कशॉप' में सीपीएसई के लिए इस एमओयू पर हस्ताक्षर हुए गुवाहाटी में वित्त मंत्रालय के तत्वावधान में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए आयोजित 'इंडस्ट्री 4.0 वर्कशॉप' के दौरान इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। वर्कशॉप में कई वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के सचिव, एनआरएल के सीएमडी, बीएसएनएल के निदेशक उद्यम व्यवसाय, एनआरएल के एमडी, एमट्रॉन के एमडी और वित्त मंत्रालय तथा विभिन्न सीपीएसई के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।*

**आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बढ़ावा**

*वर्कशॉप में चर्चाओं का केंद्र सीपीएसई को परिवर्तनकारी इंडस्ट्री 4.0 तकनीकें अपनाने के लिए सशक्त बनाना रहा वर्कशॉप के दौरान हुई चर्चाओं में सीपीएसई को परिवर्तनकारी इंडस्ट्री 4.0 तकनीकों को अपनाने के लिए सशक्त बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।*

---

महंगी दवाओं से मिलेगी राहत

## अब केंद्र सरकार ने ज़रूरी दवाओं के तय किए दाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 37 ज़रूरी दवाओं की खुदरा कीमत तय कर दी है, जिससे इलाज सस्ता होगा। पैरासिटामोल, मेटफॉर्मिन, एटोरवास्टेटिन जैसी आम दवाएं अब नई दरों पर मिलेंगी। (एनपीपीए नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी) के तहत यह कीमतें जीएसटी मुक्त होंगी और सभी विक्रेताओं को नई लिस्ट दिखाना अनिवार्य होगा। तय दर से ज़्यादा वसूली पर सख्त कार्रवाई होगी।

सरकार ने आम लोगों को बड़ी राहत दी है। नेशनल फार्मास्युटिकल



प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए ) ने 37 जरूरी दवाओं की कीमतें 10 से 15 फीसदी तक कम कर दी हैं। इनमें पेरासिटामोल, एटोरवास्टेटिन और एमोक्सिसिलिन जैसी दवाएं शामिल हैं, जो दिल, डायबिटीज और इंफेक्शन से जुड़ी बीमारियों में सबसे ज़्यादा इस्तेमाल होती हैं।

# नेशनल बैंक ओपन : विक्टोरिया ने कोको गॉफ को हराकर किया उलटफेर, पोपिरिन क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| मांट्रियल

कनाडा की युवा खिलाड़ी विक्टोरिया एमबोको ने शीर्ष वरीय कोको गॉफ को हराकर उलटफेर करते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। दुनिया की 85वें नंबर की खिलाड़ी और 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया। फ्रेंच ओपन जीतने के बाद से गॉफ की पांच मैच में यह तीसरी हार है। फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद उन्हें बर्लिन और विंबलडन में पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा।

■ 18 वर्षीय एमबोको ने एक घंटा और 22 मिनट में गॉफ को 6-1 6-4 से हराया

**गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए**

मुकाबले में गॉफ ने पांच डबल फॉल्ट किए। उन्होंने पहले मैच में डेनियली कोलिन्स के खिलाफ 23 और वेरोनिका कुदरमेतोवा के खिलाफ 14 डबल फॉल्ट किए थे। मई में गॉफ ने रोम में एमकोबो के खिलाफ पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-6 6-2 6-1 से जीत दर्ज की थी। अन्य मुकाबलों में 24वीं वरीय यूक्रेन की मार्ता कोस्तयुक ने अमेरिका की मैकार्टनी केसलर को 5-7 6-3 6-3 जबकि कजाखस्तान की नौंवी वरीय एलेना रिबाकिना ने यूक्रेन की डायना यास्त्रेमस्का को 5-7 6-2 7-5 से हराया। क्वार्टर फाइनल में कोस्तयुक और यास्त्रेमस्का आमने-सामने होंगी।



## क्वार्टर फाइनल में रूण को हराया

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

ऑस्ट्रेलिया के गत चैंपियन एलेक्सी पोपिरिन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए तीन सेट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अमेरिकी ओपन की तैयारी के सिलसिले में महत्वपूर्ण इस प्रतियोगिता में 18वीं वरीयता प्राप्त पोपिरिन ने डेनमार्क के पांचवीं वरीयता प्राप्त होल्गर रूण को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया।

अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने हमवतन लर्नर टिएन को 6-3, 6-3 से हराया। मिशेलसन का अगला मुकाबला रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव से होगा, जिन्होंने नॉर्वे के आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-4, 7-5 से पराजित किया।



## खबर संक्षेप

### अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में जीते शिवम, मौसम

**बैंकॉक।** भारत के शिवम और मौसम सुहाग ने अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने वजन वर्ग में विपरीत अंदाज में जीत दर्ज की।



पुरुष 55 किग्रा वर्ग में शिवम ने तीनों राउंड में दबदबा बनाते हुए तुर्कमेनिस्तान के बेजिरगेन अनायेव को सर्वसम्मत फैसले से हराया। इसके बाद मौसम ने 65 किग्रा वर्ग में कड़े मुकाबले में कजाखस्तान के नूरकाबिलुली मुखित को 3-2 से हराया। अंडर-19 वर्ग में हालांकि शुभम को 60 किग्रा वर्ग में कजाखस्तान के तोर्तुबेक आदिलेत के खिलाफ 0-5 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

### 42वें स्थान पर खिसकी दीक्षा


**पोर्थकॉल (वेल्स)।** भारत की दीक्षा डागर लगातार दूसरे दौर में एक ओवर 73 के स्कोर से एआईजी महिला ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 28वें से संयुक्त 42वें स्थान पर खिसक गईं।



चौबीस साल की दीक्षा ने दूसरी बार इस टूर्नामेंट में कट हासिल किया है। दीक्षा ने तीसरे दौर में एक ईगल, तीन बर्डी, दो डबल बोगी और दो बोगी की। तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर एक ओवर है। इस बीच मियु यामाशिता दो ओवर 74 के स्कोर से कुल नौ अंडर के स्कोर से शीर्ष पर बरकरार हैं। चौबीसवें जन्मदिन के दिन हालांकि यामाशिता की बढ़त तीन शॉट से सिर्फ एक शॉट की रह गई।

### ईस्ट दिल्ली राइडर्स ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स को हराया

**नई दिल्ली।** रोहन राठी ने अंतिम गेंद पर छक्का जड़कर दिल्ली प्रीमियर लीग के दूसरे सत्र के पहले मैच में ईस्ट दिल्ली राइडर्स को साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स पर पांच विकेट की जीत दिलाई।
सुपरस्टार्स के 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए राइडर्स को अंतिम ओवर में 15 रन की जरूरत थी और राठी ने काव्य गुप्ता के साथ मिलकर टीम को जीत दिला दी। राइडर्स की तरफ से कप्तान अनुज रावत ने 35 गेंद में 55 जबकि मयंक रावत ने 20 गेंद में 30 रन बनाए। हार्दिक शर्मा ने 27 रन की उपयोगी पारी खेली। सुपरस्टार्स ने इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 169 रन का स्कोर खड़ा किया।




### स्कॉटिश चैलेंज : तलवार 54वें स्थान पर खिसके

**रॉक्सबर्ग।** भारतीय गोल्फर सप्तक तलवार स्कॉटिश चैलेंज के तीसरे दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 54वें स्थान पर पर खिसक गए।



तलवार ने शुरुआती दौर में पांच अंडर 66 का शानदार कार्ड खेला था लेकिन दूसरे और तीसरे दौर में एक समान 72 के कार्ड के बाद उनका कुल स्कोर तीन अंडर का हो गया। स्कॉटलैंड के डेनियन यंग सात अंडर 64 का शानदार कार्ड खेलने के बाद चार शॉट की बढ़त के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

### इंग्लैंड ने मैच के चौथे दिन लंच तक तीन विकेट पर 164 रन बनाए

# ब्रुक के आक्रामक रवैये से पहले भारत ने चटकाए दो अहम विकेट

एजेंसी ▶▶| लंदन

मोहम्मद सिराज ने आठ ओवर के शानदार स्पैल में इंग्लैंड के कप्तान ओली पोप को चलता कर पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को भारत का पलड़ा थोड़ा भारी किया लेकिन हैरी ब्रुक ने 30 गेंद में 38 रन की आक्रामक पारी से मैच को बराबरी पर ला दिया है। श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहे इंग्लैंड ने जीत के लिए रिकॉर्ड 374 रन का पीछा करते हुए मैच के चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में लंच तक तीन विकेट पर 164 रन बना लिए। टीम को जीत के लिए और 210 रन की जरूरत है जबकि भारत जीत से सात विकेट से दूर है। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 50 रन पर से आगे से की।

■ श्रृंखला में 2-1 से आगे चल रहे इंग्लैंड

मैच तीसरे दिन के आखिरी ओवर में जैक क्रॉली को आउट करने के बाद सिराज ने चौथे दिन आकाशदीप के साथ गेंदबाजी की शुरुआत की। उन्होंने गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करने की जिम्मेदारी उठाते हुए एक और शानदार स्पैल डाला। उन्होंने इस दौरान बेन डकेट और ओली पोप को कई बार परेशान किया।



### ब्रुक को मिला जीवनदान

आक्रामक बल्लेबाजी कर रहे ब्रुक को इस दौरान जीवनदान भी मिला जब प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर कैच पकड़ने के बाद मोहम्मद सिराज का पैर बाउंड्री लाइन से टकरा गया और यह छह रन में बदल गया। ब्रुक ने इससे पहले आकाशदीप के खिलाफ अपनी पारी का पहला छक्का जड़ा था। जीवनदान मिलने के बाद उन्होंने कृष्णा के खिलाफ दो बेहतरीन चौके जड़े।

### पहली बार 400 से ज्यादा बाउंड्री

इतिहास में पहली बार भारत ने किसी टेस्ट सीरीज में 400 से ज्यादा बाउंड्री लगाई हैं। इससे पहले भारत ने 1964 में एक सीरीज में 384 बाउंड्री लगाई थीं, जो रिकॉर्ड 60 साल तक कायम रहा था। सिर्फ बाउंड्री ही नहीं, भारत के बल्लेबाजों ने इस सीरीज में कुल 28 बार 50 या उससे अधिक रन बनाए हैं, जो किसी भी टीम के एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज़्यादा है।

### टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली टीमें

भारत ने 2025 एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान कुल 3,809 रन बनाए, औसत रहा 42.32। यह टेस्ट इतिहास में किसी भी टीम की दूसरी सबसे बड़ी रन-संख्या है। पहले नंबर पर है ऑस्ट्रेलिया, जिसने 1989 एशेज सीरीज़ में 6 मैचों में 3,877 रन (औसत 57.86) बनाए थे।

### टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है

## सिर्फ 'बिग थ्री' को टेस्ट क्रिकेट खेलते हुए नहीं देख सकते: गूच

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ग्राहम गूच का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही पांच मैच की कड़ी श्रृंखला दबाव झेल रहे टेस्ट प्रारुप के लिए बिल्कुल सही प्रेरणा है लेकिन उन्हें डर है कि सिर्फ 'बिग थ्री' (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों के एक-दूसरे के साथ अधिक खेलने का मौजूदा चलन अंततः बोरियत और ठहराव का कारण बनेगा।
अधिकतर टेस्ट क्रिकेट भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला जा रहा है, जो पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे के साथ खेलते हैं। वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड जैसे आर्थिक रूप से कमजोर देश केवल दो या तीन मैच की श्रृंखला में ही हिस्सा लेते हैं।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान गूच ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट को 'बिग थ्री' देशों से आगे बढ़कर फलने-फूलने की जरूरत है।
गूच ने कहा, 'मुझे लगता है कि आईसीसी को टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान देने की जरूरत है और यह देखने की




जरूरत है कि वे आर्थिक रूप से कमजोर देशों की कैसे मदद कर सकते हैं। मैं छोटे देशों की बात नहीं करूंगा, बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर देशों की बात करूंगा।' टेस्ट क्रिकेट में 8900 रन के साथ इंग्लैंड के तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज 72 वर्षीय गूच ने कहा, 'क्योंकि आपको टेस्ट क्रिकेट को बचाए रखना है। आप सिर्फ तीन टीम के बीच नहीं खेल सकते। अगर न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, दक्षिण अफ्रीका जैसी दूसरी टीम कम टेस्ट क्रिकेट खेलेंगी तो किसी के पास खेलने के लिए कोई नहीं होगा। इसलिए उन्हें खेल का पूरा समर्थन करना होगा।'

### दबाव में टेस्ट क्रिकेट

भारत और इंग्लैंड ने पांच मैच की श्रृंखला में एक-दूसरे को बेहद कड़ी टक्कर दी है और ऐसे में गूच यहां खेले गए क्रिकेट और इन नजदीकी मैचों में पैदा हुए तनाव से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, 'यह एक शानदार श्रृंखला रही है और टेस्ट क्रिकेट के लिए बेहद अच्छी है। क्योंकि हम जानते हैं कि फ्रेंचाइजी क्रिकेट दुनिया भर में छाया हुआ है और टेस्ट क्रिकेट दबाव में है।' गूच ने कहा, 'तो इस तरह की श्रृंखला में काफी रोमांच, काफी अच्छा क्रिकेट, ढेर सारे रन, शानदार गेंदबाजी, और तनाव, कभी-कभी खेल में थोड़ी-बहुत चुभन भी होती है, जिससे असल में मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।'

### क्रिकेट

## वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को हराया, दर्ज की रोमांचक जीत



एजेंसी ▶▶| लॉडरहिल (अमेरिका)

जैसन होल्डर ने चार विकेट लिए और फिर मैच की अंतिम गेंद पर चौका जड़ा, जिससे वेस्टइंडीज ने कुछ विषम पलों से गुजरते हुए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।

■ टी20 में वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को दो विकेट से हराकर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की

अनुभवी ऑलराउंडर होल्डर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 19 रन देकर चार विकेट लिए और पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरे पाकिस्तान को नौ विकेट पर 133 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान के केवल तीन बल्लेबाज हसन नवाज (40), कप्तान सलमान आगा (38) और फखर जमा (20) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।
वेस्टइंडीज की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसका स्कोर पांच विकेट पर 70 रन था, लेकिन गुडाकेश मोती (28) और रोमारियो शेफर्ड (15) ने उसे मुकाबले में बनाए रखा।

वेस्टइंडीज को जीत के लिए अंतिम गेंद पर तीन रन की जरूरत थी। होल्डर ने पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की गेंद को चार रन के लिए भेजकर वेस्टइंडीज का स्कोर आठ विकेट पर 135 रन पर पहुंचाया।

होल्डर ने 10 गेंद पर नाबाद 16 रन बनाए। पाकिस्तान की तरफ से मोहम्मद नवाज ने तीन और सैम अयूब ने दो विकेट लिए। यह वेस्टइंडीज की सात टी20 मैचों में पहली जीत है। उसे पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैच की श्रृंखला में 5-0 से हराया था।


## राहुल ने की हर मिनट इंग्लैंड श्रृंखला की तैयारी : नायर

**मुंबई।** भारत के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि लोकेश राहुल ने अपने आखिरी आईपीएल मैच के बाद हर मिनट इंग्लैंड दौरे की तैयारी में बिताया है और टीम के लिए सभी क्रम पर खेलने से मिलने वाली प्रशंसा के वह हकदार हैं। राहुल पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उन्होंने दो शतक और दो अर्धशतक की मदद से 53.20 की औसत से 532 रन बनाए और यशस्वी जायसवाल के साथ एक मजबूत सलामी जोड़ी बनाई।



कुछ समय पहले तक भारत के सहायक कोच के रूप में काम करने वाले नायर ने कहा कि वह राहुल के किए बदलावों का खुलासा नहीं कर सकते लेकिन वह वांछित परिणाम देखकर खुश हैं। नायर ने कहा, 'मैं लोकेश राहुल में देखे गए बदलावों के बारे में बात नहीं कर सकता क्योंकि इससे उसका प्रभाव काफी कम हो जाएगा।' उन्होंने कहा, 'मैं बस इतना कह सकता हूं कि जो भी बदलाव हुए हैं, वे वाकई कारगर रहे हैं।'

## विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025 ट्रायल



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एरिना में 'विश्व कुश्ती चैंपियनशिप 2025' के लिए ट्रायल के दौरान 50 किलोग्राम स्पर्धा में पहलवान अंकुश और नीलम प्रतिस्पर्धा करते हुए।

### कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराया

# ब्राजील ने जीता कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब

एजेंसी ▶▶| क्विटो (इक्वाडोर)

छह बार विश्व की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही मार्टा के शानदार प्रदर्शन की मदद से ब्राजील की महिला फुटबॉल टीम ने तीन बार पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए कोलंबिया को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर नौवां कोपा अमेरिका फेमिनिना खिताब जीता। दुनिया की सर्वश्रेष्ठ महिला फुटबॉलर 39 वर्षीय मार्टा ने 82वें मिनट में मैदान पर कदम रखा और इंजरी टाइम के छठे मिनट में गोल करके ब्राजील को 3-3 से बराबरी पर ला दिया। इसके बाद उन्होंने अतिरिक्त समय में भी गोल किया, जिससे ब्राजील ने पहली बार मैच में बढ़त बनाई।


### एंजेलिना और अमांडा ने दागे गोल

ब्राजील की तरफ से 45वें मिनट में एंजेलिना अलोंसो और 80वें मिनट में अमांडा गुटिएरेस ने भी गोल किए। कोलंबिया के लिए लिंडा कैसेडो ने 25वें मिनट में, मायरा रामिरेज ने 88वें मिनट में और सैंटोस ने गोल किए। ब्राजील की डिफेंडर टार्सियाने ने 69वें मिनट में आत्मघाती गोल भी किया।



### मार्टा ने 206 मैचों में 122 गोल किए

लेसी सैंटोस ने 115वें मिनट में गोल करके कोलंबिया को 4-4 की बराबरी पर ला दिया और मैच पेनल्टी शूटआउट में चला गया। गोलकीपर लोरेना दा सिल्वा ने शूटआउट में दो पेनल्टी बचाकर ब्राजील को महाद्वीपीय चैंपियनशिप में लगातार पांचवां खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। ब्राजील ने पिछले पांच फाइनल में चौथी बार कोलंबिया को हराया। छह विश्व कप और छह ओलंपिक खेल चुकी मार्टा ने ब्राजील की तरफ से 206 मैचों में 122 गोल किए हैं।




# बादलों के टुकड़े रात में भिगोते रहे शहर के कुछ हिस्से, जिनसे दिन में बना मौसम सुहाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


**अचानक हवाओं के साथ कुछ इलाके में हो रही बौछारों से सुबह-शाम मौसम सुहाना**

राजधानी में लगातार तीसरे दिन रविवार को मौसम का मिजाज मिलाजुला रहा। सुबह बादल, देर रात कुछ हिस्सों में अचानक काले बादल और हल्की बौछारें, दोपहर में धूप और शाम को हल्के बादलों का सिलसिला जारी है। इससे दोपहर में उमस और सुबह-शाम को मौसम खुशनुमा है।

हवा में अभी सुबह के समय 86 और शाम को 70 फीसदी तक नमी होने से मौसम का यह मिजाज अभी बना रहेगा। इस बीच तापमान में एक से दो डिग्री तक की घट-बढ़ रहेगी। रविवार को भी सुबह से हल्के बादलों का असर रहा, जबकि शाम को बादल और देर रात कुछ हिस्सों में हल्की बौछारें, बूंदाबांदी का दौर रहा।



## छुट्टी के दिन पिकनिक स्थलों पर बढ़ी भीड़



रविवार को बोट क्लब, सैरसपाटा, मनुआभान, वनविहार सहित अधिकांश पिकनिक स्पॉट्स पर आम दिनों की अपेक्षा अधिक संख्या में लोग पहुंचे। शाम को बोट क्लब पर खुशनुमा मौसम का आनंद लेने वाले सैलानियों ने झील की अटखेलियों को भरपूर लुत्फ उठाया। वहीं, दोपहर के समय कई सैलानी नाव की सवारी करते दिखे।

### आज भी छाएंगे बादल, बौछारें पड़ेंगी

सोमवार को भी शहर में सुबह बादलों का असर रहेगा, जबकि दोपहर के समस हल्की बौछारें भी पड़ सकती हैं। हालांकि, इसके बाद धूल खिलेगी और शाम से देर रात के बीच कहीं कहीं तेज हवाएं अथवा गरज चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।

**खबर संक्षेप**

## ट्रेन से टकराकर युवक की मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर में रविवार सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय युवक ट्रेन से टकरा गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि रंजीत सिंह पिता हिम्मत सिंह (30) गांव खजूरी बर्रा, थाना करारिया, जिला विदिशा का रहने वाला था। वह करोंद चौराहा पर रहता था और प्राइवेट काम करता था। रविवार सुबह वह अपने दोस्त के साथ बाइक से काम पर निकला था। भानपुर पहुंचने पर उसने दोस्त से कहा कि उसे लघुशंका आ रही है। दोस्त ने रेलवे ट्रैक के पास बाइक खड़ी की। इसके बाद बाइक से उतरकर रंजीत रेलवे ट्रैक की दूसरी तरफ जाने लगा। वह रेलवे ट्रैक पर पहुंचा ही था कि उसे ट्रेन चपेट में लेते हुए निकल गई। ट्रेन से टकराने के कारण वह उछलकर कर बाहर की तरफ गिरा था। उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। खून अधिक बहने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### भोपाल मंडल रेलवे बोर्ड के आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहा

# निशातपुरा आउटर पर एक दर्जन ट्रेनों को घंटों तक रोका जा रहा, दो से ढाई हजार यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे बोर्ड से लेकर पमरे जोन की जीएम शोभना बंदोपाध्याय की ओर से भोपाल रेल मंडल को ट्रेनों पंक्चुअलिटी को लेकर आदेश दिए जा रहे है। लेकिन भोपाल मंडल इन आदेशों को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

इसके चलते बीना से भोपाल आने वाली यात्री ट्रेनों को सुखीसेवनिया व निशातपुरा आउटर पर रोका रहा है। इससे यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को भी कई ट्रेनों को आउटर पर रोका गया। इसके चलते करीब दो हजार से अधिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तो वहीं इस मामले पर अधिकारियों का एक ही बहाना होता है कि ट्रैक पर आगे ट्रेन होने और स्टेशन पर प्लेटफार्म खाली होने की स्थिति में ट्रेन को आउटर रोका जा रहा है।

### जीएम बंदोपाध्याय ने 15 जुलाई को दिए थे निर्देश

15 जुलाई को पमरे जोन जीएम पमरे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों को ट्रेन पंक्चुअलिटी को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए थे। इसके बाद भी घंटों तक ट्रेनों को आउटर पर रोका जा रहा है।



### सात नंबर प्लेटफार्म बने तो समस्या होगी दूर

रेलवे की ओर से छह माह पहले भोपाल रेल मंडल की ओर से 700 मीटर लंबा सात नंबर प्लेटफार्म बनाने की योजना बनाई थी। लेकिन अभी तक इसका काम शुरू नहीं हो सका। इसके अलावा एक नंबर की ओर नई रेल लाइन बनाने की योजना थी। लेकिन करीब छह माह से अधिक बीतने के बाद भी इन दोनों योजना पर कोई काम शुरू नहीं किया गया।

**केस-1-** रविवार को गाड़ी संख्या 20104 आजमगढ़ - मुम्बई लोकमान्य तिलक टर्मिनस सुपरफास्ट एक्सप्रेस को निशातपुरा आउटर पर एक घंटे तक रोका रखा। इसको लेकर अभिषेक श्रीवास्तव नामक यात्री ने रेलवे को शिकायत की। इसके बाद भी काफी देर तक ट्रेन रोके रखी गई।

**केस-2** गाड़ी संख्या 12184 माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ - भोपाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस को सुखी सेवनियां स्टेशन पर काफी देर तक रोका गया। जबकि ट्रेन पहले से ही ढ़ाई घंटे की देरी से चल रही थी। इसको लेकर दीपक विश्वकर्मा नामक यात्री ने शिकायत की।

**निशातपुरा रेलवे स्टेशन पर इन ट्रेनों को रोका जाता है**

राज्यरानी, विंध्याचल, बिलासपुर - भोपाल, जोधपुर-भोपाल एक्सप्रेस सहित करीब एक दर्जन से अधिक ट्रेनें है। जिनको आए दिन निशातपुरा आउटर पर रोक दिया जाता है। इन ट्रेनों में सफर करने वाले औसतन 2000 यात्रियों को ट्रेन की लेटलतीफी से परेशान होना पड़ता है। इनमें अधिक लोग सरकारी व निजी ऑफिस के कर्मचारी होते है। ट्रेन के लेट होने से ऑफिस भी लेट हो जाता है।

## रोटरेक्ट क्लब ने मित्रता दिवस पर चलाया स्वच्छता और पौधरोपण अभियान



**भोपाल।** मित्रता दिवस के अवसर पर रोटरेक्ट क्लब ने एकजुट होकर स्वच्ता एवं पौधरोपण अभियान चलाया। यह अभियान मुरली नगर शिव दुर्गा मंदिर, करोंद में आयोजित किया गया। आयोजन का नेतृत्व रोटरेक्टर गौतम जायसवाल ने किया। इस अवसर पर उदिता राज कोटिया सिंह, गौतम शर्मा, रोटरैक्टर अमोल नेमा, ब्लूनी मेहता और रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3040 के अन्य डिस्ट्रिक्ट काउंसिल सदस्यों के मार्गदर्शन और सहयोग से यह सफल हो सका। रोटरेक्ट क्लब ऑफ टाइट एंड साइंस भोपाल के प्रेसिडेंट आलोक पटेल और सेक्रेटरी सिद्धार्थ कुमार के नेतृत्व में 18 रोटरैक्टर्स ने पूरे उत्साह और समर्पण के साथ इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाई।

# न्यू मार्केट में मनोचिकित्सक रूमा भट्टाचार्य के बैग से पर्स चोरी

**पर्स में रखे क्रेडिट कार्ड से पैसे निकालने का किया प्रयास, मिनिमम बैलेंस का मैसेज पहुंचा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू मार्केट इलाके में शॉपिंग करने पहुंची मनोचिकित्सक डॉक्टर रूमा भट्टाचार्य के बैग से अज्ञात जेबकट ने पर्स चुरा लिया। पर्स में सोने की चेन, साढ़े पांच हजार की नगदी और क्रेडिट कार्ड सहित पेन कार्ड और आधार कार्ड था। घटना के समय वह वह सोने की चेन रिपेयरिंग कराने गई थीं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जेबकट की तलाश शुरू कर दी है। दुकान का सीसीटीवी कैमरा चेक करने पर पता चला कि कैमरे में केवल रिकार्डिंग चल रही है, लेकिन रिकॉर्डिंग सुरक्षित नहीं हो रही है। पुलिस के अनुसार मनोचिकित्सक डॉ. रूमा भट्टाचार्य (55) रविवार शाम करीब चार बजे शॉपिंग करने न्यू मार्केट गई थी। उसी दौरान एक जनरल स्टोर से खरीददारी करते समय किसी ने उनके बैग में रखा छोटा पर्स चोरी कर लिया। संदेह होने पर जब उन्होंने बैग चेक किया तो उसमें पर्स नहीं था। उनका कहना है कि किसी बदमाश ने तीन से चार मिनट के बीच पर्स चोरी किया फरियादिया ने बताया कि वह अपनी पुरानी सोने की चेन भी रिपेयरिंग कराने गई थीं।

### महिला का मंगलसूत्र किया चोरी

फरियादिया डॉ. रूमा भट्टाचार्य का कहना है कि घटना के कुछ देर बाद ही उनके मोबाइल पर एसबीआई बैंक का मैसेज आ गया। मैसेज में मिनिमम बैलेंस की जानकारी दी गई थी। ऐसा प्रतीत होता है कि बदमाश ने क्रेडिट कार्ड किसी एटीएम मशीन में स्वीप करने की कोशिश की होगी। तभी मैसेज आया है। इधर ऐशबाग में भी ऑटो में सफर कर रही रीना लक्षकार का अज्ञात बदमाश ने मंगलसूत्र चुरा लिया। बैरागढ़ में भी इसी तरह एक वारदात हुई और आटो में सफर के दौरान 57 साल की गीता नाथ का पर्स मंगलसूत्र चोरी चला गया।

## राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्डः विद्यार्थियों ने किया सुपर-100 परीक्षा का पेपर हल

▸ शहर के सरोजनी नायडू कन्या विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र पर जमकर रही सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सुपर-100 योजना के तहत रविवार को परीक्षा का आयोजन किया। यह परीक्षा जिला स्तर पर हुई।

प्रदेश के सरकारी स्कूलों के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को जेईई और नीट के साथ ही क्लैट आदि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए शासन की ओर से सुपर-100 योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। इस परीक्षा के लिए जिला स्तर पर कुल 57 परीक्षा केंद्र बनाए गए।

राजधानी में सरोजनी नायडू कन्या विद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इस परीक्षा केंद्र पर पहली पाली में 196 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे, जिनमें से 180 उपस्थित रहे।




### जेईई और नीट की होगी तैयारी

पहले सत्र की परीक्षा में कक्षा 11वीं में जेईई की तैयारी के लिए एग्जाम हुआ। दूसरे सत्र में कक्षा 11वीं में नीट की तैयारी के लिए प्रवेश परीक्षा हुई। परीक्षा में चयनित स्टूडेंट्स को शासकीय सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय भोपाल और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार आश्रम इंदौर में प्रवेश दिया जाएगा।

## एसवी पॉलिटेक्निक में देर शाम तक गूंजते रहे किशोर कुमार के रंग भरे नगमे



**भोपाल।** हरफनमौला आर्टिस्ट किशोर कुमार की कल चार अगस्त को जयंती है। उनकी याद में मुस्कान म्यूजिकल ग्रुप ने एक म्यूजिकल शाम बाबू समझो इशारे का आयोजन राजधानी के एसवी पॉलिटेक्निक के हॉल में रविवार दोपहर तीन बजे से किया जो देर शाम तक चलता रहा। ग्रुप हैड मोहन बेलानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक कलाकारों ने प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के टाइटल सांग 'बाबू समझो इशारे' की प्रस्तुति उन्होंने ही दी। वहीं उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में शरद सोनी, दांडे जी, संतोष तिवारी, शक्ति, अनुपमा शुक्ला, सुरंगमा सक्सेना, अशोक मनवानी ने भी मधुर गीतों की प्रस्तुति से माहौल को खुशनुमा बना दिया। वहीं मंच संचालन प्रिया ज्ञानचंदानी ने किया।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को समर्पित होगी कर्मश्री की तिरंगा यात्रा, लाखों लोग होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हर घर तिरंगा अभियान के तारतम्य में ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित, भारत की विशाल तिरंगा यात्रा 14 अगस्त को प्रातः 10 बजे मुखर्जी नगर कोलार से संत हिरदाराम नगर बैरागढ़ तक निकाली जाएगी। इसके संबंध में रविवार को नमो शिवाय मार्ग स्थित राजपाल मयूरी गार्डन में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने कर्मश्री की महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित किया। बैठक में तिरंगा यात्रा की कार्ययोजना, जनसंपर्क रणनीति और जनभागीदारी सुनिश्चित करने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। इस बार भी बड़ी संख्या में देशभक्त इस यात्रा में शामिल होंगे। गत वर्ष यह यात्रा ऑपरेशन सिन्दूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता को समर्पित होगी।

**खास बातें**

- विधायक शर्मा ने कर्मश्री की बैठक कर भव्य तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश
- 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आतंक के आकाओं को कुचला और 'ऑपरेशन महादेव' ने आतंकियों को

### अब तक 38 हजार 400 से अधिक वाहन पंजीकृत



विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया यह अभियान हर भारतवासी के भीतर राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करता है। उन्होंने बैठक में बताया कि अब तक 38 हजार 400 से अधिक वाहनों का पंजीकरण हो चुका है तथा पंजीयन अभी भी जारी है। रोजाना हजारों लोग यात्रा में सम्मिलित होने के लिए पंजीयन करा रहे हैं।

### हर-घर तिरंगा अभियान को जन-जन तक पहुंचाएंगे

ग्रामीण स्तर पर हर घर तिरंगा अभियान में नागरिकजनों की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिन ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत घरों पर तिरंगा फहराया जाएगा, उन्हें अतिरिक्त पांच लाख रुपए की विकास निधि प्रदान की जाएगी।

### मध्यप्रदेश राज्य शतरंज प्रतियोगिता का भव्य समापन

# जबलपुर के अवध चैतन्य बने चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में आयोजित मध्यप्रदेश राज्य ओपन शतरंज प्रतियोगिता का अंतिम दिन नाटकीय मुकाबलों और भव्य पुरस्कार वितरण समारोह के साथ संपन्न हुआ। पूरे प्रदेश के 300 से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी से प्रतियोगिता ने नया कीर्तिमान बनाया।

समारोह में विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व निदेशक सीबीआई ऋषि कुमार शुक्ला, निदेशक, साई भोपाल अभिषेक सिंह चौहान एमडी मप्र बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन सिबी चक्रवर्ती, पूर्व आईएएस एसएन रूपला, अध्यक्ष, मप्र एथॉक समिति शगुरमीत सिंह, प्रतियोगिता निदेशक एवं अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी कपिल सक्सेना, अनुराग सिंह (मुख्य निर्णायक)। इन सभी ने विजेताओं को ट्रॉफी एवं नकद पुरस्कार प्रदान किए।

### प्रतियोगिता में यह रहे मुख्य वर्ग के विजेता



मुख्य वर्ग में शीर्ष 21 खिलाड़ियों में प्रथम स्थान पर अवध चैतन्य (जबलपुर) रहे, इसके बाद मिश्र कमद (जबलपुर), सूरज चौधरी (भोपाल), उत्कर्ष अग्रवाल (जबलपुर), ऋषि सोनकर (जबलपुर), पियूष रंजन दुबे (ग्वालियर), वैभव नेमा (नरसिंहपुर), मनन वाजपेयी (जबलपुर), रोहित चतुर्वेदी (इंदौर), अर्पित तिवारी (छिंदवाड़ा), निशांत कुमार पांडेय (जबलपुर), दीपक वर्मा (सीधी), रोहन चौरसिया (सीधी), शिवेन्द्र रघुवंशी (भोपाल), शिवराज सिंह तोमर (ग्वालियर), अभिनव सेन (ग्वालियर), दुष्यंत सिंह भदौरिया (ग्वालियर), यश राज सिंह भदौरिया (ग्वालियर), हितेश पटेल (छिंदवाड़ा), प्रीतम सिंह ठाकुर (जबलपुर), और आर्यन कुमार दुबे (छिंदवाड़ा) रहे। टॉप 4 खिलाड़ी अब मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में करेंगे।



### दिव्यांग श्रेणी

अलंकृता श्रीवास्तव (भोपाल-हबीबगंज) को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ नागरिक वर्ग में गणपत सिंह कीर, अनवर अजीम खान, और हरीश फूलवानी (तीनों भोपाल) को पुरस्कार दिए गए। महिला श्रेणी में प्रावी सिंह तोमर (उज्जैन), आरना चौबे (भोपाल) और अमृता चौरसिया (सागर) को क्रमशः पुरस्कृत किया गया।

**अंडर-15 श्रेणी** - कनिष्का चौधरी (भोपाल), दीप्तांश कुमार (भोपाल), और आरव मिश्रा (भोपाल) ने पुरस्कार जीते।
**अंडर-13** - अथर्व पाल्टा (भोपाल), प्रणीति चौरघड़े (भोपाल) और आरध्य गुप्ता (भोपाल) को सम्मानित किया।
**अंडर-11** - अर्नव पवार (भोपाल), अपार मकवाना (भोपाल) और विराट जायसवाल (भोपाल) विजेता रहे।
**अंडर-9 श्रेणी** - जैन मेदांत (भोपाल), आर्यांश राठौर (भोपाल), और भाव्य अग्रवाल (भोपाल) को पुरस्कार मिला।
**अंडर-7 श्रेणी** - सत्यार्थ शर्मा (भोपाल), राघव सिंह (भोपाल) और ऐकांश श्रीमाली (भोपाल) को सम्मानित किया गया।

### आंदोलन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग निंदनीयः डॉ. वीरेंद्र

## एसएससी की परीक्षाओं में अव्यवस्थाओं को लेकर एबीवीपी ने उठाई कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) परीक्षा में हुई अनियमितताओं, प्रशासनिक अव्यवस्था तथा अभ्यर्थियों के साथ हुए दुर्व्यवहार पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। एबीवीपी की ओर से कहा गया है कि पिछले महीने आयोजित एसएससी परीक्षाओं के दौरान परीक्षा केंद्र निर्धारण में गड़बड़ी, तकनीकी समस्याओं के चलते परीक्षाओं का बाधित होना तथा दिल्ली स्थित डीओपीटी कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर बलप्रयोग जैसी घटनाओं ने परीक्षा एजेंसी और पूरी प्रणाली की पारदर्शिता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सोलंकी ने कहा कि एसएससी द्वारा आयोजित परीक्षा में अनियमितता केवल प्रशासनिक अव्यवस्था नहीं, अपितु युवाओं के आत्मसम्मान और उनके भविष्य के साथ किया गया अन्याय है। अभाविप का मत है कि दोषियों पर कार्रवाई की जाए, रद्द परीक्षाओं की तिथि शीघ्र घोषित हो।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930